धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 03 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 55

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 39.9 | 29.8 |
| जमशेदपुर | 38.9 | 23.0 |
| डालटनगंज | 41.1 | 29.5 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**दो राज्यों का जनादेश**

## विधानसभा चुनाव / अरुणाचल में भाजपा की जोरदार वापसी, सिक्किम में एसकेएम को प्रचंड बहुमत

## अरुणाचल ▸ सीटें 60, भाजपा जीती 46

एजेंसी। नयी दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनावों के लिए रविवार को वोटों की गिनती की गई. 60 विस सीटों वाले अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने 46 सीटें जीत कर भारी बहुमत हासिल किया है. एनपीईपी को 5, तो कांग्रेस को केवल एक सीट मिली. वहीं, 32 सीटों वाली सिक्किम विधानसभा में सत्तारूढ़ एसकेएम (सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा) क्लीन स्वीप से केवल 1 सीट दूर रह गया. उसको 31 सीटों पर जीत मिलीं. मुख्य विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट केवल एक सीट पर जीत सकी. भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया भी चुनाव हार गए और सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग अपनी दोनों सीटों पर चुनाव हार गए.

दोनों राज्यों में तस्वीर साफ होने के बाद सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग और अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू ने राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य में नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है. उधर, अरुणाचल और सिक्किम में विजेता दलों के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं. दोनों ही राज्यों में 19 अप्रैल को वोट हुआ था. सिक्किम में कुल 79.88% मतदान हुआ था, जबकि अरुणाचल प्रदेश में 82.95% वोट डाले गए थे. सिक्किम में सत्तारूढ़ प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व वाले एसकेएम और पवन कुमार चामलिंग के एसडीएफ के बीच मुख्य मुकाबला था. भाजपा और कांग्रेस ने भी सिक्किम में अपने उम्मीदवार उतारे थे. लेकिन दोनों का खाता नहीं खुला. 2019 में तमांग के एसकेएम ने 17 सीटें जीतीं, जबकि एसडीएफ ने 15 सीटें हासिल कीं थीं. 60 सीटों वाली अरुणाचल विस में मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और कांग्रेस के बीच था. भाजपा ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं. जिन 50 सीट पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा ने 36 सीट पर जीत दर्ज की और मुख्यमंत्री पेमा खांडू निर्विरोध जीतने वाले 10 उम्मीदवारों में से एक हैं.

**दलगत स्थिति**

| अरुणाचल प्रदेश-60 | |
|---|---|
| भाजपा | 46 |
| एनपीपी | 05 |
| कांग्रेस | 01 |
| राकांपा | 03 |
| पीपीए | 02 |
| निर्दलीय | 03 |



अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू.

### पीएम मोदी ने दी अरुणाचल के लोगों को बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने भाजपा की जीत पर राज्य के लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया. उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है. अरुणाचल में भाजपा पर एक बार फिर अपना विश्वास जताने के लिए उन्हें मेरा आभार. हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उमंग के साथ काम करेगी.

## सिक्किम ▸ सीटें 32, एसकेएम ने जीती 31



सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग.

**दलगत स्थिति**

| सिक्किम | 32 |
|---|---|
| एसकेएम | 31 |
| एसडीएफ | 01 |
| भाजपा | 00 |
| कांग्रेस | 00 |
| अन्य | 00 |

▪ **दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिले, पेश किया सरकार बनाने का दावा**

### जनता के भरोसे से मिली भारी जीत : सीएम तमांग

गंगटोक में सिक्किम के सीएम एवं सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के प्रमुख प्रेम सिंह तमांग ने राज्य विधानसभा चुनाव में रविवार को पार्टी की शानदार जीत का श्रेय एसकेएम कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और उनकी सरकार के प्रति लोगों के भरोसे को दिया. एसकेएम रविवार को लगातार दूसरी बार सिक्किम में सत्ता में लौटी है. उन्होंने पलजोर स्टेडियम में एक सभा में कहा, यह लोगों के उस प्यार और विश्वास की वजह से है जिसे हम पिछले पांच साल सरकार में रहते हुए बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं. इसके अलावा, पार्टी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की. अब हम पांच साल और सिक्किम के लोगों के लिए अपना शत प्रतिशत दे सकते हैं. तमांग ने रहेनोक और सोरेंग-चाकुंग निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल की. एसकेएम ने 2019 में 17 सीट जीती थीं और एसडीएफ को सत्ता से हटा दिया था, जो लगातार 25 साल तक राज्य में सत्ता में रही थी. सिक्किम के पूर्व सीएम पवन कुमार चामलिंग ने पोकलोक-कामरंग और नामचेयबुंग सीट से चुनाव लड़ा और उन्हें रविवार को दोनों ही सीट पर हार का सामना करना पड़ा. तमांग ने कहा, मैं विपक्ष को भी धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उनकी वजह से ही हमारी पार्टी और मजबूत एवं संगठित हुई है.

---

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 |
| चांदी (किलो) | 95,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### यूपी में आए भूकंप के बड़े झटके, डरे लोग

**लखनऊ।** यूपी में फिर धरती हिली है. झारखंड से सटे सोनभद्र जिले में दोपहर में अचानक से घरों में पंखे हिलने लगे, तो लोगों में दहशत फैल गई. सभी घरों से बाहर निकल आए. पहले तो किसी को कुछ समझ ही नहीं आया. जानकारी के अनुसार सोनभद्र में दोपहर करीब 3.50 बजे अचानक से एक जोरदार झटका महसूस हुआ.

### केरल में भारी बारिश ऑरेंज अलर्ट जारी

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के कारण केरल के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार को राज्य के एर्नाकुलम जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया, जहां पिछले कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है.

### दिल्ली में पारा 52.3 कोर्ट ने लिया संज्ञान

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में हाल ही में तापमान बढ़ कर 52.3 डिग्री सेल्सियस हो जाने पर संज्ञान लेते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि वनों की कटाई के प्रति वर्तमान पीढ़ी रुख उदासीन बना रहा, तो राष्ट्रीय राजधानी एक बंजर रेगिस्तान बन जाएगी.

### ममता ने भी एग्जिट पोल को नकारा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी एग्जिट पोल को फर्जी बताया है. कहा कि एग्जिट पोल के अनुमान दो महीने पहले ही घर पर ही गढ़े गए थे. उन्होंने टीवी9 बांग्ला को बताया, हमने देखा कि 2016, 2019 और 2021 में एग्जिट पोल कैसे किए गए थे. कोई भी भविष्यवाणी सच नहीं हुई.

**लोस चुनाव 2024**

**कल आएगा जनादेश**

लोकसभा चुनाव की वोटिंग खत्म होने और एग्जिट पोल आ जाने के बाद रविवार का दिन राजनीतिक सरगर्मियों से भरा रहा. पीएम नरेंद्र मोदी ने एक दिन में सात अलग-अलग बैठकें करके अगली रणनीति पर चर्चा की. वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी दिल्ली पहुंच कर एनडीए के नेताओं के साथ चर्चा में मशगूल रहे. दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने 21 दिन की अंतरिम जमानत अवधि पूरी होने के बाद रविवार को तिहाड़ जेल पहुंच कर सरेंडर कर दिया. उधर, कांग्रेस के नेताओं ने 4 जून को होनेवाली मतगणना से पहले बैठक करके अपनी रणनीति तय की. पार्टी के नेताओं ने शाम को निर्वाचन आयोग से मिल कर मतगणना से पहले अपने सुझाव दिये और निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की मांग की. कुल मिला कर रविवार को दिल्ली से लेकर राज्यों की राजधानियों तक विपक्षी दलों के नेताओं मतगणना को लेकर अपनी-अपनी रणनीति बनाई और एग्जिट पोल से उठे बवंडर से अपने समर्थकों को सावधान किया. वहीं सत्तारूढ़ भाजपानीत एनडीए में भी सरगर्मी बढ़ी रही. मुलाकातों का दौर देर रात तक चलता रहा.

## राजनीतिक हलचल: सत्ता पक्ष-विपक्ष में बैठकों का दौर, बनी अगली रणनीति

## 295 सीटें जीत रहे: राहुल

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव के एग्जिट पोल पर अपना रिएक्शन दिया है. उन्होंने इसे मोदी मीडिया का पोल बताया. इतना ही नहीं राहुल गांधी ने एग्जिट पोल के सवाल पर कहा, आपने सिद्धू मूसेवाला का गाना सुना है? इंडिया गठबंधन की 295 सीटें आएंगी. इसका नाम एग्जिट पोल नहीं है. इसका नाम मोदी मीडिया पोल है. ये मोदी जी का पोल है. ये उनका फैंटेसी पोल है.

इससे पहले कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी प्रत्याशियों के साथ वर्चुअली बैठक की. इसमें आगे को रणनीति पर चर्चा हुई. खरगे ने प्रत्याशियों को काउंटिंग में एहतियात बरतने पर दिशा निर्देश दिए. बैठक में राहुल गांधी ने कहा, एग्जिट पोल आपका हौसला गिराने के लिए है. बराबरी का मुकाबला है और कई सीटों पर नजदीकी लड़ाई है. आखिरी वोट की गिनती तक अडिग रहना है. बैठक में खरगे के अलावा राहुल गांधी, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल भी मौजूद थे,

**चुनाव आयोग से मिले इंडिया गठबंधन के नेता :** इंडिया गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने अभिषेक मनु सिंघवी के नेतृत्व में चुनाव आयोग से मुलाकात किया. इस दौरान विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग के सामने तीन मांगे रखीं. इसके मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार वीवीपैट में पर्ची का मिलान हो. पोस्टल बैलेट की काउंटिंग पहले हो और हर राउंड के बाद प्रत्याशियों को डाटा बताया जाए, सबकी संतुष्टि के बाद ही अगले राउंड की काउंटिंग शुरू की जाए.


- राहुल ने एग्जिट पोल को कहा मोदी मीडिया पोल, कहा-सिद्धू सिद्धू मूसेवाला का गाना सुनो
- खरगे ने प्रत्याशियों के साथ की वर्चुअल बैठक, काउंटिंग में एहतियात बरतने का निर्देश



### दावे का विवरण दे कांग्रेस

चुनाव आयोग ने रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश से उस दावे को लेकर तथ्यात्मक विवरण मांगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि मतगणना से पहले गृह मंत्री अमित शाह ने 150 डीएम और कलेक्टरों से फोन करके बात की. रमेश को भेजे गए पत्र में आयोग ने कहा है कि वह अपने दावों को साबित करें. आयोग ने एक्स पर रमेश के पोस्ट का हवाला दिया जिसमें उन्होंने दावा किया था कि गृह मंत्री डीएम/कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं. अब तक उन्होंने इनमें से 150 से बात की है. यह निर्लज्ज धमकी है, जो दिखाती है कि भाजपा कितनी हताश है. चार जून को मोदी, शाह और भाजपा बेदखल हो जाएंगे. इंडिया जनबंधन की जीत होगी.

### एग्जिट पोल मनोवैज्ञानिक खेल




कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एग्जिट पोल के नतीजों को मनोवैज्ञानिक खेल करार देते हुए कहा, हम जानते हैं कि पीएम को 4 जून को जाना होगा. रमेश ने कहा कि एग्जिट पोल से माहौल बनाया जा रहा कि कांग्रेस जा रही है, इंडिया ब्लॉक हार गया है. यह मनोवैज्ञानिक दबाव बनाया जा रहा है. हम इसका विरोध करेंगे.

### एग्जिट पोल कॉरपोरेट का खेल



उधर, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने एग्जिट पोल को कॉरपोरेट खेल और फर्जीवाड़ा करार दिया है और दावा किया कि इसे जारी करने वाली मीडिया कंपनियों पर दबाव था. संजय राउत ने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन इंडिया 543 सदस्यीय सदन में 295 से 310 सीट जीतेगा और सरकार बनाएगा. उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी गठबंधन कुल 48 में से 35 से अधिक सीट जीतेगा.

### एग्जिट पोल से दे रहे जनमत को धोखा



अखिलेश यादव ने एग्जिट पोल को भाजपाई एग्जिट पोल करार देते हुए कहा कि घपले की गुंजाइश बनाने के लिए की गई ऐसी कवायद से जनमत को धोखा दिया जा रहा है. एग्जिट पोल का क्रम समझिए- विपक्ष ने पहले ही बताया था कि गोदी मीडिया भाजपा को 300 पार दिखाएगा. प्रशासन याद रखे कि जनशक्ति से बड़ा बल कोई नहीं होता.

**एक्शन मोड में पीएम मोदी**

### एक दिन में की सात बैठकें



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में वोटिंग का दौर खत्म होते ही पीएम नरेंद्र मोदी फुल एक्शन मोड में आ गये हैं. ऐसा इसलिए क्योंकि पीएम ने एक दिन में सात बैठकें कीं. ये बैठकें रविवार को हुईं, जिसमें उन्होंने नयी सरकार के 100 दिन के एजेंडे पर चर्चा की. इसके अलावा चक्रवात के हालात, हीटवेव की स्थिति, पर्यावरण दिवस समेत कई मुद्दों पर भी लंबी बैठकें कीं. मोदी ने देश के कई हिस्सों में रेमल चक्रवात से प्रभावित इलाकों की समीक्षा की. पूर्वोत्तर में चक्रवात की स्थिति को लेकर चर्चा की, इसके साथ ही हीटवेव की स्थिति पर भी प्रधानमंत्री ने समीक्षा बैठक की. इसके बाद पीएम मोदी बैक टू बैक बैठक में पर्यावरण दिवस की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की. इसके अलावा नई सरकार के 100 दिन के रोड मैप पर भी चर्चा की और कई निर्देश दिये. -पेज 12 भी देखें

**नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचे**

### भाजपा नेताओं से मिले



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार रविवार को दिल्ली दौरे पर पहुंचे. नीतीश ने भाजपा व राजग के अन्य नेताओं से मुलाकात की. पिछले डेढ़ माह से सीएम नीतीश चुनाव प्रचार में लगे हुए थे. इस दौरान उनकी तबीयत भी बिगड़ गयी थी. सोमवार को नीतीश दिल्ली से वापस लौटेंगे. बता दें बिहार के एग्जिट पोल में एनडीए में शामिल भाजपा, जदयू, लोजपा के भारी जीत का अनुमान है. राजद, कांग्रेस और वाम दलों के महागठबंधन को 10 सीटें मिलती दिख रही हैं. सूत्रों ने बताया कि वित्त आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 10 जून को पटना आ सकता है और उसके साथ बिहार सरकार की राज्य के लिए विशेष दर्जा और विशेष पैकेज की मांग पर चर्चा हो सकती है. उन्होंने कहा कि इसके अलावा बिहार के लिए केंद्रीय कोष में हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग पर भी चर्चा हो सकती है.

### केजरीवाल ने किया सरेंडर, लौटे तिहाड़ जेल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को तिहाड़ जेल जाकर सरेंडर कर दिया. इससे पहले कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित किया. सीएम ने कहा कि उन्हें फर्जी केस में फंसा कर जेल में डाला गया है. मान लिया मैं अनुभवी चोर हूं, तुम्हारे पास सबूत तो नहीं है. बिना रिकवरी के जेल में डाल दिया गया. यही तो तानाशाही है. जिसको मन करेगा, जेल में डाल दिया जाएगा. ये तानाशाही अपने देश को बर्दाश्त नहीं है. मैं तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं. हम भगत सिंह के चेले हैं. केजरीवाल ने राजघाट जाकर बापू की समाधि पर नमन किया. फिर हनुमान मंदिर जाकर पूजा-अर्चना की.



**मेरे शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए है :** सीएम ने कहा, इस बार जेल जा रहा हूं, तो पता नहीं ये लोग क्या करेंगे, मेरे साथ. मेरे शरीर का एक-एक कतरा देश के लिए है. मैं राजघाट गया. गांधी की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी, नमन किया.

एग्जिट पोल को लेकर उन्होंने कहा कि 4 तारीख को मंगलवार है. बजरंग बली हमारा भला करेंगे इनका नाश करेंगे. हमारी दुश्मनी किसी व्यक्ति विशेष से नहीं. लड़ाई तानाशाही के खिलाफ है. मैं प्रार्थना करने गया था कि बजरंगबली देश को बचाएंगे. सारे एग्जिट पोल फर्जी हैं. मेरे से लिखवा कर ले लो, सारे एग्जिट पोल फर्जी हैं.

---

**आज से वाहन मालिकों की जेबें होंगी ढीली**

## टोल टैक्स में 10 से 125 रुपये तक की वृद्धि



रवि भारती। रांची

तीन जून यानी सोमवार से वाहन मालिकों की जेबें ढीली होंगी. टोल टैक्स में न्यूनतम 10 रुपए से अधिकतम 125 रुपए तक की वृद्धि की गई है. एनएचएआई ने चुनाव समाप्त होते ही टोल दरों में बढ़ोतरी कर दी है. इसकी आम सूचना भी जारी कर दी गयी है. झारखंड में 16 टोल प्लाजा में बढ़ी हुई दर तीन जून से प्रभावी हो जाएगी.

### पुंदाग टोल प्लाजा

- कार, जीप, वैन, हल्के वाहन के सिंगल यात्रा पर 125 रुपये लगेंगे, उसी दिन वापस लौटने पर 190 रुपये लगेंगे
- **पूरे महीने में 50 सिंगल यात्रा करने पर 4205 रुपये चुकाने होंगे.**
- सिंगल यात्रा करने वाले व्यावसायिक वाहन के उसी जिले में प्रतिदिन 65 रुपये तक लिए जाएंगे.
- **हल्के कमर्शियल व मध्यम वाहनों के लिए सिंगल यात्रा में 205 रुपये, उसी दिन वापस लौटने पर 305 रुपये देने होंगे, सिंगल यात्रा पूरे माह के लिए 6790 रुपये चुकाने होंगे.**
- सिंगल यात्रा उसी दिन के लिए कार्मिशियल वाहन के लिए 100 रुपये, बस- ट्रक के लिए सिंगल जर्नी 425 रु, उसी दिन वापसी पर 640 रुपये चुकाने होंगे.
- **पूरे महीने सिंगल यात्रा के लिए 14,230 रुपये, सिंगल यात्रा उसी जिले में व्यावसायिक वाहन के लिए 235 रुपये देने होंगे.**

### किस टोल प्लाजा में कितना टैक्स

#### मांडर टोल प्लाजा

- कार,जीप जैसे छोटे वाहन को सिंगल जर्नी पर 75 रुपये, उसी दिन वापस होने पर 115 रुपये देने होंगे. पूरे माह के लिए 2515 रुपये चुकाने होंगे.
- उसी दिन व्यवसायिक वाहन को 40 रुपये, हल्के व्यावसायिक वाहन को 120 रुपये, 185 रुपये, पूरे माह 4060 व व्यावसायिक वाहन के उसी जिले से उसी दिन लौटने पर 60 रुपये चुकाने होंगे.

#### एदलहातू टोल प्लाजा

- कार-जीप के लिए 120, 180, 3975, 60 रुपये, हल्के कार्मिशियल वाहन 195, 290 रुपये, पूरे माह के लिए 6420 रुपये, उसी दिन वापस लौटने वाले व्यावसायिक वाहन से 60 रुपये, बस-ट्रक से 405, 605, 13450, 200 रुपये, थर्ड एक्सल वाहन 440, 660, 14675, 220 रुपये लिए जायेंगे.

#### नगवा टोल प्लाजा

- नगवा टोल प्लाजा हजारीबाग एनएच 33 से कार-जीप से 70, 105, 2360 (मासिक), 35 रुपये लिए जायेंगे. हल्के व्यावसायिक वाहन से 115, 170, 3815 (मासिक), 55 रुपये, बस-ट्रक से 240, 360, 7990 (मासिक), 120 इसी तरह अन्य वाहनों से टोल की अधिक वसूली होगी.

#### पुपुंकी टोल प्लाजा

- बोकारो के पुपुंकी टोल प्लाजा एनएच 32 से कार-जीप 80,120, 2705 (मासिक) व 40 रुपये, हल्के व्यावसायिक वाहन से 130, 195, 4370 रुपये व 65 रुपये, बस-ट्रक से 275, 410, 9160 व 135 रुपये, एनएच 133 पर कार-जीप 35, 50, 1085 (मासिक) व 15 रुपये, हल्के व्यावसायिक वाहन से 55, 80, 1755 (मासिक), 25, बस-ट्रक से 110, 165, 3675 (मासिक) रुपये की वसूली होगी.

#### नवासारी टोल प्लाजा

- गिरिडीह के नवासारी टोल से कार-जीप में 25, 35, 785, 10, हल्के व्यावसायिक वाहन 35, 55, 1240 (मासिक), 20, बस-ट्रक 80, 115, 2585 (मासिक), 40, गिरिडीह के कुलगो टोल से कार-जीप 130, 190, 4285 (मासिक), 65, हल्के व्यावायिक वाहन 205, 310, 6890 (मासिक), 105 रुपये वसूले जाएंगे

#### पतराटोली टोल प्लाजा

- एनएच 23 इटकी रोड में पतराचोली टोल से कार-जीप 30 रुपये, 50 रुपये, 1070 (मासिक) व 15 रुपये हल्के व्यावसायिक वाहन से 50, 80, 1725 (मासिक) व 25, बस व ट्रक से 110, 165, 3615 (मासिक), 5 रुपये चुकाने होंगे.

#### कोलपार टोल प्लाजा

- एनएच 33 कोलपारा टोल से कार-जीप 110, 160, 3600 (मासिक), 55 रुपये लिए जायंगे.

## आईएएस मनीष रंजन से आज फिर पूछताछ करेगी ईडी टीम

प्रमुख संवाददाता। रांची

टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आईएएस मनीष रंजन सोमवार को फिर से पूछताछ के लिए ईडी के हिनू स्थित जोनल ऑफिस में हाजिर होंगे. इससे पहले ईडी ने उनसे 28 मई को जोनल ऑफिस में आठ घंटे तक पूछताछ की थी. जिस दिन मनीष रंजन पूछताछ के लिए पहुंचे थे, उस दिन मंत्री आलमगीर आलम के आमने-सामने बैठाकर भी ईडी ने पूछताछ की थी. आलम उस वक्त ईडी की रिमांड पर थे.

जानकारी के अनुसार पूछताछ में मनीष रंजन ने ईडी द्वारा किए गए कुछ सवालों का जवाब तो दिया था, लेकिन कई सवालों का जवाब उन्होंने नहीं दिया था. इसके बाद ईडी ने मनीष रंजन को अपनी व परिवार की आय व संपत्ति के ब्यौरे के साथ पूछताछ के लिए सोमवार को बुलाया है. इधर ईडी कमीशन घोटाला मामले में एक और आईएएस अफसर को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी में है.

बता दें कि संबंधित आईएएस अधिकारी लंबी अवधि तक ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव रह चुके हैं और फिलहाल किसी दूसरे विभाग में सचिव पद की जिम्मेवारी संभाल रहे हैं. जल्दी ही उनको बुलाया जाएगा.

**खास बातें**

- मनीष से 28 मई को भी 8 घंटे तक पूछताछ कर चुकी है ईडी
- एक और आईएएस को समन जारी कर बुला सकती है ईडी

# चुनावी सभा : कल्पना ने सीएम को भी पछाड़ा, अपने हाथ में रखी 'इंडिया' की कमान

कौशल आनंद। रांची

पूर्व सीएम कल्पना सोरेन की राजनीति में लांचिंग चार मार्च को उनके श्वसुर गुरुजी शिबू सोरेन के जन्मभूमि रामगढ़ के नेमरा गांव से हुई. उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा. चार मार्च लेकर 31 मई तक वे जिस तेवर और अंदाज के साथ मैदान में उतरीं कि महज दो महीने में झामुमो और इंडिया गठबंधन का बड़ा चेहरा बन गयीं. हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद पार्टी और इंडिया गठबंधन को एक बड़े चेहरे और स्टार प्रचारक की जरूरत थी, जिस पर वह पूरी तरह खरी उतरी. अपने दो महीने के चुनाव अभियान में कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पछाड़ते हुए कुल 50 चुनावी सभा और साढ़े तीन सौ के करी छोटी-बड़ी चुनावी सभा और रोड शो किया. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने करीब 46 चुनावी सभा की. मुख्यमंत्री और कल्पना सोरेन झारखंड के सभी लोकसभा और ओडिशा मयूरभंज लोकसभा व विधानसभा सीट तक प्रचार करने गए. अब कल्पना सोरेन का असर जनता में किस कदर हुआ, कितना प्रभावी रहीं यह तो चार जून को पता चल पाएगा.



### चंपाई सरकार के नेतृत्व परिवर्तन की संभावना नहीं

अब झारखंड की राजनीति और झामुमो के भीतरखाने कल्पना सोरेन की नयी भूमिका को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होनी लगी हैं. यह करीब-करीब तय है कि केवल पांच महीने के लिए झारखंड में सत्ता परिवर्तन की कोई गुंजाइश नहीं है. वाकई में उनकी नयी भूमिका विधानसभा चुनाव और चुनाव के बाद उत्पन्न राजनीतिक परिस्थिति पर निर्भर होगा. अगर चार जून के बाद देश की सत्ता में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो वे इसी साल नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भी एक बड़ी स्टार प्रचारक की भूमिका में रहेंगी और उनका रोल अहम होगा. अगर इस बीच हेमंत सोरेन जेल से रिहा होते हैं तो फिर कल्पना का क्या होगा, उनकी भूमिका क्या रहेगी, हेमंत सोरेन क्या राज्य की राजनीति में पीछे से भूमिका निभाएंगे और देश की राजनीति की ओर रुख करेंगे, इन तमाम यक्ष प्रश्नों का जवाब अब चार जून के बाद ही मिल पाएगा.

### कल्पना की राजनीतिक लांचिंग चार मार्च को नेमरा गांव से हुई थी

**लांचिंग के बाद पहली दफा की उलगुलान महारैली :** उलगुलान महारैली 21 अप्रैल प्रभात तारा मैदान, धुर्वा कल्पना ने कहां-कहां की चुनावी सभा : नेमरा रामगढ़ कल्पना की लांचिंग, रांची उलगुलान महारैली, गांडेय, कोडरमा, मयूरभंज, दुमका, साहिबगंज, बरही, लातेहार, कोडरमा, रोड शो गांडेय, गिरिडीह, धनबाद, चांडिल, जमशेदपुर, नगड़ी, गोड्डा, जमशेदपुर, जमशेदपुर बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, गिरिडीह, बोरियो, अमरापाड़ा, देवघर, गोड्डा, महेशपुर, पतना, गोड्डा, अमड़ापहाड़ी दुमका, पाकुड़, बरहेट, पौड़याहाट, पाकुड़, शिकारीपाड़ा, साहिबगंज, साहिबगंज, पाकुड़िया पाकुड़, जामताड़ा दुमका, दुमका, सुंदरपहाड़ी, साहेबगंज, देवघर, जामताड़ा, सुंदरपहाड़ी दुमका, साहेबगंज, मंडरो साहिबगंज, हिरणपुर पाकुड़, अठगामा मैदान पाकुड़ व शिवापहाड़ा पतना आदि.

**मुख्यमंत्री चंपाई की चुनावी सभा :** मयूरभंज ओडिशा, जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह, बाघमारा, जमशेदुपर, जमशेदपुर, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, जमेशदपुर, चंद्रपुरा गिरिडीह, गांडेय, जमशेदपुर, बेंगाबाद गिरिडीह, गोड्डा, पोटका जमशेदपुर, पटमदा जमेशदपुर, राजमहल, दुमका, पटमदा जमशेदपुर, ओडिशा मयूरभंज, चाईबासा, राजनगर, गुमला बसिया, चाईबासा, सिंहभम चाईबासा, मझगांव चाईबासा, पोटका जमशेदपुर, चक्रधरपुर चाईबासा, जमशेदपुर, बहरागोड़ा जमशेदपुर, घाटशिला जमशेदपुर, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, चतरा, गांडेय, गिरिडीह, सिदगोड़ा जमशेदपुर, गुमला, खूंटी, चाईबासा, उलगुलान महारैली रांची, दुमका आदि.

## लोकसभा चुनाव : 4 जून की सुबह 8 बजे से झारखंड में शुरू होगी मतगणना

# 1492 टेबल पर 14 सीटों की काउंटिंग

शुभम किशोर। रांची

लोकसभा चुनाव के सातों चरण के चुनाव संपन्न हो गए. इसके साथ कई राज्यों के विधानसभा उपचुनाव भी इलेक्शन कमिशन के द्वारा कराए गए. चुनाव आयोग के अनुसार 4 जून को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी. झारखंड में चार चरणों में 14 लोकसभा पर शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुए. 14 लोकसभा सीट से 244 प्रत्याशी मैदान में थे. सभी की किस्मत ईवीएम में कैद है. 4 जून को 29 हजार 523 पोलिंग स्टेशन की काउंटिंग के लिए 14 मतगणना केंद्र बनाए गए है. जहां विधानसभावार हॉल में काउंटिंग टेबल लगाए गए है. झारखंड में कुल 81 हॉल में 1492 टेबल पर काउंटिंग की प्रक्रिया की जाएगी. इस दौरान 13 से 27 राउंड में काउंटिंग होगी.

### रांची लोस : पंडरा कृषि बाजार समिति प्रांगण

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| हटिया | 495 | 26 | 20 |
| ईचागढ़ | 340 | 20 | 17 |
| कांके | 481 | 29 | 17 |
| खिजरी | 413 | 24 | 18 |
| रांची | 370 | 24 | 16 |
| सिल्ली | 278 | 16 | 18 |

### धनबाद लोस : कृषि बाजार समिति, धनबाद

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| बोकारो | 588 | 24 | 25 |
| चंदनकियारी | 297 | 20 | 15 |
| धनबाद | 45 | 20 | 23 |
| झरिया | 346 | 20 | 18 |
| निरसा | 424 | 20 | 22 |
| सिंदरी | 426 | 20 | 22 |

### जमशेदपुर लोस : जमशेदपुर कॉ आपरेटिव कॉलेज

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| बहरागोड़ा | 264 | 14 | 19 |
| घाटशिला | 291 | 15 | 20 |
| पू. जमशेदपुर | 295 | 15 | 20 |
| प. जमशेदपुर | 330 | 16 | 21 |
| जुगसलाई | 381 | 20 | 20 |
| पोटका | 326 | 16 | 21 |

### गिरिडीह लोस : बाजार समिति हॉल, चास

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| बाघमारा | 355 | 20 | 18 |
| बेरमो | 355 | 20 | 18 |
| डुमरी | 373 | 20 | 19 |
| गिरिडीह | 367 | 20 | 19 |
| गोमिया | 371 | 20 | 18 |
| टुंडी | 368 | 20 | 18 |

### खूंटी लोस: बिरसा कॉलेज, खूंटी

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| कोलेबिरा | 270 | 20 | 14 |
| खरसांवा | 282 | 20 | 15 |
| खूंटी | 297 | 20 | 15 |
| तमाड़ | 303 | 20 | 16 |
| तोरपा | 252 | 20 | 13 |
| सिमडेगा | 301 | 20 | 16 |



### लोहरदगा लोस : गुमला पॉलिटेक्निक

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| गुमला | 313 | 18 | 19 |
| बिशुनपुर | 349 | 18 | 20 |
| मांडर | 430 | 22 | 20 |
| लोहरदगा | 324 | 18 | 18 |
| सिसई | 332 | 18 | 19 |

### पलामू लोस : जीएलए कॉलेज, डालटनगंज

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| गढ़वा | 455 | 21 | 22 |
| छतरपुर | 335 | 18 | 19 |
| डालटनगंज | 426 | 22 | 20 |
| भवनाथपुर | 502 | 25 | 21 |
| विश्रामपुर | 367 | 20 | 19 |
| हुसैनाबाद | 342 | 18 | 19 |

### सिंहभूम लोकसभा : महिला कॉलेज, चाईबासा

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| चक्रधरपुर | 236 | 14 | 17 |
| चाईबासा | 284 | 14 | 21 |
| जगन्नाथपुर | 233 | 14 | 17 |
| मझगांव | 267 | 14 | 20 |
| मनोहरपुर | 264 | 14 | 19 |
| सरायकेला | 431 | 18 | 24 |

### चतरा लोस : चतरा कॉलेज, चतरा

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| चतरा | 475 | 18 | 27 |
| लातेहार | 358 | 18 | 20 |
| मणिका | 321 | 18 | 18 |
| पांकी | 326 | 18 | 19 |
| सिमरि | 419 | 18 | 24 |

### कोडरमा लोस : एग्मीकरकेंटिंग

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| बगोदर | 454 | 18 | 26 |
| बरकट्ठा | 470 | 18 | 27 |
| धनवार | 424 | 18 | 24 |
| गांडेय | 375 | 18 | 21 |
| जमुआ | 400 | 18 | 23 |
| कोडरमा | 429 | 18 | 24 |

### हजारीबाग लोस : कृषि बाजार समिति प्रांगण

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| बरही | 400 | 20 | 20 |
| बड़कागांव | 456 | 22 | 21 |
| हजारीबाग | 486 | 22 | 23 |
| मांडू | 510 | 21 | 25 |
| रामगढ़ | 402 | 20 | 21 |

### राजमहल लोस : पॉलिटेक्निक कॉलेज, साहिबगंज

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| बरहैट | 277 | 14 | 20 |
| बोरियो | 346 | 17 | 21 |
| लिट्टीपारा | 272 | 14 | 20 |
| महेशपुर | 308 | 14 | 22 |
| पाकुड़ | 434 | 20 | 22 |
| राजमहल | 383 | 17 | 23 |

### दुमका लोस : गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, दुमका

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| दुमका | 286 | 14 | 21 |
| जामा | 270 | 14 | 20 |
| जामताड़ा | 366 | 16 | 23 |
| नाला | 332 | 16 | 21 |
| सारठ | 376 | 16 | 24 |
| शिकारीपाड़ा | 261 | 14 | 19 |

### गोड्डा लोस - गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, गोड्डा

| विधानसभा | कुल पोलिंग स्टेशन | काउंटिंग टेबल | कुल राउंड में काउंटिंग |
|---|---|---|---|
| देवघर | 460 | 18 | 26 |
| गोड्डा | 397 | 16 | 25 |
| जरमुंडी | 300 | 14 | 22 |
| मधुपुर | 409 | 16 | 26 |
| महगामा | 408 | 18 | 23 |
| पोड़ैयाहाट | 373 | 16 | 24 |

# झारखंड विधानसभा के पास पहुंचा झुंड से बिछड़ा जंगली हाथी

- पुलिस ने सायरन बजाकर और पटाखे फोड़कर जंगल में खदेड़ा
- एलिफैंट कॉरिडोर डिस्टर्ब होने से शहर में आ जा रहे हाथी

वरीय संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा के पास शनिवार की रात करीब 12.30 बजे जंगली हाथी पहुंचा और करीब दो घंटे तक विधानसभा के आसपास घूमता रहा. इस दौरान स्थानीय लोग काफी दहशत में रहे. लोगों ने जंगली हाथी के पहुंचने की सूचना पुलिस और वन विभाग को दी. सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने किसी तरह सायरन बजाकर और पटाखे फोड़कर वन विभाग की मदद से जंगली हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा. बताया जा रहा है कि नगड़ी के पास जंगल में हाथियों का झुंड घूम रहा है. उस झुंड में से एक हाथी भटक कर विधानसभा के पास पहुंच गया था. हालांकि, देर रात होने और सड़क पर भीड़ न होने के कारण हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया.



विधानसभा के पास पहुंचा हाथी.

### पहले भी शहरी क्षेत्र में झुंड से बिछड़ कर पहुंच चुके हैं हाथी

यह पहला मौका नहीं है जब हाथी शहरी क्षेत्र में आ गया. इससे पहले भी एक जंगली हाथी भटक कर एचईसी इलाके के धुर्वा टंकी साइड कॉलोनी में देर रात पहुंच गया था. उस वक्त भी इटकी के जंगलों में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा था. झुंड से बिछड़ा हाथी धुर्वा की टंकी साइड कॉलोनी की तरह आ गया ता, जिसे वन विभाग की टीम ने जंगल की ओर खदेड़ दिया था.इसके बाद 28 मार्च 2021 को रांची शहर से सटे कांके के नगड़ी और इससे सटे इलाकों में एक जंगली हाथी घुस गया था. हाथी ने कई घरों की चहारदीवारी तोड़ दी थी और पेड़ -पौधों को भी नुकसान पहुंचाया था. ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम ने हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा था.

# गजराजों पर काबू पाना वन विभाग की बड़ी चुनौती

प्रमुख संवाददाता। रांची

वन विभाग के लिए हाथियों पर काबू पाना एक बड़ी चुनौती बन गई है. बीते रात हाथी ने विधानसभा के पास अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. इससे लोगों में दहशत फैल गया. इससे पहले पूर्वी सिंहभूम में मतदान करने जा रहे 65 साल के सुरेंद्रनाथ हांसदा को पटक-पटक कर मार डाला था. पहले भी हाथियों के दहशत के कारण राजधानी के नगड़ी में धारा 144 लगाई जा चुकी है. उस वक्त वन विभाग वन संरक्षक की अध्यक्षता में चार मंडलों में वन अधिकारियों की एक समिति बनाई थी, जो इस बात की जांच कर रही थी कि झुंड से बिछड़ा एक हाथी अचानक इतना उग्र क्यों हो गया? लेकिन अब तक यह रिपोर्ट भी पूरी तरह से तैयार नहीं हो पाई.

**ठोस रणनीति नहीं :** हाथियों पर काबू पाने के लिए वन विभाग योजनाएं तो बना रहा है,लेकिन वह कारगर साबित नहीं हो पा रही हैं और इस विफल योजना की भरपाई आम लोग अपनी जान माल दे कर चुका रहे है. इसकी वजह यह है कि हाथियों के पुनर्वास का अभाव भी इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा दे रहा है.

### नहीं बन पाया कोरिडॉर, जीआइएस मैपिंग भी हुई

हाथियों के भ्रमण के लिए कॉरिडोर (एक प्राकृतिक स्थल से दूसरे प्राकृतिक स्थल तक) तैयार किया जाना था, इसके लिए जीआइएस मैपिंग भी हुई, लेकिन यह कॉरिडोर अब तक नहीं बन पाया है. राज्य के अंदर पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, गिरिडीह और दुमका में कॉरिडोर बनाना था. वहीं अंतरराज्यीय कॉरिडोर ओडिशा-चाईबासा, ओडिशा- सारंडा, पूर्णिया-दलमा और सरायकेला- बंगाल में बनाया जाना था. लेकिन यह योजना भी धरी की धरी रह गई.

### झारखंड के 555 गजराजों ने ले ली 500 लोगों की जान

झारखंड में अब सिर्फ 555 हाथी ही बचे हैं. जो देश के जंगली हाथियों की कुल संख्या का सिर्फ 11 फीसदी ही हैं. ये हाथी पिछले पांच साल में 500 लोगों की जान ले चुके हैं. वहीं विभिन्न कारणों से राज्य में अब तक 55 हाथियों की भी मौत हो चुकी है.

### सबसे अधिक झारखंड में हाथियों ने ली है जान

केंद्रीय वन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक झारखंड में हाथियों ने पिछले पांच साल में 500 लोगों की जान ली है. पड़ोसी राज्य ओडिशा में 499 लोगों ने, असम में 385 और पश्चिम बंगाल में 358 लोगों ने हाथियों के हमले में जान गंवायी है.

### 55 हाथियों की भी हो चुकी है मौत

झारखंड में वन विभाग के आंकड़े के मुताबिक अब तक 55 हाथियों की भी मौत हो चुकी है. बिजली के करंट की चपेट में आने से अब तक 25 हाथियों की मौत हो गई, जबकि शेष हाथियों के रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों की चपेट में आने और तस्करों की वजह से हुई है.

# चीफ सेक्रेट्री रैंक के पांच आईएएस सहित नौ अफसर होंगे रिटायर

प्रमुख संवाददाता। रांची

अगले छह महीने में झारखंड कैडर के नौ आइएएस रिटायर हो जाएंगे. इसमें चीफ सेक्रेट्री रैंक के पांच अफसर शामिल हैं. इस साल चीफ सेक्रेट्री रैंक के तीन आइएएस रिटायर हो चुके हैं. मार्च माह में सुखदेव सिंह और राजीव अरूण एक्का व अप्रैल में एसकेजी रहाटे रिटायर हो चुके हैं. इसके अलावा अप्रैल माह में अंजनी कुमार दुबे और मई माह में चंद्रकिशोर उरांव व संजय सिन्हा रिटायर हो चुके हैं.

### झारखंड में चीफ सेक्रेट्री रैंक के सिर्फ तीन अफसर

झारखंड में चीफ सेक्रेट्री रैंक के सिर्फ तीन अफसर ही कार्यरत हैं. इसमें मुख्य सचिव एल खियांग्यते, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार और सुरेंद्र सिंह शामिल हैं. सुरेंद्र सिंह श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, झारखंड, रांची के महानिदेशक पद पर पदस्थापित हैं. वे इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे. 23 अप्रैल को उन्हें केंद्र सरकार से वापस झारखंड भेज दिया गया था.

**कौन अफसर कब होंगे रिटायर**

| नाम | रिटायरमेंट की तिथि |
|---|---|
| राजीव गौबा | 30.08.2024 |
| एनएन सिन्हा | 31.07.2024 |
| एल खियांग्यते | 31.10.2024 |
| एमएस भाटिया | 30.09.2024 |
| सुरेंद्र सिंह | 30.06.2024 |
| आलोक त्रिवेदी | 31.08.2024 |
| अमित प्रकाश | 31.12.2024 |
| राजू रंजन राय | 31.12.2024 |
| अनिल कुमार | 30.06.2024 |

## विडंबना : झारखंड में विशेष सचिव तक ही सिमट कर रह जाते हैं आइएफएस अधिकारी

# राज्य प्रतिनियुक्ति के लिए आईएफएस अफसरों के पद सूचीबद्ध नहीं

रवि भारती। रांची

राज्य गठन के 24 साल बाद भी राज्य प्रतिनियुक्ति के लिए आइएफएस अफसरों का पद सूचीबद्ध नहीं हो पाया है. नियमतः 25 फीसदी आईएफएस अफसरों को राज्य प्रतिनियुक्ति में लिया जाना जरूरी है. इस हिसाब से राज्य प्रतिनियुक्ति में 21 आइएफएस की तैनाती होनी चाहिए. वहीं केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में आईएफएस के 20 फीसदी पद हैं. इस हिसाब से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में 17 आईएफएस की तैनाती होनी चाहिए. पद सूचीबद्ध नहीं होने के कारण राज्य प्रतिनियुक्ति में में विशेष सचिव तक ही आइएफएस अफसर सिमट कर रह जाते हैं.




**सीएस रैंक के अफसर को मिलता है स्पेशल सेक्रेट्री का पद :** सीनियर डीएफओ का पद स्पेशल सेक्रेट्री के बराबर का होता है. वहीं, झारखंड में पीसीसीएफ (प्रधान मुख्य वन संरक्षक) रैंक के अफसर राज्य प्रतिनियुक्ति पर स्पेशल सेक्रेट्री का काम करते हैं. पीसीसीएफ का पद चीफ सेक्रेट्री रैंक के बराबर का होता है. वहीं कर्नाटक, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित अन्य कई राज्यों में आइएफएस को सचिव का पद मिला हुआ है.

### कैडर रिव्यू में भी फंसा है पेच

आईएफएस अफसरों के कैडर रिव्यू की प्रक्रिया वर्ष 2009 में ही पूरी की जानी थी. कैडर रिव्यू नहीं होने के कारण टॉप से लेकर बॉटम तक के अफसरों की प्रोन्नति बाधित हो रही है. आइएफएस अफसर प्रशासनिक व पुलिस सेवा के अफसरों से पीछे हो गये हैं. दूसरी बड़ी वजह विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक का नहीं होना भी है. भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के कैडर रूल के अनुसार, प्रत्येक पांच साल में राज्य सरकार को संवर्ग की पुर्नसमीक्षा का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजना अनिवार्य है. इसके आधार पर भारत सरकार पुर्नसमीक्षा की अधिसूचना जारी करती है. झारखंड में भारत सरकार ने पुर्नसमीक्षा के लिए कई बार रिमाइंडर भेजा, लेकिन राज्य सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की.

### वन विभाग कौन सा पद किसके बराबर

| | |
|---|---|
| आईएएस - | आईएफएस |
| सचिव - | मुख्य वन संरक्षक |
| प्रधान सचिव - | अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक |
| मुख्य सचिव - | प्रधान मुख्य वन संरक्षक |

### केस नं. 01

**बीसी निगम :** पीसीसीएफ रैंक के अफसर होते हुए भी राज्य सरकार में विशेष सचिव के पद पर तैनात रहे.

### केस नं. 02

**एके रस्तोगी :** पीसीसीएफ रैंक के अफसर होते हुए भी राज्य सरकार में विशेष सचिव के पद पर तैनात रहे.

### राज्य में आइएफएस की संरचना

| | |
|---|---|
| वरिष्ठ ड्यूटी पोस्ट : | 87 |
| राज्य प्रतिनियुक्ति : | 21 |
| केंद्रीय प्रतिनियुक्ति : | 17 |

### मानव तस्करी-अपहरण के आरोपी के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

रांची। मानव तस्करी, दुष्कर्म और अपहरण सहित अन्य मामलों में सजा काट रहे सुशील खाखा की मौत 23 जुलाई 2019 को रिम्स में इलाज के दौरान हो गयी थी. मानवाधिकार आयोग की अनुशंसा के बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने सिमडेगा डीसी को सुशील खाखा के परजिनों को पांच लाख का मुआवजा देने का निर्देश दिया है. मुआवजा राशि सुशील खाखा की पत्नी प्रभा खाखा को दी जायेगी. सुशील खाखा सिमडेगा जिला के कुरडेग थाना क्षेत्र के नवापाड़ा गांव का रहनेवाला था. उसे साल 2016 में मानव तस्करी, दुष्कर्म और अपहरण सहित अन्य मामलों में कोर्ट ने दोषी पाकर सजा सुनायी थी. पहले उसे सिमडेगा जेल में रखा गया था. लेकिन फरवरी 2019 में उसे सिमडेगा जेल से बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार लाया गया था. जुलाई माह में अचानक तबीयत खराब होने पर उसे इलाज के लिए रिम्स लाया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी थी. उसकी मौत के बाद स्थानीय स्तर पर काफी विरोध जताया गया और जल्द उचित मुआवजा दिलाने के लिए विभाग से मांग भी गयी. इसी के मद्देनजर निर्देश जारी किया गया है.

क्लासिफाइड









राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, सोमवार 03 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 55

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### महिला का क्षत विक्षत शव बरामद

**बराकर।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नर के कुल्टी थाना के नियामतपुर फाड़ी के सोदपुर क्षेत्र कार्यालय से सटे एक जलाशय के समीप एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलने पर नियामतपुर फाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया. महिला का नाम सुमन कुमारी (37) बताया जा रहा है. उसके परिजनों ने बताया कि बीते 28 तारीख को वह हर दिन की तरह सुबह घर से निकली थी लेकिन फिर घर नहीं लौटी.

### रंगदारी : निगम के मजदूर को पीटा

**झरिया।** झरिया थाना क्षेत्र के थाना मोड़ निवासी मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा ने झरिया थाना में जान मारने के नियत से मारपीट और रंगदारी मांगने का लिखित शिकायत दर्ज कराया है. मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा ने बताया कि वह धनबाद नगर निगम का ठेकेदार हैं. शनिवार की शाम को नीचे राजबाड़ी में नाली निर्माण कार्य चल रहा था. जिसमें मजदूर गुड्डू साव (26 वर्ष), सरोकित सरकार (27 वर्ष) दोनों कार्य कर रहे थे. इस दौरान जीतपुर निवासी प्रसाद कंगाली अपने समर्थकों के साथ आकर धमकाते हुए मजदूर गुड्डू साव से बीस हजार रूपए रंगदारी मांगने लगा. रंगदारी नहीं देने पर काम बंद करवा दिया. जिसपर गुड्डू ने कहा कि ठेकेदार से बात कर ले, इस पर प्रसाद कंगाली भड़क गया और मारपीट करने लगा.

### चिरकुंडा थाना में शांति समिति की बैठक

**चिरकुंडा।** लोकसभा चुनाव में मतगणना के दिन शांति व अमन चैन कायम रहने को ले चिरकुंडा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक में कहा गया कि मतगणना में रिजल्ट के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे व किसी प्रकार की राजनीतिक मतभेद का असर क्षेत्र में शांति व्यवस्था पर ना पड़े. बैठक की अध्यक्षता चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह व संचालन मानिक लाल गोराई ने किया. थाना प्रभारी सिंह ने कहा कि रिजल्ट के समय शहर की विधि व्यवस्था खराब न हो.

### पांच टन अवैध कोयला जब्त

बरवाअड्डा। गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने तिलैया जंगल में छापेमारी कर पांच टन अवैध कोयला जब्त किया. पुलिस की भनक लगते ही अवैध कोयला कारोबारी भाग निकला. इस संबंध में थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि ने बताया कि सूचना मिली थी कि तिलैया स्थित जंगल में कोयला की अवैध कारोबार चल रहा है. सूचना पर तिलैया स्थित जंगल में छापेमारी कर पांच टन अवैध कोयला जब्त कर थाना लाया गया है.

**उपद्रवियों पर पुलिस की कार्रवाई :** मधुबन थाना परिसर में गोलीबारी-पथराव को लेकर दो प्राथमिकी दर्ज

# कांग्रेस नेता गुड्डू समेत 150 बने वारदात के नामजद अभियुक्त

**खास बातें**

- वारदात के बाद पुलिस हुई सख्त, आरोपियों की गिरफ्तारी लगातार छापामारी
- एक दर्जन को हिरासत में लिया, वारदात में संलिप्तता की हो रही जांच

संवाददाता। मधुबन

मधुबन थाना के समीप शनिवार को हुए गोलीबारी तोड़फोड़ व पत्थरबाजी मामले में पुलिस दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है. पुलिस ने कोईरीडीह निवासी राकेश रोशन की लिखित शिकायत पर खरखरी बस्ती के कांग्रेस नेता शेख गुड्डू,सहित पांच नामजद व 150 सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध पर हरवे हथियार से लैस होकर जानलेवा हमला करना, मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त करना तथा अवैध हथियार से हमला करने का आरोप लगाया है. दूसरी प्राथमिकी मधुबन थाना प्रभारी जय प्रकाश की लिखित शिकायत पर दर्ज हुई है. इस प्राथमिकी में खरखरी बस्ती के शेख गुड्डू सहित दस नामजद व 150 अज्ञात लोगों के विरुद्ध नाजायज मजमा बनाकर हरवे हथियार से लैस होकर पुलिस पर हमला कर जख्मी करने, व सरकारी कार्य में बाधा डालने, मालखाना में जब्त वाहन को क्षतिग्रस्त करने व अवैध हथियार से फायरिंग करने का आरोप लगा है. उक्त दोनों मुकदमे दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है. पुलिस ने खरखरी कॉलोनी, खरखरी नारायण धौड़ा, खरखरी बस्ती से तेरह युवकों को हिरासत में लेकर अलग-अलग थानों में रखा है और उसने पूछताछ कर रही है. पकड़े गए युवको को परिजन सुबह से ही थाना में निर्दोष युवकों को छोड़ देने का गुहार लगाते हुए बैठे हैं.

बताते चलें कि शुक्रवार को मधुबन में बिजली विवाद को लेकर दो गुटों में मारपीट हो गई थी. एक गुट बेहराकुदर और दूसरे गुट में खरखरी बस्ती, नारायण धौड़ा और खरखरी कालोनी के लोग शामिल थे. शुक्रवार को विवाद के बाद बेहराकुदर के लोग थाने में धरना दे रहे थे, इसी बीच बस्ती और धौड़ा के लोगों ने हरवे-हथियार के साथ उन लोगों पर हमला कर दिया था. इसी क्रम में पुलिस के साथ भी हाथापाई हुई थी और वाहनों में तोड़फोड़ की गई थी. थाना प्रभारी समेत कई पुलिस वाले जख्मी हुए थे. विवाद के बाद दोनों गुटों में अभी भी तनाव कायम है और अभी तक इन इलाकों में बिजली भी नहीं आ सकी है.

### नहीं बख्शे जाएंगे दोषी : थाना प्रभारी

मधुबन थाना प्रभारी जय प्रकाश ने कहा कि मामले में दो कांड अंकित किया गया है. आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. उन्होंने कहा कि कानून हाथ में लेने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा.

### बवाल के बाद भी अंधेरा कायम

मधुबन में हुए इस पूरे विवाद के पीछे का कारण यहां की बिजली समस्या है. बिजली समस्या और गर्मी के कारण लोग परेशान थे और इसी बीच एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की लाइन काट दी थी. इसी में विवाद हो गया और बात बढ़ गई. दोनों पक्षों से विवाद में कई गांवों के लोग शामिल हो गए और इस विवाद को बड़ा रूप मिल गया. हैरान करने वाली बात ये है कि जिस बिजली को लेकर आधा दर्जन गांवों के लोगों के मारपीट व बवाल हुआ. उन गांवों में से कई इलाके आज भी अंधेरे में हैं. यहां के लोग पहले बिजली नहीं रहने से बाहर में नहीं रह पा रहे थे, अब पुलिस की छापेमारी के कारण लोगों को घर छोड़कर भागना पड़ रहा है. लोगों को अंदाजा नहीं था कि बिजली के लिए लड़ी जा रही छोटी सी लड़ाई का ये रूप सामने आएगा.

### ससुराल से युवती गायब, हरिहरपुर थाना में शिकायत

**गोमो :** हरिहरपुर थाना अन्तर्गत खरियो रेलवे फाटक समीप ससुराल से पुत्री के गायब होने की शिकायत करमाटांड़, बलियापुर निवासी पिता साधन कुम्भकार ने रविवार शाम हरिहरपुर थाना गोमो में किया है. उन्होंने बताया कि पुत्री करुणा का विवाह विजय कुम्भकार से हुआ है. दो वर्ष का पुत्र भी है. शनिवार से ससुराल में नहीं है. उसका मोबाइल बंद बता रहा है. बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था. वे रविवार को मिलने के लिए बेटी के ससुराल खरियो पहुंचे तो दामाद विजय कुमार नहीं मिला, बेटी के भैसूर अबोध कुम्भकार ने कहा कि वह कहीं निकल कर चली गई है. पिता ने इस मामले की जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है.

# मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में, पीसीआर व क्यूआरटी की तैनाती

## कृषि बाजार में 16 व ट्रैफिक के लिए 13 मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति

- मतगणना स्थल के करीबी इलाकों में रहेगी पुलिस बल की तैनाती

संवाददाता। धनबाद

कृषि बाजार समिति स्थित मतगणना केंद्र में मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर कृषि बाजार प्रांगण में 16 मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी तथा यातायात व्यवस्था के लिए 13 मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है. मतगणना स्थल पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृषि बाजार के गेट नंबर 1 से गेट नंबर 6 तक, चंदनकियारी, झरिया, निरसा, सिंदरी, धनबाद तथा बोकारो के मतगणना हॉल के इलेक्शन एजेंट प्रवेश द्वार, चंदनकियारी विधानसभा के स्ट्रांग रूम, पोस्टल बैलट के लिए बनाए गए मतगणना हॉल, बीएसएफ के अवसान सहित 16 स्थान पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है. मतगणना के दिन ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेमको मोड़, कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के पास, कलेक्ट्रेट के अंदर पार्किंग स्थल, कलेक्ट्रेट मुख्य द्वार से ड्राइविंग स्कूल तक रूट लाइनिंग, ड्राइविंग स्कूल से कृषि बाजार समिति मुख्य द्वार तक रूट लाइनिंग, कृषि बाजार से निरंकारी चौक तक, निरंकारी चौक, कमल कटेसरिया स्कूल के कटिंग पॉइंट, मेमको मोड़ से गोल बिल्डिंग की तरफ जाने वाली सड़क, मेमको मोड़ से कुर्मीडीह की ओर जाने वाली सडक, निरंकारी चौक से कुर्मीडीह की तरफ जाने वाली सड़क तक रूट लाइनिंग व ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी व लाठी बाल की प्रतिनियुक्ति की गई है.



### मोटरसाइकिल स्क्वाड रहेगा भ्रमणशील

मतगणना के दिन, 4 जून को, मतगणना कार्य की समाप्ति तक मेमको मोड़ चौक से निरंकारी चौक तक जाने वाली सड़क में आम जनता के लिए वाहन लेकर आवागमन बंद रहेगा. साथ ही मतगणना केंद्र के आसपास के क्षेत्र में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोटरसाइकिल स्क्वाड भी भ्रमणशील रहेगा. इसके अलावा कृषि बाजार समिति तथा स्ट्रांग रूम की आंतरिक सुरक्षा के लिए क्विक रिस्पांस टीम (क्यूआरटी), कृषि बाजार समिति के मुख्य प्रवेश द्वार पर पुलिस कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा. पुलिस कंट्रोल रूम के पास प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए मीडिया सेंटर रहेगा.

### उपायुक्त ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने रविवार को दोपहर कृषि बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने पोस्टल बैलट काउंटिंग हॉल के साथ-साथ विधानसभा वार बनाए गए स्ट्रांग रूम तथा ईवीएम काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया. इस क्रम में काउंटिंग हॉल में मतगणना कर्मियों के



बैठने, एआरओ टेबल, कंप्यूटर सिस्टम सेटअप, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, लाइट, पंखे, स्ट्रांग रूम से हॉल तक पहुंचने वाले मार्ग में बैरिकेडिंग इत्यादि का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एसडीओ उदय रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, पोस्टल बैलेट कोषांग के संजय कुमार झा व अन्य लोग मौजूद थे.

### ईवीएम व पोस्टल बैलेट से वोटों की गिनती करने का प्रशिक्षण

धनबाद। 4 जून को कृषि बाजार समिति में लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) तथा पोस्टल बैलट से हुए मतदान की गिनती की जाएगी. लोकसभा चुनाव की तरह त्रुटि रहित मतगणना के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर रविवार को न्यू टाउन हॉल में पोस्टल बैलट तथा श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट (एसएसएलएनटी) महिला महाविद्यालय में ईवीएम से मतगणना के लिए माइक्रो आब्जर्वर, काउंटिंग सुपरवाइजर तथा काउंटिंग असिस्टेंट को प्रशिक्षण दिया गया. इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनाव टीम वर्क से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ उसी प्रकार चुनाव के अंतिम चरण में मतगणना भी टीम वर्क से सफलतापूर्वक संपन्न होगी. उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलट की गिनती में सभी कर्मी वेलिड एवं इनवेलिड वोट की गिनती के तरीके का अच्छे से प्रशिक्षण लेंगे. अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी पोस्टल बैलट के एआरओ है. कोई समस्या आने पर उनसे संपर्क कर समाधान करें. प्रशिक्षण के दौरान एसडीओ उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी व अन्य लोग मौजूद थे.

**टीम वर्क से सफलतापूर्वक संपन्न होगी मतगणना - उपायुक्त**

#### मतगणना के दिन सुबह पांच बजे करें रिपोर्ट

उपायुक्त ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया को संपन्न कराने में हर कर्मी का महत्वपूर्ण दायित्व है. इसलिए प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान से सुने. फलस्वरूप हर कर्मी सरलता से अपने कार्य का निर्वाहन कर सकेंगे. उपायुक्त ने कहा कि मतगणना के दिन सभी कर्मी सुबह 5 :00 बजे कृषि बाजार में रिपोर्टिंग करेंगे. जिला प्रशासन द्वारा जारी फोटो युक्त आइडेंटी कार्ड अवश्य पहन कर आएंगे. बिना आइडेंटी कार्ड के सुरक्षा बल द्वारा उन्हें एंट्री नहीं दी जाएगी. यदि कोई अपने निजी वाहन से आते हैं तो वे अपने निजी वाहन को कलेक्ट्रेट में पार्क करेंगे. कलेक्ट्रेट से रिंग बस द्वारा उन्हें कृषि बाजार समिति पहुंचाया जाएगा. वहीं सुबह 7 :30 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू की जाएगी. 8 :00 बजे ईवीएम की गिनती शुरू होगी. मतगणना में प्रतिनियुक्त कर्मियों को उसी दिन सुबह टेबल अलॉट किया जाएगा.

## खड़े ट्रक को मारी टक्कर, चालक की मौत

संवाददाता। तोपचांची



तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत वाटर बोर्ड स्थित एनएच ओवरब्रिज पर रात करीब 2:30 बजे खड़ी ट्रक को पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर में ट्रक जख्मी चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई. ओवरब्रिज पर ट्रक का टायर पंचर हो जाने के कारण ट्रक को ओवरब्रिज खड़ा था. राजगंज दिशा से आ रहे ट्रक ने ओवरब्रिज पर खड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दिया. टक्कर में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

### घंटों फंसा रहा ट्रक चालक

वारदात के बाद ट्रक चालक दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में घंटों फंसा रहा और घंटों दर्द से कराहता रहा. घटना स्थल पर पहुंची तोपचांची पुलिस व एनएच कर्मियों ने ट्रक चालकों को निकालने का भरपूर प्रयास किया लेकिन वे निकालने में असफल रहे. सड़क पर चल रहे अन्य ट्रक के चालकों ने अपनी गाड़ी रोक कर चालक को घंटों मशक्कत के बाद बाहर निकाला. एनएचआई के एंबुलेंस के सहारे गंभीर रूप से जख्मी ट्रक चालक को इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया. अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर रुप से जख्मी ट्रक चालक की मौत हो गई.

**खास बातें**

- तोपचांची में रात ढाई बजे वारदात, घंटों तक क्षतिग्रस्त वाहन में फंसा रहा चालक
- एनएच से गुजरने वाले अन्य चालकों ने बाहर निकाला, इलाज के क्रम में मौत

### एनएच के किनारे खड़ी गाड़ियां देती है दुर्घटनाओं को आमंत्रण

एनएच किनारे अक्सर वाहन चालक अपने वाहन को खड़ा कर खाना व नाश्ता करने चले जाते हैं. एनएच किनारे खड़ी गाड़ियों में अक्सर पीछे से आ रही तेज रफ्तार गाड़ी की टक्कर हो जाती है. जबकि एनएच में गाड़ी को खड़ा करने के लिए विभिन्न जगह लेआउट बनाया गया है परंतु चालक एनएच के बनाए गए नियमों का उल्लंघन करते रहते हैं. जिसके कारण दुर्घटना होती रहती है.

## युवक की शिनाख्त, मां ले गई शव

- कोचाकुल्ही के अकबर का किनके साथ विवाद, छानबीन में जुटी पुलिस

संवाददाता। धनबाद

धनबाद थाना क्षेत्र के लॉ कालेज के समीप मिले शव की शिनाख्त हो गई. वह सरायढेला थाना क्षेत्र के कोचाकुल्ही का रहने वाला था. रविवार को उसकी मां खबर पाकर धनबाद थाने पहुंची थी. उसकी मां को लेकर पुलिस पोस्टमार्टम हाउस गई. जहां उसने शव को बेटे अकबर के तौर पर पहचाना. पुलिस ने अकबर की बॉडी उसके हवाले कर दिया. मां ने बताया कि बेटा शराब समेत कई अन्य नशा का आदि था. अक्सर कई दिनों तक घर बार छोड़ कर घूमता रहता था. बताते चलें कि शनिवार की सुबह लॉ कालेज के समीप झाड़ियों में अकबर का शव बरामद हुआ था. उसकी गर्दन और सीने पर जख्म के गहरे निशान थे. पोस्टमार्टम के बाद उसका बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है. जख्म को देखकर गोली या किसी अन्य वस्तु से गहरे जख्म होने का संदेह है. इसी कारण बिसरा जांच कराई जाएगी. इधर पुलिस ने मामले में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू की है. अकबर का उक्त इलाके में किन लोगों के साथ उठना-बैठना था, नशा करने वाले कौन-कौन साथी थे, किसी से कोई विवाद हुआ था. आदि सवालों के जवाब तलाशने में जुट गई है.

**हौसला** कुंभनाथ-एलबी पर मुकदमा दर्ज कराने वाले कोयला कारोबारी ने कहा

# किसी भी कीमत पर नहीं देंगे ₹1 भी रंगदारी

संवाददाता। झरिया



झरिया। तिसरा थाना में आउटसोर्सिंग कंपनी देव प्रभा के निर्देशक कुंभनाथ सिंह और उनके भाई लालबाबू सिंह के खिलाफ रंगदारी मांगने का प्राथमिकी पिछले दिनों डीओ धारक हरिश्चंद्र प्रताप की ओर से दर्ज कराई गई थी। इस मामले में तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने डीओ धारक हरिश्चंद्र का बयान धनबाद अशर्फी के समीप एक होटल में जाकर लिया. इसके बाद हरिश्चंद्र थाना प्रभारी के साथ कुजामा लोडिंग पॉइंट भी पहुंचे. हरिश चन्द्र ने बताया कि निर्देशक कुम्भनाथ सिंह का आदमी फनी सिंह ने जब हम डीओ लगाए थे तो बोला था कि यहां कोयला लोड करवाना है तो 2500 प्रति टन के हिसाब से रंगदारी देना होगा. इसके बाद हम तिसरा थाना में जाकर मामला दर्ज कराए. दो गाड़ी निकालने के बाद उनका कोयला का काम देखने वाले सुनील यादव के समक्ष जॉनी पासवान नामक व्यक्ति ने कहा कि लेबर लोडिंग के नाम पर 24000 रुपया देना होगा. तब उन्होंने देने से इनकार किया. प्रशासन के सहयोग से अपना गाड़ी लोड करवा कर बाहर निकाल दिया. जबकि यूनियन के लोग 1850 रुपया तय किए थे लेबर लोडिंग तो फिर 24000 कहां से आया. इन दोनों के खिलाफ भी थाना को सूचना दी गई है. उनके और उनके लिफ्टर के साथ जो घटना हुई है, सब कुछ प्रशासन के समक्ष बता दिया गया है.

प्रशासन पर पूरा भरोसा है प्रशासन न्याय करेगा. वे किसी भी कीमत पर रंगदारी नहीं देंगे. उन्होंने कहा कि बीसीसीएल के सीएमडी और ठेकेदार मिलकर रंगदारी करवा रहा है. सीएमडी को भी पार्टी बनाएंगे. हरीश ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर सबको पत्र देंगे और इस माइंस का जांच करने का आवेदन देंगे, क्योंकि लोदना क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है. खनन विभाग के साथ-साथ राज्य सरकार को भी राजस्व की हानी पहुंच रही है. प्रति महीना 120 करोड़ का कोयला अवैध रूप से टपाया जा रहा है. प्रशासन के उच्च अधिकारी के लोग इसकी जांच करें यदि जांच सही से हो गई तो कई लोगों की गर्दन फंस सकती है. फिल हाल पुलिस की ओर से ट्रक लोडिंग का काम बंद कर दिया गया है. इस संबंध में तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने पूछने पर बताया कि मामला दर्ज के बाद पुलिस अपना काम कर रही है.

**माइंस की जांच के लिए भी देंगे आवेदन, वरीय अधिकारियों सहित पीएम को लिखेंगे चिट्ठी**

# बीबीएमकेयू में 9,054 सीटें खाली

## नहीं पहुंचे आवेदन, धनबाद व बोकारो में नामाकंन की प्रक्रिया जारी

संवाददाता। धनबाद

बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के अधीन आने वाले धनबाद और बोकारो जिले के कॉलेजों में स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया जारी है.अब तक कॉलेजों में 42000 सीटों में नामांकन के लिए 32946 विद्यार्थियों ने आवेदन पहुंचा है. नामांकन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल बंद हो चुका है और खाली पड़ी सीटों पर नामांकन के लिए विश्वविद्यालय फिर से चांसलर पोर्टल शुरू कर सकता है अथवा सीधे तौर पर नामांकन लेने की छूट कॉलेजों को मिल सकती है. अब तक बीबीएमकेयू के अधीन कॉलेजों में नामांकन के लिए 32,946 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है, जबकि यहां कुल 42,000 सीटें हैं. बीबीएमकेयू के अधीन सभी कॉलेजों को विश्वविद्यालय स्तर से जारी की गई चयन सूची के अनुसार ही अभी नामांकन लेना है. नामांकन के मुद्दे पर विश्वविद्यालय का निर्णय ही मान्य होगा.

25 मई को नामांकन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि थी इसके बाद 29 मई को प्रथम चयन सूची जारी की गई. कॉलेज स्तर पर कागजातों की जांच कर छात्रों का नामांकन लिया जा रहा है.इसकी रफ्तार काफी धीमी है. आठ कॉलेज ऐसे भी हैं जहां तीन दिन का समय बीतने के बाद भी एक नामांकन नहीं हुआ है.

विषयवार नामांकन की स्थिति को देखें तो इतिहास में सबसे अधिक सीटें हैं और आवेदन भी ज्यादा हुआ है. दूसरे नंबर के पसंदीदा विषय में राजनीति विज्ञान, हिंदी व वाणिज्य आते हैं. जबकि कई विषय ऐसे भी हैं जिनमें विद्यार्थियों का रूझान बहुत ही कम है.

### खाली सीटों पर जुलाई में निर्णय : कुलपति

बीबीएमकेयू के प्रभारी कुलपति डा. पवन कुमार पोद्दार ने बताया कि दो जुलाई तक नामांकन लिया जाएगा. इस दौरान तिथिवार चयन सूची प्रकाशित की जाएगी.इसके बाद भी यदि सीटें खाली बचती हैं तो कॉलेजों को सीधे नामांकन लेने अथवा फिर से चांसलर पोर्टल खोला जा सकता है. उन्होंने बताया कि बहुत सारे ऐसे विषय भी हैं जिनमें बहुत ही कम आवेदन हुआ है. जुलाई माह में उपरोक्त मामले पर निर्णय लेकर कार्रवाई की जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### दो बाइक आपस में टकराए, एक जख्मी

**तोपचांची ।** तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत साहोबहियार के हरिजन टोला स्थित नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार बाइक (JH 10 BX 4434) ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर में बाइक सवार एक युवक को गंभीर चोट आई है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक बाइक लेकर तोपचांची दिशा की ओर आ रहा था अचानक आगे चले रहे बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया. टक्कर के बाद युवक सड़क में गिर गया. युवक को सर तथा शरीर के अन्य जगहों में गंभीर चोट आई है. बाइक चालक घटना स्थल से भागने में सफल रहा. आसपास के ग्रामीणों ने युवक को सड़क से हटाकर नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर लेटा दिया.

### तिसरा व अलकडीहा ओपी में शांति समिति की बैठक

**झरिया ।** अलकडीहा ओपी और तिसरा थाना परिसर में रविवार को अलग- अलग शांति समिति की बैठक हुई. इस दौरान लोगों से कहा गया कि जिस तरह से चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ है, उसी तरह से 4 जून को शांतिपूर्ण ढंग से जीत-हार की खुशियां मनाएंगे. यदि कोई व्यक्ति किसी तरह का माहौल बिगड़ने का काम करेगा तो प्रशासन कार्रवाई करेगी. इस अवसर पर राम बाबू यादव, वीरू निषाद, राम बाबू सिंह, अधिवक्ता एसएस विश्वकर्मा, युद्धेश्वर सिंह, बसंत ठाकुर, जयराम रवानी, योगेश यादव, सतेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह,हराधन मोदक आदि शामिल थे.

### रिवाल्वर से मारकर जख्मी करने की शिकायत

**झरिया ।** झरिया हेटलीबांध निवासी स्वर्गीय सुनील साव के पुत्र कृष कुमार ने भागा निवासी यश साहू, राहुल साहू और उसके बॉडीगार्ड के खिलाफ मारपीट कर चोटिल कर देने की शिकायत झरिया थाना में की है. शिकायत में कृष कुमार ने बताया है कि अपनी स्कूटी से भागा स्थित एक मित्र के आवास गया था. इस दौरान वहीं के रहने वाले यश साहू, राहुल साहू और उसके बॉडीगार्ड मारपीट करने लगे. यश रिवाल्वर की बट से सर पर हमला कर दिया गया. गले की चेन भी छीन लिया.किसी तरह जान बचा कर आवास लौटा और परिजनों को जानकारी दी. परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इससे पहले भी यश साहू द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी. वहीं दूसरे पक्ष के यश और राहुल के पिता राजन साहू ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व में कृष कुमार ने उसके बेटे यश और राहुल से हेटलीबांध स्थित आवास के पास मारपीट की थी. इस दौरान उनका बेटा चोटिल हुआ था.

### कला प्रतियोगिता में बच्चों को किया गया सम्मानित

**पंचेत ।** पंचेत रोड स्थित बूटबाड़ी क्रिएटिव आर्ट एकेडमी परिसर में बच्चों के बीच कला प्रतियोगिता आयोजन किया गया. जिसमें बच्चों ने अपने द्वारा बनाए गए कलाकृतियों को प्रस्तुत किया. इस कार्यक्रम का शुभारंभ डूमरकुंडा उत्तर पंचायत के मुखिया रंजीत पासवान द्वारा किया गया. मौके पर मुख्य कला शिक्षक तरुण भंडारी ने बताया क्रिएटिव आर्ट एकेडमी पिछले 7 वर्षों से क्षेत्र में कल के प्रति रुचि रखने वाले बच्चों को प्रशिक्षण देते आ रहा है. मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मुखिया रंजीत पासवान ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ कला की शिक्षा भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती. कला के माध्यम से बिना कहे बातों को भी समझाया जा सकता है.

**जल ही जीवन है** / गोगना छठघाट पर नमामि गंगे के तहत कार्यक्रम

## मैथन डैम में जल संरक्षण की लोगों ने ली शपथ



संवाददाता । मैथन

मैथन डैम के गोगना छठघाट पर रविवार को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई. मौके पर नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा ने लोगों को शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि हमें जल संरक्षण के नियमों का पालन करना चाहिए, जैसे जल संचय, जल संरक्षण और जल की सफाई. उन्होंने कहा कि नमामि गंगे कार्यक्रम एक एकीकृत संरक्षण मिशन है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा प्रदूषण के प्रभावी उन्मूलन, संरक्षण और राष्ट्रीय कायाकल्प के दोहरे उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया गया है.लोग अक्सर नदियों के आसपास कचरा फेंकते हैं, जो नदियों में जाते हैं और नदी को प्रभावित कर सकते हैं. इसलिए हमें अपने कचरे को उचित ढंग से नदी से दूर फेंकना चाहिए. उन्होंने जल संरक्षण का पालन करने की अपील की. मौके पर बीपीआरओ लालू रोहिदास, रीता देवी, सरस्वती तिग्गा, पूजा देवी, गुलाची देवी, दीपंकर रॉय, बेबी कुमारी, मुन्नी देवी, छाया कुमारी, सीता कुमारी, सालुकी तुरी, रेखा देवी, सिमटी देवी श्रीकांत मंडल, मौजूद रहे.

### सड़क किनारे कचरा गिराने वालों पर कार्रवाई शुरू

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य सड़क व वार्डों में सड़क किनारे बालू,गिट्टी, ईंट आदि सामान या फिर निर्माणाधीन मकान का कचरा गिरा कर छोड़ देने वालों पर विभाग द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है. इसी के तहत विभाग द्वारा दो लोगों के खिलाफ नोटिस जारी की गई है. जानकारी देते हुए विभाग के सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने बताया कि चिरकुंडा मुख्य सड़क जीटी रोड,चिरकुंडा-पंचेत रोड व नेहरू रोड सहित 21 वार्डों के सड़क के किनारे लोग अगर बालू, गिट्टी, ईंट आदि कोई भी समान गिराकर छोड़ देते हैं तो उनपर विभाग नियम संगत कार्रवाई करेगी. उन्होने कहा कि रोड किनारे समान गिराकर छोड़ देने से लोगों को आवागमन करने में परेशानी तो आती ही है, साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है. रोड के किनारे सामान गिराकर छोड़ देने वाले दो लोगों के खिलाफ विभाग द्वारा नोटिस जारी की गई है. 24 घंटे के अंदर सड़क किनारे से समान उठवा लें अन्यथा नगर परिषद सामान को जब्त कर लेगी. साथ ही विधि सम्मत कार्रवाई भी करेगी.

## बीसीसीएल कर्मी की मौत, शव के साथ धरना पर बैठे परिजन

### यूनियन प्रतिनिधियों की पहल पर पुत्र को मिला प्रोविजनल नियोजन

संवाददाता ।तेतुलमारी



बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी के पीएसटी परियोजना में कार्यरत कोल कर्मी एनुअल अंसारी की मौत बाद रविवार को नियोजन और मुआवजा की मांग को लेकर उसके परिजन शव को लेकर कोलियरी कार्यालय के समीप धरना पर बैठ गए .संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों की पहल पर सिजुआ क्षेत्र के एपीएम चन्दन श्रीवास्तव व तेतुलमारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों व यूनियन प्रतिनिधियों से वार्ता की. वार्ता में मृतक के पुत्र को प्रोविजनल नियोजन देने सहित अन्य भुगतान करने की सहमति बनी. वार्ता में विधायक प्रतिनिधि सह एटक नेता शत्रुघ्न महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, छोटू सिंह सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि शामिल थे. बताया जाता है कि एनुअल अंसारी पीएसटी परियोजना में टांडेल पद पर कार्यरत थे. गुरुवार को प्रथम पाली में ड्यूटी आने के बाद अचानक तबीयत खराब हो जाने पर सहकर्मी द्वारा उन्हें केंद्रीय अस्पताल धनबाद भेजा गया. उनकी हालत गंभीर देखते हुए केंद्रीय अस्पताल के डॉक्टर द्वारा दुर्गापुर रेफर कर दिया गया. इसके बाद इलाज के दौरान मौत होगी.

# हर छह माह में नई सड़क, विकास नहीं मुसीबत है हमारी

### कोयला निकालने के बाद बदल जाता है रास्ता, फिर नए रास्ते से लोगों को होता है गुजरना



**खास बातें**

- आउट सोर्सिंग ने छीन ली जहाजटांड बस्ती की रौनक
- यहां की बच्चों की शादियों पर भी आफत
- जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार भी नहीं आ सकी काम

रणजीत कुमार सिंह ।धनबाद

झरिया प्रखंड का एक ऐसा इलाका, जहां हर छह माह में नई सड़क बनती है. लेकिन ये बात विकास से बिलकुल् भी जुड़ी नहीं है.


न ही इस नई सड़क से यहां के लोग खुश होते हैं. असल में ये नई सड़कें यहां के लोगों के लिए अभिशाप साबित हो रही हैं. ये नई सड़क कोई सरकारी नहीं बल्कि आउट सोर्सिंग कंपनी द्वारा बनाई जाती है और कोयला निकालने के बाद इस सड़क को फिर बंद कर नई सड़क बनाई जाती है. यह प्रक्रिया पिछले की छह-सात सालों से चल रही है. झरिया प्रखंड के वार्ड 39 अंतर्गत भौरा जहाज टांड़ बस्ती का मामला है. मुख्य सड़क से लगभग तीन किलोमीटर अंदर बसा जहाजटांड़ बसा है. यहां लगभग तीन हजार की आबादी जिंदगी गुजार रही है.इस बस्ती को आदर्श ग्राम के नाम से भी जाना जाता है. इस बस्ती में 7 वर्ष पूर्व सभी सुविधाएं उपलब्ध थी लेकिन आज यह बस्ती समस्याओं के मकड़जाल में फंस कर कराह रहा है. एक टापू बन चुका है. पीने को पानी नहीं है और प्रदूषण की मार अलग से बीमारियों से ग्रस्त कर रही है. लेकिन इन सबसे बड़ी समस्या यहां की सड़क है, जो न सिर्फ जानलेवा है बल्कि कुछ दिनों में अलग रास्ते से होकर गुजरती है.



जहाजटांड़ के निवासी रामचंद्र महतो ने कहा कि सात वर्ष पूर्व हमारा गांव काफी विकसित था. बड़े-बड़े नेता अधिकारी और मंत्री हमारे गांव में आते थे क्योंकि हमारे गांव में टाटा कंपनी द्वारा एयरपोर्ट बनाया गया था .लेकिन अब सब खत्म हो गया है .जहाजटांड़ आउट सोर्सिंग के कारण अब पूरी तरह टापू बन गया है. इस कारण अब यहां रह रहे बाल-बच्चों की शादी भी करनी मुश्किल हो गई है .जानलेवा सड़क और जन समस्याओं से वंचित होने के कारण यहां कोई नहीं आता. उन्होंने कहा कि जहाज टांड़ में 1-2 समस्या नही समस्याओं का अंबार है. यहां की आबादी को आवागमन के लिए हर 6 महीने में नई सड़क मिलती है सुनने में यह अजूबा लगता है लेकिन यह हकीकत है जो काफी जानलेवा होती है. उन्होंने कहा यहां जब से मेगा प्रोजेक्ट चालू हुआ है यहां की आबादी प्रदूषण के कारण सांस लेना मुश्किल हो गया है .हैवी ब्लास्टिंग से घरों में दरार पड़ गए है. सबसे बड़ी बात तो यह है कि बीसीसीएल के वरीय अधिकारी बिना रैयतों से बात किये , बिना मुआवजा दिए प्रोडक्शन चालू कर दिया है .बीसीसीएल के अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी गई है.



अजय गोराई ने कहा कि पहले जहाजटांड़ में सारी सुविधाएं उपलब्ध थीं. लेकिन अभी हर सुविधाओं से हमारा गांव वंचित हो गया है. पानी और प्रदूषण यहां सबसे बड़ी समस्या है .पानी के लिए यहां के लोगों को 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है. प्रदूषण के कारण गम्भीर बीमारियों का शिकार हो रहे है .समस्याओं का निदान के लिए गांव में ना तो नेता आते हैं और ना ही कोई अधिकारी .



मनोज मलिक ने कहा कि आउट सोर्सिंग वालो के द्वारा हर 6 महीने में जो सड़क बनाई जाती है. वह काफी जानलेवा होता है .बरसात के सीजन में हादसे होते रहते हैं. बाकी दिनों में माइंस में चलने वाे बड़े वाहन से जान का डर लगता है .गांव में किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं है. बीसीसीएल के अधिकारियों द्वारा दिया गया एक भी आश्वासन आज तक पूरा नहीं हुआ .सांसद-विधायक भी हमारी समस्याओं का निदान नहीं करते.

## अंतराष्ट्रीय यौनकर्मी अधिकार दिवस पर लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

- 68 यौनकर्मियों की स्वास्थ्य जांच

संवाददाता । बराकर

पश्चिम बंगाल आसनसोल कुल्टी विधानसभा इलाके के नियामतपुर फाड़ी अंतर्गत लच्छीपुर चबका यौन पल्ली में अंतर्राष्ट्रीययौनकर्मी अधिकार दिवस के मौके पर दुरबार कार्यालय में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में चबका यौन पल्ली की करीब 68 यौनकर्मियों की स्वास्थ्य जांच यूनाइटेड होप फाउंडेशन के बैनर तले की गई. इस दौरान विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त स्वास्थ्य जांच करवाने आई यौनकर्मियों ने कहा कि वैसे तो जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा यौनकर्मी महिलाओं की स्वास्थ्य जांच समय -समय पर कराई जाती है. उनको निशुल्क मेडिसिन की भी उपलब्ध कराई जाती है. लेकिन गंभीर बीमारियों में उनके लिए जो व्यवस्था होनी चाहिए, वह नहीं मिल पाती. उनकी बीमारियों से जुड़े उचित चिकित्सक नहीं मिल पाते. ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय यौनकर्मी अधिकार दिवस के मौके पर उनकी स्वास्थ्य के लिए उठाया गया यह कदम काफी सराहनीय है. चिकित्सक डॉक्टर सत्यजीत राय ने कहा कि उनको अंतर्राष्ट्रीय यौनकर्मी अधिकार दिवस के मौके पर आसनसोल की एक संस्था द्वारा लच्छीपुर के मशहूर चबका यौनपल्ली मे यौनकर्मियों की स्वास्थ्य जांच के लिए जब आमंत्रित किया गया तो वह खुद को रोक नहीं पाए.उन्होंने आगे भी यहां आने की बात कही.

## डीवीसी कर्मचारी संघ में संगठन विस्तार पर चर्चा मैथन

संवाददाता । मैथन

कर्मचारी संघ की केन्द्रीय कमेटी की एक बैठक रविवार को मैथन के कर्मचारी संघ मैदान में सदन सिंह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पंचेत, मैथन, बोकारो थर्मल, चंद्रपुरा, मेजिया, कोलकाता, दुर्गापुर, हजारीबाग आदि परियोजना से संघ के प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक में संघ की मजबूती व विस्तार, कर्मियों की समस्या व समाधान, यूनियन चुनाव में संघ की भूमिका आदि बातों पर विस्तार से चर्चा हुई.संघ के नेताओं ने बताया कि संघ की मजबूती और विस्तार करना का लक्ष्य है. साथ ही कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर डीवीसी प्रबंधन से वार्ता कर समाधान कराना उद्देश्य है.कहा कि कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर जल्द ही एक रणनीति बनाकर लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है. कर्मियों के हक और अधिकार के लिए प्रबंधन को बाध्य किया जाएगा. यूनियन चुनाव में संघ अकेला चुनाव लड़ेगा या संयुक्त मोर्चा के बैनर तले चुनाव लड़ेगा, इस पर विचार विमर्श किया गया, इसपर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया, सभी परियोजनाओं में बैठक करके इस पर निर्णय लिया जाएगा। संघ के रिक्त पदों को जल्द भरे जाने का भी निर्णय लिया गया.

## ईमानदारी से करें काम : एसएसपी



संवाददाता । धनबाद

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के शांतिपूर्वक सफलता में अपना योगदान देकर चुनावी ड्यूटी से वापस लौटने पर धनबाद जिला पुलिस बल के जवानों को पुलिस केंद्र धनबाद में वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन द्वारा मतगणना के दौरान कर्तव्यों को लेकर मार्गदर्शित किया गया. सभी जवानों को सम्बोधित करते हुए एसएसपी ने आगामी 4 जून को मतगणना के अवसर पर धनबाद में विधि व्यवस्था बनाये रखने व मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए उचित मार्गदर्शन देते हुए कर्तव्यों के निष्ठापूर्वक निर्वहन का निर्देश दिया. वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय 2, संदीप गुप्ता, सर्जेन्ट मेजर अवधेश कुमार समेत पुलिस बल के कई जवान उपस्थित थे.

### धनसार में शांति समिति की बैठक



**धनसार।** लोकसभा आम निर्वाचन चुनाव 2024 का मतगणना एवं आने वाले परिणाम के बाद विधि व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर धनसार थाना में रविवार को पुलिस जनसहयोग समिति के सदस्यों की बैठक हुई. इस दौरान थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे ने कहा कि किसी भी प्रत्याशी की जीत हो, आपसी सामंजस्य बनाए रखें. परिणाम आने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकले. इस पर जनसहयोग समिति के सदस्यों ने भी शांति बहाल करने मे सहयोग की बात कही .इस मौके पर मनोज चौहान,रिंकू सिंह,मदन महतो,कुल्लू चौधरी, हीरा साव सहित अन्य थे.

## टैंकर खड़ा कर चालक करने लगा अजीब हरकतें

### मानसिक रोगी चालक को मशक्कत के बाद पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती

- कभी दौड़ा तो कभी सड़क पर बैठा, हरकतें देख पुलिस को दी गई सूचना

संवाददाता । तोपचांची





आपने अक्सर सड़क में समान्यत चालक को गाड़ी चलाते हुए देखा होगा. लेकिन जरा सोचिए अगर चालक गाड़ी को बीच सड़क में एकाएक खड़ा करके अजीबो-गरीब करतब दिखाने लगे तो क्या होगा. तोपचांची थाना क्षेत्र के तोपचांची बाजार स्थित नेशनल हाईवे में रविवार को एक टैंकर चालक अजीबो-गरीब हरकत करते देखा गया.टैंकर ( RJ 09 GB 3067 ) के चालक ने मोहित कुमार अचानक टैंकर को तोपचांची के सुभाष चौक में बीच सड़क में खड़ा वाहन कर दिया. टैंकर से उतर कर चालक मोहित कुमार अजीबो-गरीब हरकत करने लगे. ये देख कर राहगीर स्तब्ध रह गए. मोहित कुमार नेशनल हाईवे के सड़क में कभी तेज दौड़ने लगता तो कभी हाथ में जो मिलता उसे उठा कर अपने पास रख लेता. ग्रामीण चालक की हरकत देखकर तरह-तरह की बात करने लगे. हालांकि कुछ ग्रामीणों ने चालक को सड़क से हटाने के लिए उसे पकड़ने का प्रयास किया लेकिन चालक को संभालना मुश्किल था. ग्रामीणों ने तोपचांची पुलिस को मामले की जानकारी दी. तोपचांची पुलिस दल-बल के साथ सुभाष चौक पहुंचे. पुलिस और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद चालक को पकड़ा. एनएच कर्मियों ने बताया कि चालक का नाम मोहित कुमार है. जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है. मोहित के भाई से मोबाइल पर हुई बातचीत के दौरान पता चला कि मोहित मानसिक रोग से पीड़ित हैं. हालांकि घटना के बाद एनएचआई के एंबुलेंस में चालक मोहित कुमार को इलाज के लिए तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया है. इधर तोपचांची पुलिस ने सड़क पर खड़ी टैंकर को जब्त कर थाना ले आई है.

**जागरूकता** पर्यावरण संरक्षण नियंत्रण समिति की महुदा में हुई समीक्षा बैठक

## जल-जंगल बचाकर जीविका से होगा जोड़ना : शंकर

संवाददाता । महुदा



झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संयोजन कार्यालय कंचनपुर में संस्थापक शंकर रवानी की अध्यक्षता में हुई. जिसमें पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा चयनित गांव रघुनाथपुर, गोपालपुर, रंगाडी, सिसकारी, कोड़ाडीह, लकड़का नंबर-4,लालटेन अंगारपथरा और खरियो में संचालित कार्यक्रम गतिविधि पर चर्चा एवं समीक्षा की गई. निर्णय लिया गया विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 को सभी प्रस्तावित गांव में फलदार वृक्षारोपण किया जाएगा एवं कम से कम एक पौधा लगाए जाने की लोगों से अपील की जाएगी. बैठक को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा पर्यावरण नियंत्रण एवं संरक्षण पर सघन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है, धनबाद जिला प्रदूषित हो चुका है. कहा किजंगल तो कट रहे हैं लेकिन पेड़ लग नहीं रहे हैं, ट्रस्ट का प्रयास है कि जंगल से रोजगार को जोड़कर कार्य किया जा रहा है ताकि जंगल से जीविकोपार्जन हो सके.बैठक में ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज, कोषाध्यक्ष बिनोद महतो,कोऑर्डिनेटर उमेश ऋषि ,फील्ड मोटीवेटर जनार्दन ठाकुर, क्षेत्रीय कार्यकर्ता वासुदेव कुमार दास,नईमुद्दीन अंसारी, सागर प्रसाद रवानी, नितेश कुमार वर्मा आदि शामिल थे.

### 'सांस आपकी तो प्रयास भी आपका होना चाहिए'

**कतरास।** रविवार को अंगारपथरा में पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में श्यामडीह, रघुनाथपुर इलाके के ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण कर प्रदूषण के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया. समिति के कोर्डिनेटर उमेश ऋषि ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा भयावह जल संकट को लेकर निदान व समाधान को लेकर लोगों को जानकारी दी जाएगी. इस संबंध में प्रस्तावित क्षेत्र में डोर टू डोर पर्चा वितरण किया जाएगा. वक्ताओं ने कहा कि यदि सांस आपकी है तो आस भी आपकी होनी चाहिए. सिर्फ सरकारी तंत्र के भरोसे समस्या का समाधान होना ही जरूरी नहीं है .इसलिए आपका प्रयास जरूरी है. पेड़ की कटाई के कारण भीषण गर्मी और जल संकट उत्पन्न हो रहा है. मौके पर कोर्डिनेटर उषा रिषी, जर्नादन ठाकुर, राधा कुमारी किस्कू, बासुदेव दास, सरस्वती कुमारी, पुन्नू भुइयां, नवलेश कुमार सिंह, जीरामणि देवी आदि मौजूद थी.

## एक सांड पकड़ने की तीन हजार कीमत भी नहीं दे पाया निगम

### गौशाला प्रबंधन ने निगम पर लगाया धोखेबाजी का आरोप

संवाददाता । धनबाद

नगर निगम के आवारा पशुओं को पकड़ने में तेजी दिखाने की पोल खुल गई है. कतरास के गंगा गौशाला प्रबंधन ने निगम पर धोखेबाजी का आरोप लगाया है. निगम पर अपने किये वायदों को पूरा न करने का आरोप लगाया गया है. गौशाला सचिव महेश अग्रवाल ने निगम पर धोखेबाजी से सांडों. को गौशाला के सुपुर्द करने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि निगम ने जिन- जिन बातों का वायदा किया था, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया. नगर आयुक्त रविराज शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह कहा गया कि आवारा पशुओं को खाने के लिए निगम द्वारा बचे सब्जी एवं फल गौशाला भेजवाये जाएंगे. इसके साथ ही सांडों को रहने के लिए निगम द्वारा एक शेड बनवाया जाएगा. इसके बाद बीते बुधवार की देर रात नगर निगम की टीम ने धनबाद से दो सांडों को पकड़ कर गौशाला के सुपुर्द कर दिया. गौशाला की टीम ने कतरास बाजार से एक सांड को पकड़ा. सांड को पकड़ने में गौशाला के तीन हजार रुपये खर्च हुए. जिसका भुगतान भी निगम द्वारा नहीं किया गया है. चार दिन बीत जाने के बाद भी सांडों के लिए न कोई खाने की सामग्री भेजी गई है और न ही शेड बनाने के लिए अब तक नापी ही की गई है. महेश अग्रवाल ने बताया कि निगम के सिटी मैनेजर शब्बीर आलम से जब भी संपर्क किया तो वह सिर्फ टाल मटोल ही कर रहे हैं.

### दो सांड पकड़ने के बाद निगम हुआ सुस्त

शहर से दो सांड को पकड़ने के बाद से निगम भी सुस्त पड़ गया है. अब भी शहर की सड़कों पर सांड घूम रहे हैं लेकिन निगम उन्हें पकड़ने की जहमत नहीं उठा रहा. तेलीपाड़ा में एक वृद्ध महिला को सांड ने पटक कर मार डाला था. जिसके बाद निगम रेस हुआ था. एक ही रात की कार्रवाई के बाद से निगम शांत पड़ गया है.

## ब्रीफ खबरें

### ठनका गिरने से एक बच्चे की मौत, 6 घायल

**बोकारो।** बोकारो के राधागांव में आसमानी बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई . जबकि 6 बच्चे घायल हो गए हैं. सभी बच्चे शाम में क्रिकेट खेलने घर से मैदान गए थे. क्रिकेट खेलने के दौरान अचानक से तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने लगी. फिल्ड में खेल रहे बच्चे भींगने के डर से आसरा खोजने लगे लेकिन तभी अचानक से बिजली गिरी और सभी बच्चें घायल हो गए. बिजली गिरने के बाद सभी बच्चे बेहोश हो गए. वहां मौजूद लोगों ने उन्हें आनन-फानन में सभी घायल बच्चों को बोकारो के बीजीएच अस्पताल लाया गया. जहां उन्हें तुरंत भर्ती कराया गया. अस्पताल में जांच के बाद डॉक्टर ने एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया. वहीं 6 बच्चे घायल हो गए हैं.

### कोयला लदा हाईवा दुर्घटनाग्रस्त

**कथारा।** बोकारो थर्मल क्षेत्र अंतर्गत कथारा-जारंगडीह मुख्य मार्ग स्थित डीएवी जूनियर विंग स्कूल के समीप रविवार को कोयला लदा हाईवा वाहन संख्या जेएच 09 एए 2362 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाली में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. गनीमत रही की नाली में हाइवा गाड़ी का पहिया फँस गया अन्यथा डीएवी स्कूल की चारदिवारी को तोड़ते हुए हाइवा स्कूल परिसर में घुस जाता. वहीं इस घटना में चालक सुरक्षित है. घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची बोकारो थर्मल पुलिस मामले की जांच पड़ताल की.

### सीसीएल कर्मी से शरारती युवक ने की मारपीट

**कथारा।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह मुख्य सड़क पर रविवार की सुबह सीसीएल कर्मी से मारपीट करने वाले शरारती युवक को स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन को बुला कर हवाले कर दिया. घटना के संबंध में सीसीएल कर्मी गणेश गोप ने पुलिस प्रशासन को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि नशे मे धुत्त युवक मोबाइल और पैसा छीन कर परेशान कर रहा था, अपना बचाव के लिए विरोध करने पर मारपीट करने लगा. वहीं शरारती युवक की हरकत देख राहगीर तथा स्थानीय लोग आगे बढ़कर बीच बचाव किया. बीच बचाव के बाद मामले की जानकारी बोकारो थर्मल थाना पुलिस को दी गई. जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची, जहां स्थानीय तथा प्रबुद्ध लोगों ने शरारती युवक को पुलिस के हवाले कर दिया.

### मारपीट एवं छिनतई को लेकर शिकायत

**कथारा।** झिरकी निवासी मुर्शीद अली एवं सुजाहिद अंसारी ने रविवार को एक दूसरे पर मारपीट करने एवं पैसे छिनतई का आरोप लगाते हुए कथारा ओपी में मामला दर्ज कराया है. प्रथम पक्ष के मुर्शीद अली ने पुलिस को दिए लिखित आवेदन में कहा है कि झिरकी निवासी सुजाहिद अंसारी, अजमल अंसारी और अफजाल अंसारी मारपीट करने लगे. वहीं मेरे पॉकेट में लेबर पेमेंट के लिए रखे हुए लगभग 1 लाख 40 हजार रुपया छीन लिया. किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे. इधर दूसरे पक्ष के सुजाहिद अंसारी ने अपने आवेदन में कहा है कि झिरकी निवासी मुर्शीद आलम ने ट्रैक्टर की चाभी छीन ली और उनके साथ मारपीट करने लगा. वहीं ट्रैक्टर से कमाए हुए लगभग 85 हजार रुपया जो उसके पास थे वह मुर्शीद आलम ने छीन लिया.

# कटहल मंडी के रूप में सरिया प्रखण्ड मशहूर

## कटहल के मौसम में लाखों रुपये का होता है कारोबार, 5 राज्यों में होता है सप्लाय



**संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)**

जिले के सरिया प्रखण्ड कटहल मंडी के रुप में शुरु से ही प्रसिद्ध रहा है. सरिया प्रखंड के बागोडीह, चंद्रमारनी, केशवारी, नीमाटांड पावापुर, धोवारी, अमनारी के विभिन्न गांवों से किसान प्रतिदिन सैकड़ों टन कटहल लेकर सरिया बाजार पहुंचते हैं. यहां से कटहल आस-पास के बाजार के साथ-साथ बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश एवं ओडिशा तक भेजा जाता रहा है. प्रतिदिन इन राज्यों के दर्जनभर व्यापारी सरिया बाजार आकर कटहल की खरीदारी कर उसे ट्रेन व चारपहिया वाहनों के जरिये ले जाते हैं. सरिया के कटहल का स्वाद दूसरे राज्यों के लोगों को भी अधिक भा रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र का कटहल का स्वाद उत्कृष्ट होता है.

### सरिया से बिहार भेजा जाता है कटहल

सरिया के कटहल व्यापारी मोहन यादव ने बताया कि यहाँ का कटहल की गुणवत्ता काफी अच्छी है, जो बाहर के लोग पसंद करते हैं. प्रतिदिन बाहर के खरीदार आते हैं. लगभग दस पिकअप वैन में 35 क्विंटल कटहल लादकर, धनबाद, पटना, पहाडपुर, जहानाबाद, मसौढ़ी, रफीगंज, गया, वाराणसी, सासाराम आदि मंडियों में ले जाकर बेचते हैं. यहाँ पर 35 क्विंटल का मूल्य लगभग 18 हजार के करीब होता है, जबकि मंडियों में ले जाकर उसे 50 से 60 हजार रुपये में बेच देते हैं. इसके अलावा छोटे- छोटे व्यापारी भी ट्रेनों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग पच्चीस बोरा, कटहल सरिया से जहानाबाद, फतेपुर, नवादा, कोडरमा, गया, पहाडपुर, आदि जगहों पर ले जाकर बेचते हैं.

### कृषि विभाग की दखल से मंडी में बढ़ सकती है बिक्री

कृषि विभाग सरिया और आसपास के क्षेत्रों में कटहल की बेहतर उपज को लेकर किसानों को जागरुक करे तो इसकी पैदावार में और भी इजाफा हो सकता है. जिससे कटहल की अधिक पैदावार कर किसानों को अधिक लाभ व मंडी में कटहल की बिक्री में बेतहाशा वृद्धि किया जा सकता है. इस क्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा होने से किसानों को सही मूल्य मिल पाता. यहां कटहल के अलावे अन्य सब्जियों की खेती की भी अपार संभावनाएं हैं.

# सेल प्रबंधन को हुआ 258 करोड़ रुपये का फायदा : दिलीप कुमार

## रात्रि पाली भत्ता में एनजेसीएस यूनियनों ने कर्मचारियों को लूटा

**खास बातें**

- रात्रि पाली भत्ता जनवरी 2017 के बदले जून 2024 से हुआ प्रभावी
- वर्तमान बहुमत अधारित समझौता पूरी तरह अवैध

**संवाददाता। बोकारो**

बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने रविवार को आंकड़ा जारी कर रात्रि पाली भत्ता पर एनजेसीएस यूनियन नेताओं तथा प्रबंधन द्वारा की गई बाजिगिरी की पोल खोल दी है.
यूनियन ने बताया कि एक तो वर्तमान रात्री पाली भत्ता समझौता ही अवैध है



क्योंकि फिर इसमें आम सहमती की जगह बहुमत का आधार पर निर्णय लिया गया है. सब कमेटी का सभी सदस्य अवैध है क्योंकि एक भी सदस्य निर्वाचित नहीं है. सब कमेटी सदस्य तथा इंटक नेता हरिजित सिंह एक ऑडियो में कबूल किया है कि हमलोग 320 रुपया प्रति रात्री पर अड़े हुए थे. अब वहीं हरिजित सिंह 180 रुपया पर हस्ताक्षर कर रहे हैं. वहीं आयकर छूट का लाभ का दिखावा कर सेल प्रबंधन को प्रचंड लाभ दिया गया है. जब वेतन समझौता जनवरी 2017 से प्रभावी है तथा तथाकथित एमओयू भी अक्टूबर 2021 में हुआ था तो रात्री पाली भत्ता को जून 2024 से प्रभावी कर नेताओं ने सेल प्रबंधन को करोड़ों रुपया का फायदा कराया है.
बीएकेएस के महासाचिव दिलिप कुमार ने कहा कि आँकड़ों से यह स्पष्ट है कि एनजेसीएस सब कमेटी में बैठे गैर निर्वाचित नेताओं ने सेल प्रबंधन का खुल कर साथ दिया है. 35000 शिफ्ट ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के आधार पर सेल प्रबंधन को हुई बचत 258 करोड़ रुपया का फायदा हुआ है. ये आँकड़ा विहिन नेताओं ने पढ़े लिखे कर्मचारियों को फिर मुर्ख बनाया है.

# गोमिया में सर्पदंश से बच्ची की मौत मामले में चिकित्सक की लापरवाही आई सामने

## सीएचसी के एएनएम ने चिकित्सक को किया था फोन, नहीं किया रिसिव



**संवाददाता। बोकारो**

पिछले दिनों गोमिया प्रखंड के महुआटांड़ थाना के बड़की पुन्नू निवासी 09 वर्षीय प्रिया कुमारी के डाक्टर नहीं मिलने से हुई मौत मामले में गोमिया सीएचसी में पदस्थापित चिकित्सक के अनुपस्थित रहने एवं पदस्थापित एएनएम द्वारा फोन करने के बाद भी चिकित्सक द्वारा फोन रिसीव नहीं करने का मामला सामने आया है. उपायुक्त विजया जाधव द्वारा मामले में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को मामले की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया था. जिस पर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार ने मामले की जांच कर शनिवार देर शाम जांच प्रतिवेदन उपायुक्त को समर्पित किया.
अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो ने अपने जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया है कि मृत बच्ची प्रिया कुमारी के परिजन 29 मई को सुबह लगभग 6.18 बजे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे. उस समय चिकित्सक डा. चंचला उपस्थित नहीं थी, मौके पर पदस्थापित एएनएम कुमकुम कुमारी ने चिकित्सक डा. चंचला कुमारी को फोन किया, लेकिन फोन रिसिव नहीं किया गया. जबकि, स्वास्थ्य केंद्र में संर्पदंश से उपचार संबंधित दवा उपलब्ध थी. इससे संबंधित डाक्टर की लापरवाही स्पष्ट इंगित होती है.

### निजी क्लीनिक में सेवा देने की पुष्टि

जांच प्रतिवेदन में इस बात का भी उल्लेख है कि, सीएचसी गोमिया में पदस्थापित डा. चंचला कुमारी अपने पति डा. जितेंद्र कुमार के साथ सीएचसी गोमिया से कुछ दूरी पर निजी अस्पताल/क्लीनिक मां शारदे सेवा सदन गोमिया में सेवा देते हैं.

### क्लीनिक से एक्सपायरी दवा जब्त


अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार ने रविवार को भी मां शारदे सेवा सदन की जांच की, इस दौरान अस्पताल/क्लिनीक से एक्सपायरी दवा को जब्त किया है. अस्पताल स्थित दवा दुकान में जांच के क्रम में पदाधिकारियों को कई एक्सपायरी दवा बरामद हुआ है. साथ ही, टीम ने दवा से संबंधित एक डायरी को भी मौके से जब्त किया है.

### मां शारदे सेवा सदन गोमिया सील

अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो ने आगे निजी अस्पताल/क्लीनिक मां शारदे सेवा सदन गोमिया का औचक जांच किया. जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आएं हैं. अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में लिखा है कि उक्त निजी अस्पताल/क्लीनिक के संचालन में भारी अनियमिता बरती गई है. जांच में अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रथम दृष्टया यह पाया कि बिना निबंधन के अवैध रूप से उपरोक्त सेवा सदन का संचालन विवेक कुमार के द्वारा किया जा रहा है. पूरे मामले से अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो ने उपायुक्त बोकारो को अवगत कराते हुए नियमानुसार अंचलाधिकारी गोमिया को बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करते हुए माँ शारदे सेवा सदन को सील कर दिया.

> गोमिया के बच्ची को सांप ने डंसा, डाक्टर नहीं मिलने से मौत का मामला प्रकाश में आने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को अपने स्तर से मामले की जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया था. जांच प्रतिवेदन में संबंधित चिकित्सक डा. चंचला कुमारी द्वारा लापरवाही, उक्त तिथि को सीएचसी में अनुपस्थित रहने, पदस्थापित एएनएम द्वारा फोन करने पर फोन रिसीव नहीं करने की बात सामने आयी है. साथ ही, गोमिया सीएसची से दो किमी के अंदर ही डा. चंचला कुमारी अपने पति डा. जितेंद्र कुमार के साथ निजी अस्पताल/क्लीनिक माँ शारदे सेवा सदन, गोमिया में सेवा दे रही थी. उसका प्रबंधक विवेक कुमार हैं, जो डा. चंचला कुमारी के सहोदर भाई हैं. जांच में यह भी सामने आया है कि मां शारदे सेवा सदन का निबंधन नहीं है, उनके द्वारा जो निबंधन का सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया गया है, उस पर उपयुक्त प्राधिकारी (एप्रुपरिएट आथारिटी) से अनुमति प्राप्त नहीं है. गोमिया प्रखंड जिले का आकांक्षी प्रखंड है, जिला प्रशासन का आमजनों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है. किसी भी स्तर के लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.
>
> **विजया माधव, उपायुक्त**

# राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि के समक्ष स्ट्रांग रूम हुआ सील



**साहेबगंज।** राजमहल (अ०ज०जा०) संसदीय सीट में लोकसभा चुनाव के समापन के उपरांत सामान्य प्रेक्षक सौरभ पहाड़ी एवं जिला निर्वाची पदाधिकारी -सह -उपायुक्त हेमंत सती ने संयुक्त रूप से सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि के समक्ष विधानसभा वार स्क्रूटनी एवं स्ट्रांग रूम सीलिंग की प्रक्रिया पूरी की. वहीं पूरे परिसर की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. जिनके माध्यम से पूरे इलाके की निगरानी की जाएगी. पूरे परिसर की सुरक्षा अर्द्ध सैनिक बलों के हाथों में है. बाहरी लोगों के प्रवेश पर यहां रोक लगाई गई है. राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को भी सीमित स्थान तक ही प्रवेश की अनुमति होगी. इस मौके पर सभी विधानसभा के सहायक निर्वाची पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी एवं राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे.

### अहले सुबह तक जमा होती रहीं ईवीएम मशीनें



**गोड्डा।** गोड्डा लोकसभा सीट के लिए बीते शनिवार की संध्या संपन्न हुए चुनाव के बाद स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम मशीन को जमा करवाने का कार्य अहले सुबह तक होता रहा. गोड्डा लोकसभा चुनाव को लेकर मतगणना का कार्य सिकटिया स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज में किया जाना है. मतगणना स्थल पर ईवीएम मशीन को पूरे छह विधानसभा क्षेत्र से लाकर जमा किया गया. जिला के अंतर्गत आने वाले तीन विधानसभा क्षेत्र महगामा, गोड्डा एवं पौडेयाहाट की ओर से सारे बूथों का चुनाव होने के बाद मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सभी जगहों से ईवीएम मशीनों को साथ लेकर आई और मतगणना केंद्र पर बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराया. जिला से बाहर के तीन विधानसभा क्षेत्र मधुपुर, जरमुंडी और देवघर से आनेवाले ईवीएम मशीनों को जमा करवाने का कार्य अहले सुबह तक चलता रहा. मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था केंद्रीय सुरक्षा बल के हवाले कर दिया गया है. मतगणना स्थल के चारों बेरिकेटिंग कर किसी बाहरी व्यक्ति के आने जाने पर रोक लगा दी गई है. चार तारीख को होने वाले मतगणना को लेकर सारी तैयारियां भी पूरी कर ली गई है. गिनती के लिए अलग-अलग टेबल लगाए गए हैं. विधानसभावार गिनती किया जाना है. सभी टेबल पर वरीय अधिकारी के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है. ईवीएम मशीनों के देखरेख के लिए मतगणना केंद्र के बाहर राजनीतिक दल वालों के कार्यकर्ताओं की टोली भी निगरानी कर रही है.

### मतदान के साथ ही चुनावी कार्यालयों में छा गई विरानी

**गोड्डा।** चुनाव संचालन में सुविधा हो इसको लेकर विभिन्न राजनीतिक दल वाले कई जगहों पर चुनावी कार्यालय खोल कर कार्यकर्तागण उसमें बैठकर पार्टी का काम करते हैं. जनसंपर्क अभियान के साथ जनता से भी मिलना जुलना पार्टी के चुनावी कार्यालय में होता है. करीब एक पखवाड़े तक ऑफिस में गहमा गहमी बनी रहती है. खाने पीने ठहरने की भी समुचित व्यवस्था होती है. गोड्डा लोकसभा लोकसभा क्षेत्र में कई जगहों पर पार्टी कार्यालय खोले गए थे. अधिकांश राजनीतिक दल वालों का कार्यालय खुलते हैं. पार्टी दफ्तर को चलाने के लिए खर्च भी काफी करना पड़ता है. जो सभी दल वालों के लिए संभव नहीं है. अब जब चुनाव संपन्न हो गया है तो ऐसे चुनावी कार्यालय में विरानी छा गई है. जीत हार का मंथन करने की जगह अब शिफ्ट होकर शहर के चौक चौराहों पर चाय दुकान तक पहुंच गई है. चुनाव की अधिसूचना के बाद से ही राजनीतिक दलों एवं उनके कार्यकर्ताओं की सक्रियता भी काफी बढ़ जाती है. जीत का सेहरा तो किसी एक के सर ही बंधेगा. वो किसको मिलेगा, इसके लिए चौबीस घंटे का इंतजार करना होगा.

# एयर एंबुलेंस से मतदानकर्मी को पहुंचाया रांची अस्पताल

## हार्ट अटैक आने पर एसपी ने मंगवाया था एयर एंबुलेंस



**संवाददाता। गोड्डा**

मतदान कार्य में लगे कर्मी की अचानक तबियत खराब हो जाने पर जिला पुलिस प्रशासन की पहल पर एयर एंबुलेंस के जरिए एयरलिफ्ट कर रांची ले जाया गया. बीते शनिवार की देर संध्या चुनाव संपन्न हो जाने के बाद एका एक गोड्डा कॉलेज मैदान पर हेलीकॉप्टर के उतरने से तरह-तरह की चर्चा होने लगी. विभिन्न तरह की बातें हवा में फैलने लगी. बाद में यह स्पष्ट हुआ कि किसी अधिकारी की एका एक तबियत खराब हो जाने से उन्हे रांची ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस आया है. इस संबध में जिला पुलिस अधीक्षक के कार्यालय से जानकारी मिली कि बसंतराय थाना अंतर्गत बूथ संख्या 32 सांचपुर सांखी में प्रतिनियुक्त पी1 सहायक शिक्षक मो नसीम अख्तर को हार्ट अटैक होने की वजह से तबियत खराब हो गई थी. पुलिस अधीक्षक को खबर मिलने के बाद उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को दिया और एयर एंबुलेंस की मांग की. जिसपर एयर एंबुलेंस पहुंचा और समय पर एयरलिफ्ट कर मतदान कर्मी को बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया.

# चितल हिरण को ग्रामीणों ने पकड़ कर वन विभाग को किया सुपुर्द

## घायल अवस्था में जंगल से भटक कर आया था हिरण

**तिसरी (गिरिडीह)।**

गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में घायल अवस्था में जंगल से भटक कर आए एक चितल हिरण को ग्रामीणों ने पकड़ कर वन विभाग को सुपुर्द कर दिया.
रविवार की सुबह प्रखंड के खिजुरी पंचायत अंतर्गत निमाडीह गांव के पास ग्रामीणों ने 10-12 आवारा कुत्तों से घिरे एक जंगली चितल हिरण को देखा. हिरण घायल अवस्था में अपनी जान बचाता हुआ इधर-उधर भाग रहा था. जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उस हिरण को आवारा कुत्तों से बचाते हुए उसे पकड़ लिया, साथ ही तिसरी वन विभाग को मामले की सूचना दी .
जिसके बाद वनपाल अमर विश्वकर्मा, दिनेश दास आदि मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उस हिरण को गाड़ी में लादकर तिसरी बिट कार्यालय लाया गया. इस संबंध




में ग्रामीण नंदलाल यादव ने बताया कि सुबह 6:30 बजे पास स्थित जंगल की ओर से एक हिरण आता दिखा जिसके पीछे कई आवारा कुत्ते लगे थे. अन्य लोगों के सहयोग से उस हिरण को आवारा कुत्तों से बचाकर वन विभाग के हवाले किया गया. उन्होंने बताया कि पास स्थित देवरी और बिहार से सटे पहाड़ी वाले जंगल से आए ऐसा हिरण उस इलाके में कई बार देखा गया है.
बहरहाल वनपाल समेत अशोक कुमार, पवन विश्वकर्मा, दिनेश दास आदि वनकर्मियों की उपस्थिति में तिसरी के बिट कार्यालय में पशु चिकित्सकों द्वारा घायल हिरण का उपचार किया जा रहा है. उसके शरीर पर ज़ख्म के कई निशान हैं . वनपाल अमर विश्वकर्मा ने बताया कि चिकित्सा के बाद वरिय पदाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्यवाही की जाएगी.

# काउंटिंग ऑब्जर्वर ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण

## मतगणना केंद्र की व्यवस्थाएं, तैयारी और मतगणना हाल का लिया जायजा

**खास बातें**

- पोस्टल बैलेट हाल का भी किया निरीक्षण
- डीडीसी, एएमसी समेत अन्य पदाधिकारी थे मौजूद

**संवाददाता। बोकारो**

06 गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए चिन्हित चास स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति के मतगणना केंद्र का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त गणना प्रेक्षक हरीश एन एंडकोनकर ने रविवार को निरीक्षण किया. मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, भवन प्रमंडल के कार्यपालक



अभियंता अमृत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे.
मौके पर गणना प्रेक्षक (काउंटिंग ऑब्जर्वर) ने क्रमवार 35. बेरमो विधानसभा क्षेत्र, 42. टुंडी विधानसभा क्षेत्र एवं 43. बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना हाल का जायजा लिया. उन्होंने मतगणना कर्मियों एवं काउंटिंग एजेंट के प्रवेश – निकासी की जानकारी ली. विधानसभा वार टेबलों की संख्या की जानकारी ली. इस दौरान वज्रगृह से मतगणना हाल कंट्रोल यूनिट को ले जाने एवं गणना के पश्चात ईवीएम-वीवीपैट को सील कर वेयर हाउस में ले जाने के संबंध में उप विकास आयुक्त से पूरी तैयारी की जानकारी ली.
वहीं, गणना प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट हाल का भी निरीक्षण किया और संबंधित पदाधिकारियों से जरूरी जानकारी प्राप्त की.
उप विकास आयुक्त एवं अपर नगर आयुक्त ने बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाइल फोन, माचीस, लाइटर, वॉटर बॉटल, तंबाकू, सिगरेट, इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट, च्युइंग गम आदि लेकर प्रवेश प्रतिबंधित है.
जानकारी हो कि, 06 लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त मतों की गणना आगामी 04 जून को होनी है. इसको लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है.

# मतदान केंद्र की दूरी को लेकर ग्रामीणों ने चुनाव के दिन जताया था विरोध

## वाहन उपलब्ध होने पर ग्रामीण मानें, बूथ पर जाकर दिया वोट

**संवाददाता। गोड्डा**

गोड्डा जिला के मेहरमा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बहीरा के ग्रामीणों ने चुनाव में भाग लेने से इनकार कर दिया था. ग्रामीणों का कहना था कि मतदान स्थल उनके गांव से करीब पांच किलोमीटर की दूरी पर है. जिसके लिए हर ग्रामीणों के लिए वहां पहुंचना संभव नहीं है. इस बात को लेकर चुनाव के दिन ग्रामीणों ने अपना वोट देने से ही इनकार कर दिया और मतदान में हिस्सा लेने नहीं गए. इस बात को लेकर गांव में ही रहकर इस व्यवस्था का विरोध कर रहे थे. इस बात की खबर जब जिला के अधिकारियों को मिली तो प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को मनाने का कार्य किया.



ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी इसकी शिकायत प्रखंड के पदाधिकारी को किया गया था और पदाधिकारी ने यह आश्वासन दिया था कि मतदान के दिन मतदान स्थल तक पहुंचने के लिए वाहन की व्यवस्था करा दी जाएगी. मगर चुनाव के दिन ऐसा नहीं हुआ. इस बात से ग्रामीणों में आक्रोष था और वोट का बहिष्कार कर दिया. ग्रामीणों को मनाने के लिए पहुंचे अधिकारी ने आखिरकार काफी देर तक मान मनौव्वल किए जाने के बाद ग्रामीणों को वाहन की सुविधा प्रदान की गई और फिर ग्रामीणों ने मतदान स्थल पर पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लिया.

## रजरप्पा थाने में जहरीला सांप निकलने से मची अफरा-तफरी

संवाददाता। रामगढ़

रजरप्पा थाने के मेस में रविवार को एक विषैला सांप निकलने से पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई. मेस के पास सबसे पहले मुंशी प्रेमचंद यादव ने सांप देखा. बताया कि सबसे खतरनाक सांप सियरचंद्वा था. हालांकि पुलिसकर्मी द्वारा सांप को रेस्क्यू कर लिया गया और फिर दूर जंगल में छोड़ दिया गया.

इसके बाद थाने की पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली. बताया गया कि थाने के मुंशी को किसी काम से मेस में आना हुआ तो उन्होंने देखा कि मेस में एक जहरीला सांप घूम रहा है, जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत थाना प्रभारी को दी. इसके बाद थाना प्रभारी के निर्देश पर थोड़ी देर बाद थाने में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मशक्कत कर सांप को रेस्क्यू कर उसे जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया. थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने बताया कि सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छुड़वा दिया गया है. मेरी लोगों से अपील है कि सांपों को मारने के बजाए उन्हें पकड़वाकर जंगलों में छोड़ दें ताकि उनकी प्रजाति विलुप्त होने से बची रहे.



**खास बातें**
- पुलिस कर्मचारियों ने सांप का रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया
- थाना प्रभारी ने लोगों से सांप को नहीं मारने की अपील की

इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल व मुन्ना सिंह ने भाजपा के कथित फर्जी एग्जिट पोल से जनता को किया सचेत

## एग्जिट पोल भारतीय जनता पार्टी की हताशा का प्रमाण : पटेल

संवाददाता। हजारीबाग

जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया. इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे. पटेल ने भाजपा द्वारा प्रचारित किए जा रहे भ्रामक एक्जिट पोल पर गहरा असंतोष जताया और इसे भाजपा की हताशा का प्रमाण बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा की यह चाल कांग्रेस पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता और जनता के समर्थन से घबराहट का परिणाम है.

इस महत्वपूर्ण सभा में कांग्रेस पार्टी की जिला समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या मेंउपस्थित रहे. मुन्ना सिंह ने भी सभा को संबोधित करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया और उन्हें आने वाले चुनावों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया. उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सच्चाई और जनसेवा के मार्ग पर चलते हुए जनता के हितों की रक्षा करती रहेगी. प्रेस कांफ्रेंस में उपस्थित सभी लोगों ने जय प्रकाश भाई पटेल और मुन्ना सिंह की बातों का समर्थन किया और पार्टी के प्रति अपनी वफादारी और प्रतिबद्धता व्यक्त की. मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निशार ख़ान, अशोक देव, अजय गुप्ता, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, केडी सिंह, इत्यादि लोग उपस्थित रहे थे.



प्रेस वार्ता करते कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश पटेल, मुन्ना सिंह व अन्य.

### जनता ने गठबंधन को नकारा, पीएम मोदी पर फिर जताया विश्वास : अन्नपूर्णा

**कोडरमा।** कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यह पूरी तरह सत्य साबित होगा. उन्होंने कहा कि जनता ने ठगबंधन को पूरी तरह रिजेक्ट करते हुए पीएम मोदी पर विश्वास जताया है. जनता का विश्वास विकसित भारत को लेकर है. इंडिया गठबंधन के लोग दुष्प्रचार में लगे रहे, लेकिन देश की जनता ने विकास को प्राथमिकता दी. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से देश सशक्त हो रहा है. आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है. देश में हर क्षेत्र में विकास का पहिया आगे बढ़ा है. गरीबों का तेजी से उत्थान हो रहा है. गांव से शहर तक आधारभूत संरचनाओं को बहाल की गई है. साथ ही अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया गया. विकास का बेहतर परिणाम 4 तारीख को देखने को मिलेगा. एग्जिट पोल यथावत रहेगा और एनडीए गठबंधन 400 पार करेगा. अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि ठगबंधन को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है. अगले पांच साल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर होगा.


अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेत्री

### ब्रीफ खबरें

**13 जुआड़ियों को बेल बाउंड भरवा कर छोड़ा**

**हजारीबाग।** लोहसिगना थाना पुलिस ने शनिवार रात 2:00 बजे 13 जुआड़ियों को पकड़ उनके पास से लगभग 12 हजार रुपये जब्त किए. वहीं एक आरोपी युवक ने बताया कि छोड़ने के एवज में 20 हजार रुपये की मांग पुलिस कर रही है. वहीं इस संबंध में लोहसिगना थाना प्रभारी ने पूछे जाने पर बताया कि यह आरोप निराधार है. रात 2:00 बजे पुलिस ने 13 लोगों को पकड़ा था. रात ज्यादा होने के कारण उन्हें सदर थाने की हाजत में रखा गया था. रविवार को इन लोगों को बेल बाउंड भरवा कर छोड़ दिया गया है. ये सभी छोटे जुआड़ी थे.

**नॉलेज जंक्शन का किया गया उद्घाटन**

**रामगढ़।** झंडा चौक में रविवार को रामगढ़ कॉलेज के अध्यक्ष नितेश कुमार मोदी ने नॉलेज जंक्शन नामक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि नॉलेज जंक्शन विद्यार्थियों के लिए कम कीमत में बेहतर व्यवस्था देने का कार्य करता है ताकि विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने का मौका मिले. बताया कि नॉलेज जंक्शन आरंभ करने वाले दो छात्रों आदर्श झा और शौर्य प्रतीक ने यह विचार लाया कि विद्यार्थियों के लिए एक लाइब्रेरी हो जो उन्हें आगे बढ़ने में मदद कर सके.

**शव मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज**

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पारतुम्बा गणेशी टांड़ जंगल में मिले शव की पहचान शनिवार देर रात को बड़ा बाजार थाना क्षेत्र स्थित खिरगांव पांडेय टोला निवासी अमर पांडेय के रूप में हुई है. थाने में बेटे रिशु ने हत्या का मामला दर्ज कराया है. तुम्बा गांव के प्रेमनाथ व महिला सुषमा देवी पर उनकी हत्या करने का संदेह जताया गया है. अमर पांडेय 30 मई की रात 11 बजे घर से निकला था. इसके बाद 31 मई की शाम अज्ञात अवस्था में पार तुम्बा गणेशी टांड़ जंगल समीप उनका शव मिला था.

**शतचंडी महायज्ञ को लेकर किया विचार**

**हजारीबाग।** श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर ओकनी बड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में पूर्व वार्ड पार्षद विश्वनाथ विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई. इसमें मुहल्ले के सम्मानित लोगों ने यज्ञ को सफल बनाने पर चर्चा की. 9 जुलाई को ग्राम देवता की पूजा करने के उपरांत 10 जुलाई को कलश यात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ की शुरुआत की जाएगी. 16 जुलाई को हवन के साथ संपन्न कर भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा.

शहर की समस्या : नाली जाम होने के कारण सड़क पर जमा रहा है पानी

## बारिश ने खोली निगम की पोल

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में हल्की बारिश होने के बाद नगर निगम की पोल अब धीरे-धीरे खुलने लगी है. कहीं सड़क पर पानी जम रहा है, तो कहीं नाली जाम है, जबकि अभी बरसात आनी बाकी है. नगर निगम लगातार शहर के 36 वार्डों में मूलभूत सुविधाएं देने का दावा करता रहता है. इस बीच, शनिवार देर शाम हल्की बारिश हुई जिसमें कटकमसांडी रोड स्थित पगमिल मस्जिद के पास ओकनी रोड पर बनी नाली जाम हो गई और गंदा पानी सड़क पर जम गया. इसमें दर्जन भर लोग गिरते नजर आए. सड़क पर पानी इतना जमा हुआ था कि टुकटुक रिक्शा को पार करना असंभव था. वह सड़क पर जमे पानी में ही पैसेंजर को उतारने को मजबूर था. ऐसे में स्थानीय लोग नगर निगम पर खूब सवाल उठा रहे हैं.

**गिरकर चोटिल हो रहे लोग**

कई लोगों ने तो यह भी बताया कि नगर निगम टैक्स समय से लेता है और टैक्स समय पर भुगतान नहीं करने वाले नागरिक को वह फाइन भी करता है, लेकिन जगह-जगह सड़क पर पानी जाम है और नगर निगम खामोश बैठा हुआ है. इस संबंध में नगर सहायक आयुक्त ने पूछे जाने पर कहा कि नगर निगम क्षेत्र में बनी नदियों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा. बरसात आने से पहले नालियों की सफाई करवाई जाएगी.



सड़क पर जमा पानी और उसी में रोककर रिक्शा से उतरते लोग( बाएं). सड़क पर जमा पानी में लगभग डूबे दोपहिया वाहनों को निकालते लोग( दाएं).

### क्या कहते हैं स्थानीय लोग

**सड़क पर जमा पानी में गिर रहे हैं लोग : अनारूल**



इस संबंध में पगमिल स्थित दुकानदार अनारुल हक ने बताया कि शनिवार को हल्की बारिश हुई थी और नाली जाम होने के कारण सड़क पर पानी जम गया, जिसमें लगभग एक दर्जन लोग गिर गए. किसी के हाथ में चोट आई, तो किसी के पांव में. नगर निगम नाली को साफ करवा देता तो सड़क पर पानी नहीं जमता.

**सड़क पर पानी होने से नहीं रुकते हैं ग्राहक : मुन्ना**



दुकानदार मुन्ना ने बताया कि जिस जगह पर पानी जमा होता है, उसी जगह एक छोटी सी दुकान है. यहां पानी जमा होने के कारण ग्राहक रुकना नहीं चाहते हैं. अगर बरसात आने से पहले नगर निगम नाली को साफ करवा दे तो सड़क पर पानी नहीं जमेगा. अगर नाली की सफाई नहीं करवाई गई तो बरसात में भुखमरी के कगार पर आ जाएंगे.

**बरसों से नाली की नहीं की गई है सफाई : समीर**



इस संबंध में स्थानीय निवासी समीर ने बताया कि सड़क के किनारे लाखों रुपये की लागत से वर्षों पहले नाली बनी थी, लेकिन नाली की कभी सफाई नहीं हुई और यही कारण है कि सड़क पर पानी जमा हो रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम में सफाई कर्मी ही नहीं हैं. जो सफाई कर्मी थे वह सब नगर निगम के अधिकारी बन चुके हैं. कुछ सफाई कर्मी हैं भी तो वे काम करना नहीं चाहते हैं. अगर सफाई कर्मी सफाई करते तो सड़क पर पानी जमा नहीं होता.

**कई बार विभाग को दी गई है सूचना : विकास चौधरी**



विकास चौधरी ने बताया कि कई बार नगर निगम को सूचना दी गई है, लेकिन उसके द्वारा नाली को साफ नहीं किया गया. पिछले वर्ष भी यहां पानी जमा होता था और आज भी हो रहा है. अब नाली का पानी घरों में घुसने लगा है. बरसात में काफी समस्या होती है. नगर निगम केवल टैक्स पर ध्यान देता है. उन्होंने यह भी कहा कि नगर निगम केवल दिखावे के लिए बैठक पर बैठक करवाता है और वह नाली की सफाई न कर सरकार एवं हजारीबाग जिला वासियों को गुमराह कर रहा.

निमाडीह में जलमीनार की गुणवत्ता की पोल खुली

## आंधी-बारिश में निर्माणाधीन जलमीनार ढह कर गिर गया


निमाडीह में आंधी और बारिश में गिरा हुआ जलमीना.

संवाददाता। कोडरमा

नवलशाही थाना क्षेत्र की कुंडीधनवार पंचायत के निमाडीह में निर्माणाधीन जलमीनार ढह कर गिर गया. लगभग एक लाख लीटर की क्षमता वाले इस जलमीनार का निर्माण कार्य जल नल योजना के अंतर्गत एकेजी कंस्ट्रक्शन रांची द्वारा कराया जा रहा था. उक्त योजना के अंतर्गत लगभग सवा दो सौ करोड़ रुपये की लागत से डोमचांच जयनगर व कोडरमा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जलमीनार का निर्माण कराया जाना था. इसी श्रृंखला में नीमाडीह में भी लगभग एक लाख लीटर की क्षमता वाले जलमीनार का निर्माण कार्य चल रहा था, लेकिन पहली बारिश के साथ आई आंधी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की पूरी पोल खोल कर रख दी. शनिवार दोपहर को आई आंधी और बारिश में लगभग चौबीस मीटर ऊंचाई के पिलर के साथ उक्त निर्माणाधीन जलमीनार भरभरा कर गिर गया. संयोग रहा कि वहां मजदूर नहीं थे अन्यथा एक बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता था.

## चुनाव आचार संहिता हटते ही विकास कार्य हो जाएंगे शुरू

संवाददाता। चौपारण

लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मार्च को अधिसूचना जारी होते ही देश के साथ प्रखंड में भी आचार संहिता लागू हो गई थी, जिससे विधायक व सांसद मद से होने वाली कई नई योजनाओं पर ब्रेक लग गया था. ढाई माह से विकास कार्यों की न तो समीक्षा हुई और न ही नए कार्य शुरू हुए, न ही पंचायतों और न ही ब्लॉकों में नए कार्यों की स्वीकृति मिली. पूरा प्रशासनिक अमला लोकसभा चुनाव कराने में व्यस्त था. चौपारण प्रखंड में 20 मई को निर्वाची पदाधिकारी सह संजय यादव के नेतृत्व में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ, जिसमें चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के साथ मतदान कर्मियों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा. अब चुनाव प्रक्रिया अंतिम पायदान पर है. एक दिन बाद 4 जून को देशभर में मतगणना होने वाली है. इसके बाद केंद्र में एक नई सरकार का गठन होगा. चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही आचार संहिता खत्म हो जाएगी. चुनाव आचार संहिता के खत्म होने के साथ ही विभागों में एक बार फिर योजनाओं की फाइलें खुलने लगेंगी. लंबित कार्यों को पूरा कराने को लेकर भी तेजी आएगी. गांव की सरकार फिर से पंचायतों के विकास में जुट जाएंगे. विधानसभा चुनाव को देखते हुए विधायक मद से भी कई लंबित व नए कार्य पर फोकस होगा. नए सांसद से भी क्षेत्रवासियों को कई उम्मीदें होंगी. वहीं आचार संहिता के कारण लगी कई पाबंदियां भी हट जाएंगी. सरकारी योजनाओं की घोषणा, शिलान्यास व उद्घाटन का दौर भी शुरू होगा.

## दुर्घटना से पीड़ित परिवार से मिलीं विधायक सुनीता चौधरी


पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी.

संवाददाता। रामगढ़

शहर के छोटकी मुर्राम, विद्यानगर में हुए दर्दनाक हादसे के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि शांत माहौल में यहां के लोग जीवन यापन करते हैं. अपराधियों द्वारा दर्दनाक घटना को अंजाम देने के बाद यहां के लोगों में काफी दहशत का माहौल है . विशेष कर महिलाओं और बच्चों में भय का माहौल है, क्योंकि हर घर के पुरुष काम करने के लिए बाहर निकल जाते हैं. मौके पर विधायक ने एसपी डॉ. विमल कुमार और थाना प्रभारी रामगढ़ से वार्ता कर इस जघन्य घटना का जल्द से जल्द पर्दाफाश कर दोषियों को गिरफ्तार करने का आग्रह किया. एसपी ने भी आश्वस्त किया कि इसमें संलिप्त अपराधी किसी भी हाल में नहीं बचेंगे.

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सृजन एकेडमी के विद्यार्थी हुए सम्मानित

## सफलता को लक्ष्य का निर्धारण जरूरी

संवाददाता। रामगढ़

चितरपुर स्थित सृजन एकेडमी में सोमवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद वर्मा मौजूद थे. उन्होंने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा व झारखंड पॉलिटेक्निक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सृजन एकेडमी के विद्यार्थियों को मोमेंटो व उपहार देकर सम्मानित किया.

कहा कि सफलता के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है. इसलिए सभी छात्र अनुशासित होकर लक्ष्य का निर्धारण कर पढ़ाई करें तो सफलता जरूर मिलेगी. वहीं सृजन एकेडमी के निदेशक शेखर कुमार दांगी ने उच्च स्थान प्राप्त करने लिए बच्चों को कठिन परिश्रम हेतु प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया. ज्ञात हो कि सीबीएसई दशवी की परीक्षा में सृजन एकेडमी के नैय्यर हसन खान को 96.2 प्रतिशत, इंशा एहसान खान को 95 प्रतिशत, जान्हवी वर्मा को 94.4 प्रतिशत, जुनेरा मिस्बाह को 90 प्रतिशत, मनीषा कुमारी को 88.8 प्रतिशत, अरसलान खान को 87 प्रतिशत, आर्यांश पांडेय को 86 प्रतिशत, अनमोल कुमार को 83.6 प्रतिशत, अश्विनी कुशवाहा को 82.8 प्रतिशत, अशद अहमद को 81 प्रतिशत, अक्षिता मेहता को 80.2 प्रतिशत एवं अंकित गुप्ता को 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए. इंशा एहसान खान को सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, नैय्यर हसन खान को संस्कृत में 100 अंक, जान्हवी वर्मा को गणित में 99 अंक प्राप्त हुए. वहीं झारखंड पॉलीटेक्निक परीक्षा में पूरे राज्य में इंशा एहसान खान को 78वां स्थान, जान्हवी वर्मा को 372वां स्थान एवं मनीषा कुमारी को 731वां स्थान प्राप्त हुआ.


सृजन एकेडमी में सम्मानित किए गए प्रतिभाशाली बच्चे.

## एसबेस्टस सीट चढ़ाते वक्त वज्रपात से व्यक्ति की मौत

संवाददाता। चौपारण

चैथी कात्यानी मंदिर के पीछे घर पर एसबेस्टस सीट चढ़ाने के क्रम में अचानक आंधी-तूफान व गरज के साथ बारिश होने लगी. इसी बीच वज्रपात हुआ और अलबेस्टर सीट चढ़ा रहे 40 वर्षीय अशोक साव एवं प्रकाश साव के 17 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गये. घायलों को बेहोशी की स्थिति में सामुदायिक अस्पताल ले गया. जहां गंभीरावस्था को देखते हुए हजारीबाग रेफर कर दिया. परिजनों ने घायल अशोक को आरोग्यम अस्पताल में ले गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. परिजनों ने अशोक के शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए ले गया. पोस्टमार्टम रिपोट में वज्रपात से मौत होने स्थिति पर आपदा राहत से पीड़ित परिवार को 4 लाख मुआवजा राशि मिलेगी.

विडंबना आजादी के 75 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं करीब 40 घरों के 200 से ज्यादा लोग

## आदिवासी बहुल बंधुआडीह के ग्रामीण चुएं का पानी पीने को विवश

संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल इलाका बंधुआडीह पंचायत गोरहर के ग्रामीणों को इस भीषण गर्मी में पेयजल संकट से दो-चार होना पड़ रहा है. लोग चुआं खोदकर पानी पीने को विवश हैं. कूल 40 घरों वाले गांव में 200-250 लोग निवास करते हैं, परंतु यहां मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है. यहां के बच्चों को पढ़ाई करने के लिए दो किलोमीटर दूर भैयाडीह जाना पड़ता है.

1.5 किलोमीटर दूर पाला गांव आंगनबाड़ी जाना पडता है. विकास के नाम पर यहां राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत बिजली मुहैया कराई गई है. राशन लाने के लिए डीलर के पास गोरहर चार किलोमीटर जाना पडता है. अभी तक इस गांव में लोगों को अबुआ आवास से वंचित रखा गया है. एक चापाकल है भी तो वह वर्षों से खराब पड़ा हुआ है. रविवार को गांव की समस्याओं से स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, स्थानीय वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो ने गांव पहुंचकर रूबरू हुए. अतिशीघ्र पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों को निजात दिलाने का आश्वासन दिया है.

### समस्या से जल्द निजात दिलाने का प्रयास किया जायेगा : जिपस


चुएं से पानी ले जाते ग्रामीण. इस गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं की कमी का सामना कर रहे हैं.

### पानी के अभाव में लोग पंद्रह दिन तक स्नान नहीं कर पाते

इस संदर्भ में जिप सदस्य ने कहा कि जल–नल योजना के तहत लोगों को पानी अतिशीघ्र मुहैया कराया जायेगा. ग्रामीण सुरेश सोरेन ने बताया कि गांव में पानी के अभाव के चलते लोग पंद्रह दिनों तक स्नान नहीं करते हैं. पीने के लिए पानी चुआं से लाते हैं. मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि आजादी के इतने वर्षों के बाद भी शुद्ध पेयजल नहीं मिलना. वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो ने कहा कि नेता लोग चुनाव के समय आते हैं और बड़े–बड़े वादे करके चुनाव के बाद रफूचक्कर हो जाते हैं. भोलीभाली जनता अपने आप को विकास के नाम पर ठगा महसूस करते हैं. मुखिया प्रतिनिधि ने बताया कि लोगों को राशन लाने के लिए डीलर के पास गोरहर चार किलोमीटर जाना पडता है. अभी तक इस गांव में लोगों को अबुआ आवास से वंचित रखा गया है. वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो ने कहा कि नेता लोग चुनाव के समय आते हैं और बडे-बडे. वादे करके चुनाव के बाद रफूचक्कर हो जाते हैं. भोलीभाली जनता अपने आप को विकास के नाम पर ठगा महसूस करते हैं.

## 82वीं जयंती पर याद किए गए दिवंगत कांग्रेस नेता पीएन सिंह

संवाददददाता। हजारीबाग

जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की 82वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने की. इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी सह प्रखर समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि बाबू पीएन सिंह आजीवन कांग्रेसी रहे. वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य तथा 1985 से 1987 तक सयुंक्त बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव और 1987 से 1990 तक लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे. कार्यकारिणी के सदस्य रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बिहार से झारखंड अलग होने पर वे रियाडा के चेयरमैन तथा 1999 से 2004 तक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष रहे. मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, अशोक देव, मिथिलेश दुबे, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, साजिद अली खान, दिलीप कुमार रवि, रघु जायसवाल, सदरूल होद्दा, माशूक अंसारी, अफताब आलम, बाबर अंसारी, कौशल कुमार सिंह, अमृतेष रंजन आदि मौजूद थे.

**खास बातें**
- अपने जीवनकाल में पार्टी के कई अहम पदों पर रहे
- झारखंड कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष भी रहे

झारखंड के आसमान में बादल मंडराने लगे हैं, लेकिन बिजली की आंख मिचौली के बीच उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल रही है.गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने और मांग के अनुरुप बिजली की आपूर्ति नियमित नहीं होने की वजह से लोगों की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही है. किरीबुरू जैसे कुछ इलाकों को छोड़कर अन्य स्थानों में बिजली की हालत इस समय काफी बुरी है. कहीं कहीं को सात से आठ घंटे ही बिजली मिल रही है. ग्रामीण इलाकों की स्थिति और खराब है. इस भीषण गर्मी में लोगों को दिन काटना मुश्किल हो रहा है. गर्मी के दौरान बिजली नहीं रहने से कामकाज तो प्रभावित हो ही रहे हैं. खासकर बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है. इस समय लोड शेडिंग कर काम चलाया जा रहा है. लोग कहते हैं यह विभाग की ओर से सिर्फ खानपूर्ति हो रही है, ताकि लोग हो हल्ला नहीं मचाए. वे कहते हैं कि सरकार नियमित बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करे नहीं तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा. शुभम संदेश की टीम ने इस संबंध में विभिन्न जिलों में लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.

## भीषण गर्मी में बिजली कटौती से परेशानी बढ़ी, लोगों में आक्रोश

# नियमित बिजली मिले, नहीं तो आंदोलन

1. विभाग लोड शेडिंग कर खानापूर्ति कर रहा है
2. मंडरा रहे हैं बादल, पर भीषण गर्मी से राहत नहीं
3. कई इलाकों में सात से आठ घंटे ही मिल रही बिजली
4. दिनचर्या प्रभावित, बच्चों की पढ़ाई पर भी असर



### रांची


राजधानी रांची में बढ़ती गर्मी में बिजली की स्थिति लचर हो गई है. दिन हो या रात पावर कट की परेशानी बनी हुई है. गर्मी में बिजली की कटौती से लोग काफी नाराज है, लोगों ने कहा कि राजधानी बने हुए 24 साल हो गये लेकिन राजधानी में बिजली की बेहतर व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है. आज भी रात में काफी देर के लिये बिजली गुल हो जाती है. इस व्यवस्था में सुधार की जरूरत है.

#### रात में कटती है बिजली तो सोना मुश्किल हो जाता है : ओबेदुल्लाह




लेक रोड निवासी मो ओबेदुल्लाह ने कहा कि दिन में तो बिजली कटती ही है, लेकिन कम से कम रात में तो बिजली नहीं काटनी चाहिये. रात में बिजली कटने से रात में सोना भी मुश्किल हो जाता है. बिजली विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है. ताकि बढ़ती गर्मी में दिन भर काम से आदमी घर वापस जाये तो रात में आराम कर सके. लेकिन बिजली कटौती की वजह से रात काटना भी कठिन हो जाता है.

#### सर्दी में नहीं खलती पर गर्मी की रात बिजली कटना भारी पड़ता है : अतहर




डॉ. फतेउल्लाह रोड निवासी अतहर इमाम ने कहा कि बिजली की कटौती गर्मी में अधिक परेशान करती है. सर्दी के दिनों में रात में बिजली का कटना उतना नहीं खलता है, लेकिन गर्मी में रात में बिजली के कटने से सोना भी मुश्किल हो जाता है. इसलिये कम से कम रात में बिजली नहीं काटनी चाहिये. उन्होंने कहा कि दिन के समय बिजली कुछ समय के लिए कटने और फिर रात में पूरी तरह देने से कम से कम रात गुजारना आसान हो जायेगा.-

#### काम कर रात में घर जाते हैं, बिजली गुल होने से आराम तक नहीं कर पाते : सुहैल



चर्च रोड निवासी सुहैल सईद ने कहा कि बिजली की कमी रात में बहुत अधिक खलती है. हम लोग तो दिन में घर से बाहर काम के लिये निकल जाते हैं. दिन भर महनत करते हैं, तब घर का खर्चा चलता है. और ऐसे में जब रात में थककर आराम करने के लिये घर आते हैं, तो बिजली की आंख मिचौली होने पर बड़ा गुस्सा आता है. दिन भर धूप में काम करते हैं और रात में थोड़ा आराम भी नहीं कर पा रहे हैं.

#### अपनी राजधानी की बिजली तो चकाचक होनी चाहिए : कलीम



फतेउल्लाह लेन निवासी मो कलीम ने कहा कि गर्मी में बिजली की आंख मिचौली शुरू हो जाती है. तेज गर्मी में बिजली नहीं होने से रात के समय अधिक खलती है. सरकार को राजधानी की बिजली व्यवस्था चकाचक करने की जरूरत है. इस दिशा में पहल करने की जरूरत है. राजधानी बने हुए 24 साल हो गये, लेकिन यहां की बिजली की स्थिति अब भी पहले के ही समान है. आखिर रांची की बिजली कब सुधरेगी.


### चास

#### ट्रांसफार्मर फ्यूज होने की समस्या और भी गंभीर हो जाती है : क्रांति श्रीवास्तव



चीरा चास की क्रांति श्रीवास्तव ने कहा कि इस समय सबसे अधिक समस्या ट्रांसफार्मर फ्यूज होने और लोकल लोड के कारण शटडाउन करने से हो रही है. एक ट्रॉसफॉर्मर से लगभग 250 घरों को बिजली दी जाती है. जबकि इसकी क्षमता पावर के साथ अधिकतम 150 घरों को बिजली देने की है. जिससे ट्रांसफार्मर जलने और उड़ने की समस्या हो रही है. इनके मरम्मत के लिये भी इलाकों में शटडाउन किया जाता है जो लंबे समय के लिए होता है.


#### गर्मी बढ़ने के साथ बिजली व्यवस्था चरमरा गई है ,विभाग कुछ करे: प्रीति रवीश गुप्ता



चास की प्रीति रवीश गुप्ता का कहना है कि तापमान बढ़ने के साथ ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई है. गर्मी के प्रकोप के चलते बिजली की खपत बढ गई है. जिससे ट्रांसफार्मरों पर क्षमता से अधिक लोड पड़ रहा है. वहीं हीटिंग के चलते बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों में खराबी आ रही है. इससे ट्रिपिंग की समस्या बन गई है. बिजली विभाग को इस मामले में संवेदनशील होना चाहिए और इसके लिए कुछ करना चाहिए.

### रामगढ़

#### सात से आठ घंटे बिजली गुल रहती है झेलनी पड़ती है परेशानी : वारिस अहमद



वारिस अहमद कहते हैं कि पहले की अपेक्षा इस बार बिजली की कटौती कुछ ज्यादा ही हो रही है. शहरी क्षेत्र में प्रत्येक दिन 7 से 8 घंटे बिजली गुल रहती है. गर्मी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बिजली कर्मी से पूछने पर पता चलता है कि अत्यधिक लोड बढ़ने के कारण इस तरह की बिजली कट हो रही है. पता नहीं इस समस्या से निजात कब मिलेगी.

#### पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही,लोगों को काफी परेशानी होती है : कुश श्रीवास्तव



कुश श्रीवास्तव कहते हैं कि बिजली विभाग को गर्मी के दिनों में पर्याप्त बिजली उपलब्ध करानी चाहिए. लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है. शहरी क्षेत्र में 8 से 10 घंटे तक बिजली गुल रहती है लेकिन इसे देखने वाला कोई नहीं है. लोगों को इस समस्या से निजात मिलनी चाहिए. गर्मी के दिनों में बिजली पर्याप्त मिलनी चाहिए. कई बार बिजली विभाग को इस समस्या से अवगत कराया गया. लेकिन स्थिति जैसी की तैसी है . गर्मी में लोगों को बगैर बिजली की बहुत परेशानी होती है.

### आदित्यपुर

#### लोड शेडिंग कर बिजली देने से लोगों को परेशानी हो रही है : अवधेश सिंह



अवधेश सिंह कहते हैं कि आदित्यपुर में भीषण गर्मी पड़ रही है. बावजूद इसके पर्याप्त बिजली मिल रही है. हां कभी कभार यहां लोड शेडिंग के नाम पर दिन के दो बजे से बिजली कटती है. जो इस समय कष्ट दायक होता है. इसकी वजह से आम लोगों को थोड़ी परेशानी होती है. बिजली नहीं रहने से पानी की भी दिक्कत हो जाती है. अभी और भी गर्मी बढ़ेगी तो बिजली विभाग से आग्रह है कि वह लोड शेडिंग न कर नियमित बिजली दे. बिजली विभाग पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति करते रहे तो लोगों को राहत मिलेगी.

#### भीषण गर्मी में बिजली और पानी दोनों की ही दिक्कत होती है : मो. हाजी नाजिर हुसैन



मो. हाजी नाजिर हुसैन का कहना है कि मैं आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 21 स्थित मुस्लिम बस्ती में रहता हूं. मेरी बस्ती में अभी भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं. बिजली नहीं रहने से पानी की भी दिक्कत हो जाती है. बस्ती में इस गर्मी में चार से पांच घंटे बिजली बंद रहती है. हमारे यहां झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम की बिजली आपूर्ति की जाती है. बिजली नहीं मिलने से पानी की भी दिक्कत हो जाती है. राज्य सरकार ने 125 यूनिट बिजली फ्री कर तो दी है. लेकिन जब बिजली ही नहीं रहेगी तो निःशुल्क बिजली का क्या फायदा. सरकार को इस दिशा में ध्यान देने की जरुरत है. ताकि लोग इस भीषण गर्मी में परेशानी से बच सके.

### चक्रधरपुर

#### हल्की आंधी-बारिश होने पर घंटों काट दी जाती है बिजली, आपूर्ति में सुधार हो : जयंत प्रधान



चक्रधरपुर प्रखंड की केन्दो पंचायत के देवगांव निवासी जयंत प्रधान ने कहा कि हल्की आंधी-बारिश होने पर घंटों विभाग द्वारा बिजली काट दी जाती है.बिजली की समस्या से सबसे ज्यादा परेशान ग्रामीण क्षेत्र के लोग रहते हैं.ग्रामीण क्षेत्र में तीन-चार दिनों तक लगातार बिजली नहीं रहती है.जबकि बिजली विभाग हर महीने बिल भेजता है. जब विभाग बिजली बिल में किसी प्रकार की कटौती नहीं कर सकती है तो सेवा में सुधार लाये.

#### बिजली कटने पर अक्सर मेन लाइन में ब्रेक डाउन होने की दी जाती है जानकारी: अमित गोयल



चक्रधरपुर निवासी अमित गोयल ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिजली काट दी जाती है.कभी-कभी चार-पांच घंटे तक बिजली नहीं रहती है. सबसे ज्यादा परेशान रात के वक्त ही किया जाता है.वहीं बिजली कटने पर अक्सर बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मेन लाइन में ब्रेक डाउन या अन्य खराबी का हवाला दिया जाता है.जब विभाग समय पर बिजली बिल का पैसा लेती है तो व्यवस्था में आखिर सुधार क्यों नहीं लाती है.कई वार्ड व मोहल्ले में अब तक पुराने बिजली जर्जर पोल व तार लगे हुये है, जिसे बिजली विभाग द्वारा नहीं बदला जा रहा है.

### हुसैनाबाद

#### दिन में चार और रात में पांच घंटे मिलती है बिजली, जनता त्रस्त : बिरजू मेहता



भीषण गर्मी के बीच बिजली की समस्या पर हैदरनगर के बिरजू मेहता का कहना है कि पलामू जिले के हैदरनगर क्षेत्र में बिजली दिन में चार घंटे और रात में पांच घंटे रहती है. जिससे आम जनता इस चिलचिलाती धूप में बिजली की कमी से काफी परेशान है. जितनी बिजली दी जा रही है यह काफी नहीं है. इससे जनता त्रस्त है. अधिकारी जवाब नहीं दे पा रहे हैं. इस नौतपा के महीने में भीषण गर्मी में पंखा रहते हुए भी राहत नहीं मिल रही है . बूढ़े, बच्चे, महिलाएं अत्यधिक गर्मी से परेशान हैं. तापमान 47 डिग्री के पार कर जा रहा है. घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है. बिजली नहीं होने से खासकर बुजुर्ग एवं बच्चों की तकलीफें बढ़ गई है. आम जनता को 16 से 18 घंटा बिजली मिलनी चाहिए. जबकि मात्र लगभग 10 से 12 घंटा ही बिजली मिल पा रही है. जो जरूरत के मुताबिक नहीं है.

#### जरुरत के हिसाब से नहीं मिल रही है बिजली परेशानी में हैं शहर के लोग: डॉ. नादिर रिजवी



हुसैनाबाद नगर पंचायत के मशहूर डॉ. नादिर रिजवी कहते हैं कि बिजली की समस्या पहले से चली आ रही है. जिसके लिए कई बार आंदोलन भी किए गए.पहले आबादी कम थी और बिजली से चलने वाले उपस्करण भी कम थे. अब डिमांड अधिक और सप्लाई कम होने के कारण या तो लोड शेडिंग की जा रही है या ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बारी बारी से बिजली दी जा रही है. अलनीनो के कारण ग्लोबल वार्मिंग का सिलसिला चल रहा है, जिससे उत्तरी गोलार्ध के प्रायः हर क्षेत्र हीट वेब से जूझ रहे हैं. उपभोक्ता निरंतर निर्बाध बिजली चाहते हैं.

### बोकारो

#### गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की किल्लत से परेशान : प्रदीप नायक



बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के बहादुरपुर के व्यवसायी प्रदीप नायक ने कहा कि दो सप्ताह पहले तक क्षेत्र में बिजली की सप्लाई सुचारू रूप से चल रही थी, लेकिन धूप की तपिश बढ़ने व उमस भरी गर्मी की शुरुआत होते ही बिजली संकट शुरू हो गया है. 24 घंटे में मुश्किल से 5 से 7 घंटे बिजली मिल रही है. दिन में तो गर्मी से लोग परेशान हो जाते हैं, क्योंकि हर आधे घंटे में बिजली विभाग की ओर से बीजली कट रही है.

#### गर्मी में बिजली विभाग को उठाना चाहिए ठोस कदम : विकु कुमार



बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के बाराडीह निवासी विकु कुमार ने बताया कि गर्मी शुरू होते ही जब लोगों को बिजली की ज्यादा जरूरत पड़ती है, उसी समय बार बार बिजली काटकर विभाग लोगों को परेशान करता है. कई बार विभागीय अधिकारियों से लेकर प्रतिनिधियों को इसकी सूचना दी गई है लेकिन विभाग ने इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की है. उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए बिजली विभाग को ठोस पहल करने की जरूरत है.

#### तेज गर्मी से बचने के लिए तीन बार स्नान करते हैं : कमाल हसन



बोकारो जिले के जरीडीह प्रखंड के टोंडरा निवासी कमाल हसन ने बताया कि बिजली कब आये और कब चली जाए, इसकी कोई गारंटी नहीं. पिछले दो सप्ताह से बिजली की अनियमित आपूर्ति से ग्रामीण परेशान हो गए हैं. गर्मी से बचने के लोग दिन में सुबह, दोपहर एवं शाम में तीन बार स्नान करते हैं. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को इस मुद्दे पर पहल करनी चाहिए, ताकि आम लोगों को गर्मी से राहत मिल सके.

#### बिजली नहीं रहने से पंप सहित अन्य उपकरण भी बंद : रामसाय हांसदा



बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के पोंडा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रामसाय हांसदा ने कहा कि बिजली नहीं रहने से हर रोज मोबाइल, पानी पंप, छोटे छोटे बिजली से चलनेवाले उपकरण और मशीन ठप हो जाते हैं. इससे लोगों की परेशानी बढ़ गयी है. लोगों की परेशानी से बिजली विभाग के कोई लेना देना नहीं है. मोबाइल भी ठीक से चार्ज नहीं हो पाता है. इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि हमलोग बिजली की किस तरह की परेशानी झेल रहे हैं.

### लातेहार

#### बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

जिला मुख्यालय में लोग बिजली की आंख मिचौली से खासे परेशान हैं. एक तो पड़ रही प्रचंड गरमी उस पर अगर लोगों को बिजली नहीं मिले तो उनकी परेशानियों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है. विद्युत कनीय अभियंता अंकित लातेहार जिला मुख्यालय में फूल लोड बिजली मिलने का दावा करते हैं. लेकिन जब भी तेज हवा चलती है या बारिश होती है बिजली सेवा बाधित हो जाती है. पिछले शुक्रवार को रात भर बिजली आती और जाती रही. रात एक बजे मेन रोड में तार टूट जाने के कारण बिजली सेवा बाधित हो गयी. इसके बाद बिजली दूसरे दिन सुबह बहाल हुई. जबकि शनिवार को दोपहर आये अचानक आंधी तूफान के बाद शहर की बिजली सेवा बाधित हो गयी. शहर के कई मुहल्लों मे पेड़ बिजली के तारों पर गिर गये थे. शाम करीब सात बजे शहर के कुछ इलाकों मे बिजली सेवा बहाल हुई. इस दौरान बिजली आती और जाती रही. रात दस बजे बिजली अंबाकोठी क्षेत्र को छोड़ कर अन्य जगहों में बहाल की गयी.

### किरीबुरू

#### तकनीकी खराबी को छोड़ यहां करीब करीब 24 घंटे बिजली रहती है : आदित्य



किरीबुरु के न्यू कैम्प निवासी तकनीकी शिक्षा हासिल करने वाला युवा छात्र आदित्य झा ने बताया कि सेल नगरी किरीबुरु शहर में बिजली को कोई समस्या नहीं है. अगर तकनीकी खराबी को नजर अंदाज कर दिया जाये तो याहां लगभग 24 घंटे बिजली आपूर्ति सेल प्रबंधन आवासीय क्षेत्रों में करती है.

#### हमारे यहां लोड शेडिंग जैसी कोई समस्या ही नहीं है : कमला देवी



किरीबुरु निवासी कमला देवी ने कहा कि किरीबुरु शहर जैसी बिजली की सुविधा देश के सभी शहरों एवं गांवों के लोगों को मिलनी चाहिए. यहां लोड शेडिंग से संबंधित कोई समस्या नहीं है. लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि पेड़-पौधे की कटाई के कारण यह शहर गर्म हो गया है. यहां पहले कभी गर्मी नहीं पड़ती थी.

#### पहले गर्मी के मौसम में कंबल ओढ़कर सोना पड़ता था : शिमला सिंह



किरीबुरु निवासी शिमला सिंह ने कहा कि किरीबुरु में मेरे जन्म के बाद मेरा नाम शिमला इसलिए रख दिया गया, क्योंकि यहां का मौसम शिमला जैसा था. लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि आज तमाम लोग अपने-अपने घरों में एसी-कूलर लगाने को मजबूर हो गये हैं. पहले गर्मी के मौसम में भी लोगों को कंबल ओढ़कर सोना पड़ता था.

### धनबाद

#### बिजली व्यवस्था जितनी जल्दी हो सुधारी जाय,ताकि राहत मिले : ब्रजेंद्र सिंह



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से धनबाद में बिजली व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है. आए दिन 10 से 12 घंटे बिजली की कटौती की जा रही है. जिससे यहां का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है. इसे जितनी जल्दी हो सुधारा जाना चाहिए.

#### समस्या नई नहीं है, अभी 12 से 14 घंटे कट रही है बिजली: अखलाक अहमद



झरिया के अखलाक अहमद ने कहा कि गर्मी के दिनों बिजली की समस्या झेलना कोई नई बात नहीं है. इस समय 12 से 14 घंटे बिजली कट हो रही है .यह समस्या अधिकारियों की लापरवाही के कारण उत्पन्न होती है. अधिकारी सिर्फ उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल का भुगतान के लिए दबाव बनाते है. व्यवस्था भी सुधारे.

# अब जनता के फैसले की घड़ी

**आखिरी चरण की वोटिंग हो गयी, एग्जिट पोल के नतीजे भी आ गये हैं. लेकिन 4 जून को असल मतगणना ही तय करेगी कि नरेंद्र मोदी की सरकार हैट्रिक के साथ पुनर्वापसी करेगी या इंडिया गठबंधन के सिर पर ताज सजेगा. एग्जिट पोल के बाद उत्साहित एनडीए के रणनीतिकार अगली रणनीति बनाने में व्यस्त हो चुके हैं. तो इंडिया गठबंधन भी असल नतीजों का इंतजार कर रहा है.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

सबसे पहले बात करते हैं चुनाव अभियान की. करीब 80 दिन तक चला लोकसभा चुनाव अभियान शनिवार की शाम थम गया. बड़ी-बड़ी रैलियों, चुनावी सभाओं और रोड शो का समापन हो गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी, जेपी नड्डा, योगी आदित्यनाथ और प्रियंका गांधी ने कई-कई रैलियां कीं, तो ममता बनर्जी ने कोलकाता में आठ किलोमीटर लंबी पदयात्रा की. पीएम नरेंद्र मोदी ने पंजाब के होशियारपुर में अपनी आखिरी रैली की. तो राहुल गांधी ने भी पंजाब के ही लुधियाना में अपनी आखिरी रैली करके चुनाव अभियान का समापन किया. सात चरणों वाले लंबे-चौड़े चुनावी कार्यक्रम के दौरान सभी पार्टियों के दिग्गजों ने खूब जोर लगाया. इस दौरान पीएम मोदी ने 172 रैलियां और रोड शो किए. अमित शाह ने 188 रैलियां, रोड शो किए. भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 87 रैलियां की. वहीं विपक्ष की बात करें तो राहुल गांधी ने 107 रैलियां और रोड शो किए. अखिलेश यादव ने 69 रैलियां और 4 रोड शो किए, जबकि ममता बनर्जी ने 61 रैलियां और कई रोड शो और पदयात्राएं कीं. वहीं, तेजस्वी यादव ने अकेले दम पर बिहार में 251 रैलियां करके पूरे राज्य को कई-कई बार मथ डाला. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस चुनाव में 101 चुनावी इवेंट किए. कांग्रेस की बात करें तो प्रियंका गांधी ने सबसे ज़्यादा रैलियां, रोड शो और मीडिया से बातचीत की. प्रियंका ने 140 से ज़्यादा रैलियां, रोड शो किए. वहीं खरगे ने 100 से ज़्यादा रैलियां, 20 से ज़्यादा प्रेस कॉन्फ्रेंस और 50 से ज़्यादा इंटरव्यू दिए.

एग्जिट पोल कुछ भी कहें, इंडिया गठबंधन को जीत का पूरा भरोसा है और कांग्रेस का बिना देरी किए बयान भी आ गया कि जीत के 48 घंटे के अंदर ही प्रधानमंत्री चुन लिया जाएगा. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ये बात कही है. उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा सीट जीतने वाले दल का ही प्रधानमंत्री होगा. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 4 जून को लेकर बड़ा दावा किया है कि इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगा. ये सरकार समावेशी, राष्ट्रवादी और विकास के मुद्दे पर चलेगी. उधर, चुनाव समापन के बाद भाजपा भी अपने प्रदर्शन के आकलन में जुटी है. भाजपा अलाकमान ने देश भर से मिले फीडबैक के आधार पर उम्मीद कर रही है कि एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है. भाजपा सूत्रों के मुताबिक पार्टी को कुछ राज्यों में 2019 की तुलना में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. इन राज्यों में ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और यूपी शामिल हैं. इन राज्यों में लोक सभा की 244 सीटें हैं. पिछले चुनाव में भाजपा और उसके सहयोगियों को इनमें से 94 सीटों पर जीत मिली थी. तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश में भाजपा पिछली बार खाता नहीं खोल सकी थी, जबकि इस बार पीएम मोदी ने वहां धुआंधार प्रचार किया है. भाजपा ने इन राज्यों में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन भी किया है. जबकि भाजपा का आकलन है कि कुछ राज्यों में सहयोगी दलों को नुकसान उठाना पड़ सकता है. इन राज्यों में महाराष्ट्र और बिहार का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है. जबकि राजस्थान और कर्नाटक में 2019 की तुलना में भाजपा की कुछ सीटें कम हो सकती हैं. कर्नाटक में भाजपा ने पिछली बार 28 में से 25 सीटें जीतीं थीं और एक निर्दलीय सांसद का उसे साथ मिला था. जबकि महाराष्ट्र की 48 में से भाजपा ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिनमें से उसने 23 सीटें जीती थीं. बिहार में पिछली बार भाजपा और उसके सहयोगियों ने 40 में से 39 सीटें जीती थीं. जहां भाजपा को खुद अपना पिछला प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद नहीं दिख रही है, उसके नेताओं को लगता है कि इन राज्यों में उसे कुछ सीटों का नुकसान हो सकता है.

अब थोड़ा और पीछे चलें तो जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ भाजपा का आत्मविश्वास चरम पर पहुंच गया था. भाजपा ने उद्घाटन कार्यक्रम में विपक्ष के बहिष्कार को मुद्दा बनाया. बाद में कई दूसरे दलों से नेता इसी को मुद्दा बना कर अपना पार्टियां छोड़ भाजपा में आए. इससे भाजपा को देश भर में राम मंदिर मुद्दे को सेंटर स्टेज पर लाने में मदद मिली. भाजपा ने चुनाव अभियान मोदी की गारंटी से शुरू किया. पार्टी के घोषणापत्र में भी मोदी की गारंटी की बात प्रमुखता से कही गई. भाजपा के तमाम नेता एनडीए के 400 पार जाने की बात उठाते रहे. सामाजिक रक्षा और गरीब कल्याण से जुड़े मुद्दों के विस्तार से रैलियों आदि में जिक्र किया गया. लेकिन जनता में इन बातों पर कोई खास रिएक्शन न मिलने के बाद भाजपा ने प्रचार अभियान की दिशा को मोड़ दिया. पीएम मोदी ने वैल्थ रिडिस्ट्रीब्यूशन के कांग्रेस के वादे को बड़ा मुद्दा बनाया और कांग्रेस के घोषणापत्र की तुलना मुस्लिम लीग से कर दी. इसके बाद भाजपा का चुनाव अभियान बेहद आक्रामक हो गया. सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स के बयान ने भाजपा को हावी होने का मौका दे दिया. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के पुराने बयान का पीएम मोदी ने बार-बार जिक्र किया, जिसमें उन्होंने संसाधनों पर अल्पसंख्यकों के पहले हक की बात कही थी. पीएम मोदी ने कहा कि ये मां-बहनों का मंगलसूत्र भी नहीं बचने देंगे. उन्होंने पूछा कि क्या लोगों की मेहनत का पैसा घुसपैठियों को दिया जाएगा? विपक्ष के नेताओं ने कहना शुरू किया कि भाजपा 400 पार की बात इसलिए कर रही है, क्योंकि वह संविधान बदल कर दलित, आदिवासियों का आरक्षण खत्म करना चाहती है. यह मुद्दा इतना बढ़ा कि भाजपा और पीएम मोदी बार-बार मुद्दे बदलते नजर आये, लेकिन कोई नैरेटिव नहीं खड़ा कर पाये. दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन खास कर राहुल गांधी ने आक्रामक रुख अख्तियार करके संविधान बदल देने की बात को मुद्दा बना कर जन-जन तक पहुंचा दिया. शुरुआती चरणों में कम मतदान ने भी भाजपा को चौकन्ना कर दिया. इससे उत्साहित होकर इंडिया गठबंधन के नेताओं ने दावे करने शुरू कर दिए कि एनडीए बहुमत हासिल नहीं कर सकेगा. राहुल गांधी तो अपनी रैलियों में दावा करने लगे कि लिख कर रख लीजिए, पीएम मोदी देश के अगले पीएम नहीं बनेंगे. बहरहाल, अब जनता का फैसला ईवीएम में कैद हो चुका है. चार जून को पता चलेगा कि किसके दावे में कितना दम है.

## पाकिस्तानी स्वीकारोक्ति

निश्चय ही इसे भारत और पाक के संबंधों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण कहा जा सकता है. पाक के पूर्व प्रधानमंत्री तथा वर्तमान सत्ता की धुरी नवाज शरीफ ने अब पच्चीस साल बाद माना है कि उनके देश ने 1999 के लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था. निश्चित रूप से इस स्वीकारोक्ति ने एक बार फिर कारगिल युद्ध के गहरे जख्मों को फिर से हरा कर दिया है. दरअसल, मंगलवार को सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के अध्यक्ष पद की ताजपोशी के वक्त पार्टी की जनरल काउंसिल की बैठक में नवाज शरीफ ने यह बात कही. अपरोक्ष रूप से पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि भारत की पहल पर शुरू की गई शांति की पहल को इस घटनाक्रम ने पलीता लगाया था. यह एक हकीकत है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शांति प्रयासों व उनकी लाहौर यात्रा को कारगिल के घात से आघात लगा था. जिसके चलते 21 फरवरी 1999 को हस्ताक्षरित लाहौर घोषणा से क्षेत्र में शांति व स्थिरता की कोशिशों पर पानी फिर गया था. समझौते के कुछ ही महीने बाद पाक सेना के संरक्षण में पाक घुसपैठियों की कोशिश ने फिर एक युद्ध जैसा रूप ले लिया था. ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि शरीफ द्वारा पिछली गलती को स्वीकार करना क्या संबंधों में विश्वास बहाली का मार्ग प्रशस्त करना है या फिर कोई दुरभिसंधि की कोशिशें हैं? क्या वे पाक हुकमरानों को फिर से भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रेरित कर रहे हैं? क्या शरीफ का नेतृत्व आत्मनिरीक्षण के जरिये दोनों देशों के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की ईमानदार कोशिश कर रहा है? बहरहाल, भारत व पाक संबंधों की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर शरीफ का कबूलनामा व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भों में महत्वपूर्ण पहल कही जा सकती है. यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि वर्ष 2019 के पुलवामा हमले के बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध बेहद खराब दौर में पहुंच गये थे. जिसके बाद दोनों देशों ने अपने मिशनों का स्तर तक कम किया था. अस्थिरता से घिरे इस क्षेत्र में नवाज शरीफ की हालिया टिप्पणी संबंधों में सुधार-सुलह के लिए एक नई खिड़की तो खोलती ही है. निश्चित रूप से वक्त का तकाजा है कि ऐतिहासिक कटुताओं को पार्श्व में रखकर कूटनीतिक रणनीतियों पर नये सिरे से विचार किया जाए. यह भी जरूरी है कि बातचीत के लिए नये रास्ते तलाशने हेतु इस मौके को अवसर में बदला जाए. भले ही पाकिस्तान आर्थिक व राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर स्थिति में हो, हमें भविष्य में शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की संभावनाओं को फिर से परिभाषित करने का प्रयास करना चाहिए. शरीफ के बयान को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए कि फिलहाल पाकिस्तान में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री हैं. साथ ही नवाज सत्तारूढ़ दल पीएमएल-एन के अध्यक्ष चुने गये हैं. कहीं न कहीं शरीफ के हालिया बयान का एक निष्कर्ष यह भी हो सकता है कि पाकिस्तान में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी सरकारें तो दोनों देशों के बेहतर संबंध बनाने के लिये प्रयत्नशील रहती हैं, लेकिन ऐसी कोशिशों को पलीता लगाने का काम पाक सेना करती है.

> निश्चित रूप से वक्त का तकाजा है कि ऐतिहासिक कटुताओं को पार्श्व में रखकर कूटनीतिक रणनीतियों पर नये सिरे से विचार किया जाए. यह भी जरूरी है कि बातचीत के लिए नये रास्ते तलाशने हेतु इस मौके को अवसर में बदला जाए.

### सुभाषित

**शतेषु जायते शूरः सहस्त्रेषु च पण्डितः।**
**वक्ता दशसहस्त्रेष दाता भवति वान वा ॥**

इस संसार में शूर-वीर, पंडित, वक्ता और दानी दुर्लभ प्राणी हैं. ये किसी भी स्थान पर सहज ही सुलभ नहीं होते. सौ लोगों में एक शूर पैदा होता है, हजार लोगों में एक पण्डित पैदा होता है, दस हजार लोगों में एक वक्ता पैदा होता है और दाता कोई बिरला ही पैदा होता है.

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### बड़ा हुआ तो क्या हुआ

एक शेर अपनी शेरनी और दो शावकों के साथ वन मे रहता था. शिकार मारकर घर लेकर आता और सभी मिलकर उस शिकार को खाते. एक बार शेर को पूरा दिन कोई शिकार नही मिला, वह वापस अपनी गुफा के लिए शाम को लौट रहा था तो उसे रास्ते मे एक गीदड का छोटा सा बच्चा दिखा. इतने छोटे बच्चे को देखकर शेर को दया आ गई. उसे मारने के बजाए वह अपने दांतो से हल्के पकड कर गुफा मे ले आया. गुफा मे पहुंचा तो शेरनी को बहुत तेज भूख लग रही थी, किन्तु उसे भी इस छोटे से बच्चे पर दया आ गई और शेरनी ने उसे अपने ही पास रख लिया. अपने दोनों बच्चो के साथ उसे भी पालने लगी. तीनों बच्चे साथ साथ खेलते कूदते बड़े होने लगे. शेर के बच्चो को ये नही पता था की हमारे साथ यह बच्चा गीदड है. वे उसे भी अपने जैसा शेर ही समझने लगे. गीदड का बच्चा शेर के बच्चो से उम्र मे बड़ा था, वह भी स्वयं को शेर और दोनो का बडा भाई समझने लगा. एक दिन जब तीनों जंगल मे घूम रहे तो तो अचानक उन्हें सामने एक हाथी आया. शेर के बच्चे हाथी को देखकर गरज कर उस पर कूदने को ही थे कि एकाएक गीदड बोला, ₹यह हाथी है हम शेरो का कट्टर दुश्मन इससे उलझना ठीक नही है, चलो यहाँ से भाग चलते है₹ यह कहते हुए गीदड अपनी दुम दबाकर भागा. शेर के बच्चे भी उसके आदेश के कारण एक दूसरे का मुँह देखते हुए उसके पीछे चल दिए. घर पहुंचकर दोनों ने हंसते हुए अपने बड़े भाई की कायरता की कहानी माँ और पिता को बताई, की हाथी को देखकर बड़े भय्या तो ऐसे भागे जैसे आसमान सर पर गिरा हो और ठहाका मारने लगे. दूसरे ने हंसी मे शामिल होते हुए कहा यह तमाशा तो हमने पहली बार देखा है शेर और शेरनी मुस्कराने लगे गीदड को बहुत बुरा लगा की सभी उसकी हंसी उड़ा रहे है. क्रोध से उसकी आंखें लाल हो गई और वह उफनते हुए दोनों शेर के बच्चों को कहा, ₹तुम दोनों अपने बड़े भाई की हंसी उड़ा रहे हो तुम अपने आप को समझते क्या हो?₹ शेरनी ने गीदड को एक ओर ले जाकर समझाया- बेटे ये तुम्हारे छोटे भाई है. इनपर इस तरह क्रोध करना ठीक नहीं है. मैं जानती हूं बेटा तुम वीर हो, सुंदर हो, समझदार भी हो लेकिन तुम जिस कुल मे जन्मे हो, उससे हाथी नहीं मारे जाते हैं. तुम गीदड़ हो. हमने तुम पर दया कर अपने बच्चे की तरह पाला. इसके पहले की तुम्हारी हकीकत उन्हें पता चले यहाँ से भाग जाओ नही तो ये तुम्हें दो मिनट भी जिंदा नही छोड़ेंगे.₹ यह सुनकर गीदड बहुत डर गया और उसी समय शेरनी से विदा लेकर वहां से भाग गया.

## क्या चुनाव का असाधारण नतीजा आएगा?

• सियासत

योगेन्द्र यादव

क्या यह असाधारण चुनाव एक असाधारण परिणीति की तरफ बढ़ा है? इस सवाल का पक्का उत्तर तो 4 जून को ही दिया जा सकता है, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों के सभी संकेत यह इशारा कर रहे हैं कि '400 पार' के दावे के साथ शुरू हुआ यह चुनाव उसके उलट एक नाटकीय नतीजा पेश कर सकता है. स्वतंत्र भारत के इतिहास में लोकसभा के इस 18वें चुनाव को अनेक असाधारण बातों के लिए याद किया जाएगा. इतिहास दर्ज करेगा कि इस चुनाव में केवल 'कौन बनेगा प्रधानमंत्री' का फैसला नहीं होना था. इस चुनाव में सिर्फ पार्टियों और नेताओं का भविष्य दाव पर नहीं था, बल्कि भारत के लोकतंत्र, हमारे संविधान और हमारे भाईचारे का भविष्य दाव पर लगा हुआ था. इस लिहाज से इस चुनाव की तुलना संसद के चुनाव की बजाय संविधान सभा के चुनाव से करना अतिशयोक्ति नहीं होगी. चुनाव प्रक्रिया के लिहाज से भी यह चुनाव असाधारण था. चुनाव की तारीखों की घोषणा से एक सप्ताह पहले ही एक चुनाव आयुक्त का रहस्यमय इस्तीफा और उनकी जगह दो चुनाव आयुक्तों की मर्यादा विरुद्ध नियुक्ति ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवालिया निशान खड़े कर दिए थे. यही नहीं चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले और आचार संहिता लागू होने के बाद भी केन्द्र सरकार ने ईडी, सीबीआई और इंकम टैक्स विभाग के जरिए विपक्षी दलों के खिलाफ अभियान चलाए रखा. चुनाव से पहले दो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भारत के चुनावी इतिहास में असाधारण घटना थी. सच यह है कि विवादास्पद तरीके से नियुक्त चुनाव आयोग ने इस पूरी चुनावी प्रक्रिया के दौरान शेषन के कार्यकाल से बनी चुनाव आयोग की स्वतंत्र छवि को धूल में मिला दिया. चाहे प्रधानमंत्री और भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा खुल्लम खुल्ला धार्मिक भावनाओं के दुरुपयोग पर चुनाव आयोग की चुप्पी हो या सूरत और इंदौर में भी विपक्षी उम्मीदवारों की नाम वापसी या फिर मतदान के पूरे आंकड़े जारी करने में ही छह सप्ताह की देरी हो, इस चुनाव ने भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की छवि को असाधारण चोट पहुंचाई है. इस असाधारण चुनाव का प्रचार भी असाधारण रहा. सड़कों के होर्डिंग से लेकर टी.वी. और सोशल मीडिया के विज्ञापनों में चारों तरफ सत्ताधारी पार्टी ही छाई हुई थी. मुख्यधारा का मीडिया बेशर्मी से उनका प्रचार कर रहा था. चुनाव के दौरान नेताओं द्वारा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कोई नई बात नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री ने जिस स्तर पर उतरकर इस चुनाव में अंट-शंट बातें कीं वे उनके अपने रिकॉर्ड के लिहाज से भी असाधारण था. पहले दौर के बाद से ही प्रधानमंत्री ने खुलकर हिन्दू मुस्लिम ध्रुवीकरण की जहरीली भाषा शुरू कर दी. कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप जैसे बेतुके आरोप से शुरू कर प्रधानमंत्री ने नित नए काल्पनिक और मर्यादा विहीन आरोपों की झड़ी लगा दी. मंगलसूत्र छीन लेने, भैंस खोल लेने और टोंटी उठा लेने जैसे हास्यास्पद आरोप लगाए, राम मंदिर पर ताला लगाने जैसी मनगढ़ंत बातें की गईं और चुनाव आयोग चुपचाप इसे देखता रहा. भारत के चुनावी इतिहास में कभी भी शीर्ष नेताओं द्वारा इतना घटिया और इतना अनर्गल प्रचार नहीं देखा गया.अब सवाल यह है कि क्या इस असाधारण चुनाव में जनता की एक असाधारण प्रतिक्रिया सामने आएगी, शुरू में ऐसा नहीं लगा. इस चुनाव को एक ठंडा चुनाव बताया गया, जिसमें वोटर अपना मन खोल नहीं रहा था. लेकिन जैसे-जैसे यह चुनाव आगे बढ़ा तो समझ आने लगा कि इस चुप्पी के पीछे जनता का असंतोष है. पिछले 10 साल से ही जनता को झूठ और नफरत की राजनीति में उलझाए रखा गया है. अब उससे जनता ऊब रही है. केवल मोदी-मोदी सुनने की बजाय जनता अब मुद्दे सुनना चाह रही है. 'म' से मटन या मंगलसूत्र की बजाय 'म' से महंगाई और एमएसपी के सवाल पूछना चाह रही है. 400 पार की हवा निकल चुकी है. प्रधानमंत्री और भाजपा के नेता भी अब इन हवाई दावों से कतराने लगे हैं. चुनाव से पहले जिन सर्वे और विशेषज्ञों ने भाजपा द्वारा 2019 के आंकड़े से पार जाने की बात कही थी, अब वे पीछे निकलने का रास्ता ढूंढ रहे हैं. जैसे-जैसे जमीनी रिपोर्ट आने लग गई यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा को दक्षिण और पूर्व की तटीय पट्टी के राज्यों में जितने फायदे की उम्मीद थी उससे बहुत कम बढ़ोतरी मिल रही है. उधर पिछले चुनाव में जिन-जिन राज्यों में भाजपा ने लगभग झाड़ू लगा दी थी, वहां सब जगह भाजपा को घाटा हो रहा है.

> इस चुनाव को एक ठंडा चुनाव बताया गया, जिसमें वोटर अपना मन खोल नहीं रहा था. लेकिन जैसे-जैसे यह चुनाव आगे बढ़ा तो समझ आने लगा कि इस चुप्पी के पीछे जनता का असंतोष है. पिछले 10 साल से ही जनता को झूठ और नफरत की राजनीति में उलझाए रखा गया है. अब उससे जनता ऊब रही है. केवल मोदी-मोदी सुनने की बजाय जनता अब मुद्दे सुनना चाह रही है.

## लगातार बढ़ते तापमान ने रचा इतिहास

• पर्यावरण

ललित मौर्य


समय के साथ बढ़ता तापमान नित नए रिकॉर्ड बना रहा है. यही वजह है कि जलवायु रिकॉर्ड बड़ी तेजी से बन-बिगड़ रहे हैं. ऐसा ही कुछ गत अप्रैल में भी देखने को मिला है जब जलवायु इतिहास में दर्ज अब तक का सबसे गर्म अप्रैल दर्ज किया गया.बढ़ते तापमान से जुड़े आंकड़ों को देखें तो इस साल अप्रैल में दर्ज तापमान औद्योगिक काल से पहले के औसत तापमान से 1.58 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया. गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर अप्रैल 2024 में सतह के पास हवा का औसत तापमान 15.03 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो 1991 से 2020 के बीच अप्रैल में दर्ज औसत तापमान से 0.67 डिग्री सेल्सियस अधिक है. देखा जाए तो वैश्विक स्तर पर बढ़ता तापमान अपने साथ जाने-अनजाने खतरे भी ला रहा है, जो भारत सहित पूरी दुनिया के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रहे हैं. इससे पहले अब तक के सबसे गर्म अप्रैल होने का यह रिकॉर्ड अप्रैल 2016 के नाम दर्ज था. लेकिन इस साल अप्रैल में बढ़ते तापमान ने उसे भी 0.14 डिग्री सेल्सियस से पीछे छोड़ दिया है. इसकी पुष्टि यूरोप की कॉपरनिकस क्लाइमेट चेंज सर्विस (सी3एस) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में की है.आंकड़ों की मानें तो यह लगातार ग्यारहवां महीना है जब बढ़ते तापमान ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है. बता दें कि जून 2023 से लगातार हर महीने ने बढ़ते तापमान के मामले में अपना नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज किया है. इस दौरान कोई भी महीना ऐसा नहीं रहा जब तापमान शिखर पर न पहुंचा हो.2024 में भी अब तक कोई भी महीना ऐसा नहीं रहा जब बढ़ते तापमान ने एक नया कीर्तिमान न बनाया हो. बता दें कि जहां मार्च 2024 में तापमान सामान्य से 1.68 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था. इसी तरह फरवरी 2024 में तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि जनवरी 2024 में सामान्य से 1.66 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रिकॉर्ड किया गया था. देखा जाए तो बढ़ते तापमान के यह आंकड़े इस बात के गवाह है कि हमारा ग्रह बड़ी तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके प्रभाव भारत सहित पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं. यही वजह है कि कहीं जरूरत से ज्यादा बारिश पड़ रही है तो, कहीं सूखा पड़ रहा है. कहीं सूखे के बाद अचानक से बाढ़ आ जाती है. भारत में तो यह समस्या किस कदर विकट हो चुकी है कि बसंत का पूरा सीजन ही लगभग गायब होने को है. इसी तरह यदि मई 2023 से अप्रैल 2024 के बीच पिछले 12 महीनों को देखें तो उस दौरान भी तापमान ने एक नया रिकॉर्ड बनाया है. इस अवधि के दौरान दर्ज औसत तापमान समान अवधि में औद्योगिक काल से पहले के औसत तापमान से 1.61 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है. इसी तरह इसकी तुलना यदि 1991 से 2020 के बीच दर्ज औसत तापमान से करें तो वो 0.73 डिग्री सेल्सियस ऊपर है.नेशनल ओशनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) ने भी अपनी हालिया रिपोर्ट में इस बात की 55 फीसदी आशंका जताई है कि 2024 जलवायु रिकॉर्ड का अब तक का सबसे गर्म साल होगा. वहीं इस बात की 99 फीसदी आशंका है कि 2024 अब तक के पांच सबसे गर्म वर्षों में शुमार होगा.दक्षिण और पूर्वी एशिया लू और भीषण गर्मी से आहत रहे. बढ़ती गर्मी और लू का कहर इस कदर हावी रहा कि फिलीपींस और दक्षिण सूडान में इसकी वजह से स्कूलों को बंद कर देना पड़ा. इसी तरह बांग्लादेश में भी भीषण गर्मी की वजह से स्कूलों को बंद करने का आदेश देना पड़ा. बांग्लादेश मौसम विभाग ने भी जानकारी दी है कि अप्रैल 2024 का महीना अब तक का सबसे गर्म अप्रैल था. म्यांमार से लेकर फिलीपींस तक कई देशों में तो तापमान रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया है. फिलीपीन्स में भी बढ़ती गर्मी के चलते अप्रैल में स्कूलों को बंद कर दिया गया था. फिलीपींस की राजधानी मनीला में 27 अप्रैल 2024 को तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. ऐसा ही कुछ हाल थाईलैंड का भी रहा, जहां देश के उत्तरी क्षेत्रों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. वहीं राजधानी बैंकाक में भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया.भारतीय मौसम विभाग ने भी जानकारी दी है कि 1901 के बाद से पूर्वी भारत के लिए यह अब तक का सबसे गर्म अप्रैल का महीना था, जब तापमान 28.12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

> बता दें कि जहां मार्च 2024 में तापमान सामान्य से 1.68 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था. इसी तरह फरवरी 2024 में तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस, जबकि जनवरी 2024 में सामान्य से 1.66 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रिकॉर्ड किया गया था. देखा जाए तो बढ़ते तापमान के यह आंकड़े इस बात के गवाह है कि हमारा ग्रह बड़ी तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके प्रभाव भारत सहित पूरी दुनिया में महसूस किए जा रहे हैं.

## मीडिया में अन्यत्र

### मतदाताओं की प्रकृति की एक पड़ताल

**देश भर** में मतदाताओं की भागीदारी के बारे में की गई एक पड़ताल से यह पता चलता है कि 2019 और यहां तक कि 2014 के आम चुनावों के बनिस्बत इस साल के चुनावों में हुए मतदान में महत्वपूर्ण गिरावट आई है. राज्य और क्षेत्रीय स्तर पर भिन्नताएं देखी गई हैं - पूर्व, उत्तर-पूर्व और दक्षिण भारत के मतदाताओं ने आमतौर पर पश्चिम, मध्य और उत्तर भारत के मतदाताओं के मुकाबले ज्यादा मतदान किया. फिर भी, तेलंगाना और कर्नाटक जैसे कुछ अपवादों को छोड़कर, जहां मतदान प्रतिशत में क्रमशः 62.8 फीसदी से 65.7 फीसदी और 68.8 फीसदी से 70.6 फीसदी की मामूली वृद्धि दर्ज की गई, 2024 में सभी राज्यों में मतदान में सामान्य गिरावट आई है. जैसा कि 'द हिंदू' में किए गए एक विश्लेषण से पता चला है, न सिर्फ प्रतिशत के संदर्भ में कुल मतदान में गिरावट आई है, बल्कि पहले छह चरणों में मतदान करने वाले 485 निर्वाचन क्षेत्रों में से 132 में पूर्ण रूप से कुल मतदान में भी गिरावट आई है. वर्ष 2009 के आम चुनाव से पहले किए गए ताजा परिसीमन के बाद से इतनी बड़ी संख्या में सीटों पर मतदाताओं की भागीदारी में आई गिरावट अभूतपूर्व है. आंकड़ों पर बारीकी से नज़र डालने से पता चलता है कि 2014 में कुल मतदाताओं (18 साल से ज्यादा उम्र के योग्य मतदाता) की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी और 2019 एवं 2024 में मामूली वृद्धि हुई थी. लेकिन सिर्फ 2024 में ही कई निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मतदान में नाटकीय रूप से गिरावट आई. कुल मतदान में आई इस गिरावट की व्याख्या शायद विभिन्न राजनीतिक कारकों के जरिए की जा सकती है. क्या उन राज्यों में मतदान के प्रति उत्साह कम था, जहां चुनावी मैदान में विभिन्न पार्टियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा नहीं थी? क्या यह पहलू गुजरात (60.1 फीसदी, 2019 के मुकाबले 4.4 अंक की गिरावट), जहां भारतीय जनता पार्टी का वर्चस्व है या केरल (71.3 फीसदी, 6.6 अंक की गिरावट), जहां दोनों मुख्य प्रतिद्वंद्वी वामपंथी दल और कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गुट का हिस्सा है, में हुए अपेक्षाकृत कम मतदान की व्याख्या करता है? क्या अंतर-राज्यीय प्रवासन एक ऐसा कारक रहा है, जो संभवतः उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में कम मतदान की वजह बना हो? मसलन, बिहार में लैंगिक आधार पर एक महत्वपूर्ण अंतर देखा गया है. वहां मतदान में भागीदारी के प्रतिशत के मामले में महिला मतदाताओं ने पुरुष मतदाताओं को कहीं पीछे छोड़ा है. क्या लू की स्थिति ने मतदाताओं को घर पर ही रहने का फैसला लेने के लिए प्रेरित किया है? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिन पर आंकड़ों के लिहाज से बारीक नजर डालने की ज़रूरत है और भारत निर्वाचन आयोग को इनमें से कुछ सवालों का जवाब देने में भूमिका निभानी चाहिए. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### चम्मच/चमचा/बेलचा

**एक** चमचे ने कहा कि साहब की चाय में आधी चम्मच चीनी डालना. लोग चमचों का कितना भी मजाक क्यों न उड़ा लें, लेकिन चमचे बात पते की ही करते हैं. चम्मच और चमचे में क्या समानता है और क्या अंतर है, इसपर विचार बहुत ही रोचक है. छोटा है तो चम्मच है, उससे बड़ा हुआ तो चमचा. उससे भी बड़ा हो गया तो बेलचा कहलाता है, लेकिन इन तीनों की तुलना किसी भक्त से किया जाना उचित नहीं है. इन तीनों शब्दों के सामान्य अर्थ पर चिंतन करते हैं. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार चम्मच तुर्की भाषा मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसे अंग्रेजी में स्पून कहा जाता है. चम्मच वह छोटा सा डंडीदार पात्र है, जिससे तरल या गाढ़ी भोजन सामग्री उठाकर मुंह तक पहुंचाने में सहयोग करता है. चम्मच करछुल जैसा एक डंडीदार पात्र होता है, जो खाना पकाने में काम आता है. यह एक प्रकार की छोटी हल्की कलछी है, जो खाने-पीने के पदार्थों को मिलाने और निकालने में सहयोग करता है. चमचा भी चम्मच की तरह ही तुर्की भाषा से आया शब्द है, जो आकार में बड़ा होता है. चमचा का काम भी वही है यानी पकाते समय खाना हिलाने-चलाने का काम करता है. नाव में डांड़ का अग्रभाग भी चमचा ही कहा जाता है, लेकिन इसका व्यंजनात्मक अर्थ लोकप्रसिद्ध है. यानी चमचा का मतलब चापलूस, खुशामद करनेवाला व्यक्ति. चम्मच के अति विशाल रूप को बेलचा कहा जाता है. बेलचा फारसी मूल का संज्ञा पुल्लिंग शब्द है, जिसका मतलब है अनाज, मिट्टी या रेत आदि को फेंकने या पलटने के लिए प्रयोग किया जानेवाला एक उपकरण, लंबा खुदपा, कुदाली. जब कोई किसी की अंधी भक्ति करता है तो उसे व्यंग्य पूर्वक कहा जाता है कि वह चमचा नहीं, बेलचा है. हालांकि चमचा या बेलचा से किसी भक्त को जोड़कर देखना या हंसना अच्छी बात नहीं होती. बुद्धिमानों को जहां तक हो सके, इससे बचना चाहिए.

## देश से पूरी तरह भाग चुकी है गरीबी

• तीर-तुक्का

एसके पाण्डेय



कुछ भी हो आज उमंगपुर में काफी उमंग है. जहाँ सार्वजनिक स्थलों में हफ्ते में भी एक बार भी साफ-सफाई नहीं हो पाती. वहीं आज सड़कें एक-छोर से दूसरे छोर तक बुहारी जा रही हैं. कोई पाउडर भी किनारे-किनारे डाला जा रहा है. मालूम नहीं किसलिए. सड़कों के किनारे से ठेले व गुमुटियां पता नहीं रातों-रात कहां चली गयीं. जहां देखो वहीं कुछ न कुछ करिश्मा नजर आता है. कारण आज यहां नेता चिम्मनलालजी पिछले चार वर्षों से भी अधिक समय बाद आ रहे हैं. और एक चुनावी सभा को संबोधित करने वाले हैं. बहरहाल अब तक नेता जी नहीं आये हैं. मैदान में भीड़ जमा है. शोर हो रहा है. सभी प्रतीक्षा कर रहे हैं. पूरे एक बज रहे हैं और नेताजी दस बजे ही आने वाले थे. फ़िलहाल भीड़ बहुत है. खैर इतने में नेता जी के आगमन का संकेत मिला. दूर से ही आते हुए कार के काफिले दिखाई पड़े. सभी ने राहत की सांस ली. पास आने पर. एक साथ कई आवाजें उठीं - नेता चिम्मनलाल जिंदाबाद ! जिंदाबाद ! 'सब कुछ अपना पार्टी – एसकेएपी' जिंदाबाद! माल्यार्पण होने के बाद चिरौंजीलाल जी ने सभा को संबोधित करने के लिए माईक पर चिम्मनलाल को आमंत्रित किया. नेता जी ने गदगद होते हुए माईक पर बोलना शुरू किया. हां तो बहनों भाइयों मैं आज एक बार फिर आप लोगों के बीच आया हूं. आप लोग इतनी बड़ी संख्या में यहां आये हैं, जिससे साबित होता है कि हमारे विरोधी चाहे जितना भ्रामक प्रचार करते रहें. लेकिन चुनाव में भी आप लोगों के सहयोग से 'सब कुछ अपना पार्टी- एसकेएपी' पुनः बहुमत से विजयी होकर रहेगी. जोर से तालियों की गड़गडाहट हुई. हां तो हमारे विरोधी कहते हैं कि सरकार पर्यावरण संरक्षण, व पर्यटन विकास पर ध्यान नहीं दे रही है तथा देश में गरीबी है. हम भी मानते हैं कि हमने जंगल-के-जंगल कटवाए हैं. लेकिन वृक्षारोपण के लिए ही ताकि लोग देख सकें कि सरकार पर्यावरण के प्रति लापरवाह नहीं है तथा वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण करवा रही है. हमने शहरों से भी पेड़ तथा बगीचे कटवाए जरूर हैं, लेकिन अरबों रुपये खर्च करके पार्क व स्मारक बनवाकर मूर्तियां लगवाई हैं. जिससे न सिर्फ पर्यटन को बढावा मिलेगा, बल्कि यह आरोप बेबुनियाद साबित होता है कि देश में गरीबी है. इन क़दमों से यह अपने आप प्रमाणित होता है कि सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है. सच तो यह है कि देश में गरीबी पूरी तरह भाग चुकी. हमारे विपक्षी कहते हैं कि सरकारी अस्पतालों में दवाएं ही नहीं हैं. सब बाजार में सेल कर दी जाती हैं. अस्पतालों में मरीजों कि संख्या न के बराबर है तथा डॉक्टर घर पर ही प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं. लेकिन आप खुद ही सोचिये कि कम से कम दवाओं की कमी तो नहीं है. पिछली सरकारों में तो दवाओं का भी अकाल पड़ गया था. रोगी के इलाज के लिए तो दवा चाहिए. चाहे अस्पताल की हो चाहे बाज़ार की. और किसी भी कीमत पर दवाओं की कमी नहीं होने दी जायेगी.

# विश्व साइकिल दिवस आज



## मिलिए ये हैं साइकिल दोस्त

रांची क्लब के डिक्की सलूजा की साइकिलिंग और उनके पास खूबसूरत साइकिलों का कलेक्शन देख कर क्लब के दो सदस्य जब्बर सिंह और राजीव टाक (चार्टेड एकाउंटेंट) का रुझान साइकिलिंग की तरफ बढ़ा. इन दो दोस्तों ने इतवार का दिन साइकिल के नाम किया और अपनी साइकिल से आसपास के गांव तक सुबह-सुबह निकलने लगे. चूंकि इन दोनों की साइकिल कुछ खास होती थी, सो गांव के लोग मुड़-मुड़ कर देखा करते थे. कुछ ग्रामीण इतने से नहीं थमते, नाम और फोन नंबर तक मांग लेते. नंबर तो दे दिया जाता है, पर बिल्कुल अनजान ग्रामीणों को नाम क्या बताएं, सो यूं ही बता दिया कि हम हैं साइकिल दोस्त. नंबर इसी नाम से सेव हुआ और बाद में यही इनकी पहचान बनीं. इस तरह झारखंड का सबसे पुराना साइकिलिंग ग्रुप साइकिल दोस्त दो सदस्यों के साथ शुरू हुआ. आज क्लब के 54 सदस्य हैं जिनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं.

### ऐसे बढ़ता गया कारवां

साइकिल दोस्त की शुरुआत करने वाले दो दोस्तों के स्वास्थ्य के फायदे को देखते हुए अन्य दोस्त भी आकर्षित हुए. तोंद ही नहीं गायब हुई, बल्कि अस्थमा जैसे रोग भी उड़न छू हुए. छुट्टियों में तो साइकिलिंग होती ही थी, घर से दफ्तर तक की दूरी भी कई बार तय की जाने लगी. ग्रुप में कई आइएएस-आईपीएस अधिकारी, ब्यूरोक्रेट्स, सीनियर एडवोकेट, डॉक्टर, बिजनेसमैन आदि शामिल हैं. वर्ष में एक बार साइकिल दोस्त का वार्षिकोत्सव का आयोजन भी किया जाता है जिसमें साइकिल दोस्त के सभी सदस्य सपरिवार शरीक होते हैं.

# बहुत प्यारी साइकिल की सवारी





रफ्तार और भागमभाग की जिंदगी ने हमें जितना दिया है, शायद उससे कहीं अधिक की वसूली की है और यह क्रम जारी है. गर्मी हो या ठंड या बरसात, सब की अति हम झेल रहे. प्रदूषण का आलम यह है कि अभी मिनरल बॉटल ले कर चल रहे हैं और कल हमारे बच्चों को शायद ताजी हवा बाजार से खरीद कर और साथ ढोकर चलने की बाध्यता हो. उम्र के तीसरे दशक से ही जमाने भर की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं. ऐसे में साइकिल को अपनाना एक दूरदर्शी सोच है. विश्व साइकिल दिवस पर अतिथि संपादक संगीता कुजारा टाक के दिशा निर्देश पर तैयार हुआ यह विशेष पृष्ठ...

## ताजी हवा, हरियाली का सुकून

साइकिल से वास्ता और प्यार तो हम सबका बचपन से ही होता है, एक उम्र के बाद मुझे शारीरिक-मानिसक स्वास्थ्य के लिए अहमियत महसूस होने लगी. सुबह-सुबह साइकिल से जब शहर की सीमा पार की ग्रामीण इलाकों में पहुंचता हूं तो ताजी हवा, हरियाली का सुकून तो होता ही है, नए-नए लोगों से बात-मुलाकात भी अच्छी लगती है. बंद कमरे में वर्कआउट से कहीं बेहतर अनुभव साइकिलिंग देता है.

मैं साइकिलिंग के कई ग्रुप से जुड़ा हूं. रविवार को साइकिल दोस्त ग्रुप के साथ कहीं साइकिलिंग के लिए निकल जाता हूं. हालांकि सप्ताह में कभी दो-तीन दिन तो कभी सातो दिन साइकिलिंग का मौका मिलता है. हां, कभी-कभी कई दिनों का गैप भी हो जाता है.

साइकिल से लंबी-लंबी दूरी हमने तय की है. कभी जमशेदपुर तो कभी भुवनेश्वर, कभी पुरी तो कभी कोणार्क. मुंबई से गोवा तक गए हैं तो मनाली से लेह-लद्दाख तक भी. कोशिश रहती है कि औसतन एक दिन में 50 किमी तक की दूरी नापूं.



**संदेश**
साइकिलिंग सबसे रुचिकर व्यायाम है. इससे शारीरिक-मानिसक तौर पर हम स्वस्थ रहते हैं. स्वाभाविक है कि पर्यावरण के लिए हितकर भी.

गणेश रेड्डी
संस्थापक, सिटीजंस फाउंडेशन

## बीपी-शुगर की समस्या से दूर हूं

साइकिल दोस्त के एडमिन राजीव टाक और डेंटिस्ट डॉ उदित लाल की प्रेरणा से मैंने नियमित साइकिलिंग लॉकडाउन के दौर में शुरू की. इससे पहले भी स्पोर्ट्स से जुड़ाव रहा है, लेकिन जब से साइकिलिंग शुरू की, इसके फायदों ने आकर्षित किया. कोरोना के समय करीब 6-7 महीने में मैंने दस किलोग्राम वजन इससे कम किया.

इतवार की सुबह पांच-साढ़े पांच बजे हम कुछ साथी एकत्र होते हैं और निकल जाते हैं साइकिलिंग के लिए. 50 से 100 किमी तक की दूरी हम साइकिल से नाप लेते हैं. अपनी बात करूं तो कोशिश यही रहती है कि महीने में करीब 150 किमी साइकिलिंग करूं. वर्ष 2000 से अब तक मैंने 14000 15000 किमी साइकिलिंग की है.

यह इस शौक का ही असर है कि अतिरिक्त दवाएं नहीं लेनी पड़ती है. आज 50-51 वर्ष की उम्र में भी बीपी-शुगर जैसी बीमारियों से दूर हूं.

**संदेश**
साइकिल चाहे 5000 रुपए की हो या एक लाख रुपए की, फायदे सभी से मिलते हैं. सप्ताह में 15-20 किमी साइकिल चला कर देखिए, फायदे साफ नजर आएंगे. जोड़ों का दर्द या जो भी शारीरिक समस्याएं होंगी, उसमें राहत महसूस होगा.



संजीव कुमार दास
आयकर अधिकारी

## अलौकिक है यह अनुभव



संचित प्रसाद
भा. रा. से.,जीएसटी

**संदेश**
आज ही एक साइकिल खरीदए और शुरु हो जाइए. शुरु में थोड़ी दिक्कत होती है, पर कुछ ही दिनों में खुली हवा का आनंद दायक अनुभव विभोर कर देगा.

मैं विगत आठ वर्षों से साइकिलिंग कर रहा हूं और मैं हमेशा उस घड़ी को धन्यवाद करता हूं जब हमने साइकिलिंग शुरू करने का फैसला लिया था. यह सिर्फ शरीर के लिए व्यायाम नहीं है अपितु ये मानसिक तनाव को दूर करके आपके मस्तिष्क में डोपामाइन हार्मोन का संचार करता है जिससे आप दिन भर तनाव मुक्त होकर प्रफुल्लित रहते हैं. साइकिल आप को वहां उन जंगल, वाटरफॉल, नदी या पहाड़ में ले जा सकता है जहां आप कार या बाइक से जाने की सोच भी नहीं सकते. और अगर आप समूह में साइकिलिंग करते हैं तो आपकी मस्ती में चार चांद लग जाता है, कब आप हंसते गाते बात करते 40 से 50 किलोमीटर तय कर लेते हैं पता भी नहीं चलता. गत वर्षों में मैंने अपने ग्रुप के साथ दो बहुत ही चुनौती पूर्ण साइकिल यात्रा की है जिसमें पहला 2019 में मनाली से लेह होते हुवे खारदुंगला 520 किमी और दूसरा 2023 के दिसंबर में मुंबई से गोवा तक लगभग 600 किमी. सच मानिए, जो अलौकिक दृश्य देखा है और जो अनुभूति हुई उसका वर्णन यहां नहीं किया जा सकता है. हां, और ये कठिनाइयों से भरे दुर्गम रास्ते जब आप पार कर लेते हैं, तो यकीन मानिए आपके दिमाग में इतनी शक्ति आ जाती है कि जीवन की कोई भी चुनौती आपको छोटी लगने लगती है.

विगत छः महीने से मैं अपने साइकिलिंग ग्रुप "साइकिल दोस्त", रांची, से दूर तबादला के वजह से राउरकेला आ गया हूं, और यहां भी जब फुर्सत होती है, 50 से 60 किमी का चक्कर साइकिल से लगा लेता हूं.

साइकिलिंग एक लो इम्पैक्ट व्यायाम है, जो आपके घुटने में दर्द नहीं होने देता बल्कि अगर दर्द है तो ठीक करता है. कहते हैं कि बुढ़ापा पैरों के कमजोर होने के बाद ही शुरू होती है, साइकिल आपके पैरों को बलिष्ठ बना कर बुढ़ापा को दूर ढकेल देगा. दिल और फेफड़े मजबूत होंगे वो अलग से. आज के भाग दौड़ के दौर में जहां लोगों को आपस में मिलने का समय नहीं है, साइकिलिंग समूह में करने से आपके अच्छे दोस्त बनेंगे और आपका सामाजिक दायरा में विस्तार होगा.

## होता जन्नत सा अहसास



सुमन प्रसाद
फायनाइंस अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया

करीब नौ वर्ष पूर्व वर्ष 2015 में अपने मित्र राजीव और हेमंत के साथ व्यायाम और मनोरंजन के तौर पर इस चलाना शुरू किया और एक दिन अति उत्साह में हम पतरातू चले गए. घाटी में साइकिल चलाना एक साहसिक कदम था. यह खबर अखबार में भी प्रकाशित हुई. ऐसे में लोगों में कौतुहल जागी और लोग जुड़ते गए. साइकिल ने फिटनेस के अलावा हमें ढेर सारे प्यारे-प्यारे दोस्त दिए. साइकिल ने हमें खुद को भी समझने का मौका दिया कि हम क्या हैं और हमारे भीतर क्या संभावनाएं हैं. इसने हमारी शक्ति, साहस और दृढ़ता को बढ़ाया. यही कारण है कि उम्र के पड़ाव पर पिछले साल मैंने दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, लद्दाख जैसे दुर्गम स्थानों पर मैराथन दौड़ पूरा कर लिया. हां, लद्दाख में मेरी तबियत बिगड़ गई थी और चार दिनों तक मुझे हॉस्पिटल में एडमिट रहना पड़ा था, लेकिन यह साइकिल की ताकत ही थी जिसने मेरे भीतर इतना साहस और दृढता भर दिया कि मैंने हॉस्पिटल से निकल कर अगले ही दिन मैराथन सफलता पूर्वक पूरा कर लिया.

एक बात मैं अपने ग्रुप साइकिल दोस्त के बारे में कहूंगा कि जब सारे दोस्त साइकिल पर सवार होकर बाहर निकलते हैं तब चेहरे पर हवा के झोंकों के साथ हमारे मित्र राजीव द्वारा बजाए मधुर संगीत की ध्वनियां गूंजती है तो मारे खुशी के हम पागल हुए जाते हैं, और वह पल हमारे लिए किसी जन्नत से कम नहीं होता.

**संदेश**
साइकिल अपनाएं, इससे सस्ते में स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सकता है.

## संपूर्ण स्वास्थ्य व पर्यावरण के लिए



राजीव रंजन त्रिपाठी
जीएसटी पदाधिकारी

**संदेश**
समय की मांग है कि हम अधिक से अधिक साइकिलिंग करें.

करीब आठ वर्ष पहले गठित हुआ साइकिल दोस्त समूह रांची के साइकिलिंग पसंद करने वाले उत्साही लोगों का समूह है. संपूर्ण स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण इसके मूलभूत उद्देश्य हैं.

रांची और आसपास के इलाकों में इसके सदस्य आपको इतवार को गाना गाते साइकिल पर घूमते दिख जाएंगे. भारत के दूर-दूर के इलाकों में भी इस ग्रुप ने साइकिलिंग का प्रचार प्रसार किया है. चाहे वह मनाली खारदुंगला हो या पुरी-भुवनेश्वर या फिर मुंबई-गोवा. हर आयु-वर्ग के लोग इसमें शामिल हैं. खास बात यह है कि महिलाओं का भी इस समूह में बहुत सक्रिय योगदान है और वे भी अक्सर साइकिल चलाते हुए रांची के आसपास के इलाकों में जाती हैं.

## जज्बा जुड़ा है



वंदना सराफ खेमका
शिक्षिका

पहले साइकिल पर बैठना तक नहीं आता था. गैराज में ही साइकिल चलाना सीखी. अब करीब 6-7 वर्षों से साइकिल दोस्त ग्रुप के साथ जुड़ कर हर रविवार को नई-नई जगहों पर साइकिल चला कर जाती हूं.

## पैशन है साइकिलिंग



निशा मिंज
अधिकारी, कॉर्पोरेट

वर्ष 2018 में फिटनेस के लिए साइकिलिंग शुरू की, बाद में यह मेरा पैशन बन गया. आज के दौर में साइकिलिंग स्वास्थ्य के लिए तो बेहतर है ही, पर्यावरण के लिए भी हितकर है.

## पर्यावरण के हित में है साइकिल

साइकिल चलाना आवागमन के लिए एक हरित रास्ता प्रदान करता है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि साइकिल हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छी हैं. यह न केवल जिम वर्कआउट का एक बेहतरीन विकल्प है बल्कि हृदय संबंधी बीमारियों को रोकने में भी मदद करता है. आप साइकिल की सवारी करके प्रदूषण को भी कम कर सकते हैं. दूसरे शब्दों में, साइकिलों को किसी भी पेट्रोल या डीजल की आवश्यकता नहीं होती है जो हमारे वातावरण को नुकसान पहुंचाता है.

**संदेश**
साइकिल चलाना स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने में मदद करता है. इसी तरह यह पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाता है. इसलिए इसे अपनाएं.



हेमंत प्रसाद
जिंदल स्टील पदाधिकारी

## मेरा प्यार, मेरा पैशन है साइकिल

**संदेश**
लोगों से मेरा संदेश है साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ.



राजीव टाक
सी ए. के सी टाक एंड कंपनी

साइकिल !! दुनिया में ऐसा कौन बच्चा है जिसने साइकिल नहीं चलाई हो. मां बाप पहले या दूसरे बर्थडे में बच्चों को साइकिल ही देते हैं चाहे वो तीन पहियों वाली हो. सभी बच्चों का बचपन इसमें है.

साइकिल चलाते हुए बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं. ऐसा अहसास होता है मानों अब भी अपना बचपन जी रहा हूं. जो ऊर्जा और उत्साह बचपन में साइकिल चलाने मिलती थी, उसी ऊर्जा और उत्साह की वजह से मुझे साइकिल से बहुत ज्यादा प्यार हो गया इसलिए इतने सालों से साइकिल का पैशन बरकरार है. मैं सच कहता हूं, साइकिल चलाने के बाद मेरे लंग्स बहुत मजबूत हो गए. अस्थमा की शिकायत दूर हुई और घुटने मजबूत हुए. इन्हीं हेल्थ बेनिफिट्स को देखते हुए मैंने इसका ज़िक्र दोस्तों से किया और धीरे धीरे कारवां बनता गया जो अब साइकिल दोस्त के नाम से जाना जाता है.

मुझे खुशी है कि भले स्वास्थ्य के कारणों से शुरू किया, व्यक्तिगत स्तर पर पहल किया, पर इससे पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी करने का मकसद भी पूरा हुआ. मुझे नई-नई साइकिलों ने बहुत अट्रैक्ट किया जिसमें गेयर होते हैं और उनकी ड्रेस ने भी, जो साइकलिंग करते समय पहना जाता है. फिर उसके सारे गुजेट्स ने भी मुझे बड़ा आकर्षित किया, तो इन सारी चीजों ने मिलकर मेरे अंदर साइकिल प्रेम उत्पन्न किया है जिसे मैं कभी नहीं छोड़ सकता.

डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

▼ ब्रीफ खबरें

### रियाल मैड्रिड ने 15वीं बार जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**लंदन:** रियाल मैड्रिड ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां बोरूसिया डॉर्टमंड को 2-0 से हराकर रिकॉर्ड 15वीं बार चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता जीती.वेम्बले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद रियाल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा, ''हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है. हमारा स्वप्निल सफर जारी है.'एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है. इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया.

### प्रज्ञाननंदा ने फैबियानो कारूआना को हराया

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता के पांचवें दौर में अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारूआना को हराया, जिससे वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं.अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने खराब फॉर्म में चल रहे चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन पर अपनी बढ़त को एक अंक तक बढ़ा दी. नाकामुरा के 10 अंक हैं. कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया.

### छह जून के बाद खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है : स्टिमक

**कोलकाता।** भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने रविवार को कहा कि कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर बहुत बड़ा मुकाबला है जिससे उनके खिलाड़ियों का करियर बदल सकता है. भारत फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे दौर के घरेलू चरण के मैच में साल्ट लेक स्टेडियम में कुवैत से भिड़ेगा और फिर 11 जून को कतर से उसकी सरजमीं पर भिड़ेगा. भारतीय टीम गुवाहाटी में अपनी सरजमीं पर हुए मैच में निचली रैंकिंग पर काबिज अफगानिस्तान से हार गयी थी.

### शोरिफुल ने बढ़ाई बांग्लादेश की चिंता

**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए और उनके बाएं हाथ में छह टांके लगाने पड़े.यह घटना शनिवार को भारतीय पारी के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर घटी जब शोरिफुल ने हार्दिक पंड्या के शॉट को रोकने की कोशिश की. इससे उनके हाथ में चोट लग गई और उन्हें वापस पवेलियन लौटना पड़ा. इस ओवर की अंतिम गेंद तंजीम हसन साकिब ने की.

उद्घाटन समारोह में कलाकारों ने दिखाए करतब

# बैंड-बाजे के साथ हुई टी-20 विश्व कप की शुरुआत

**एजेंसी। डलास**

आईसीसी टी-20 विश्व कप 2024 का आगाज हो चुका है. यह इस टूर्नामेंट का नौवां संस्करण है और इस साल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं. टूर्नामेंट का आगाज बैंड बाजे के साथ हुआ. कलाकार ढोल नगारों के साथ आए और उन्होंने मैदान में महफिल जमा दिया. आईसीसी ने इसका वीडियो भी शेयर किया है. कलाकार एक कॉमन ड्रेस में दिखाई दिए. वह सभी ढोल बाजे क साथ मैदान क अंदर प्रवेश करते हैं. कुछ कलाकार इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हर देश के झंडे के साथ दिखाई पड़ते हैं. इस दौरान आसमान में आतिशबाजी भी होती है. टी-20 विश्व कप के लिए शुभंकर भी मैदान में दिखता है. मैदान में बैठे दर्शक इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाते और ताली बजाते हुए दिखते हैं.



#### वेस्टइंडीज और अमेरिका के नौ स्थानों पर खेले जायेंगे मैच

इस साल टी-20 विश्व कप के मैच वेस्टइंडीज और अमेरिका के नौ स्थानों पर खेले जा रहे हैं. इनमें वेस्टइंडीज के छह और अमेरिका के तीन स्थान हैं. इंग्लैंड की टीम डिफेंडिंग चैंपियन है. उसने 2022 में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था. भारतीय टीम की नजर दूसरी बार चैंपियन बनने पर है. टीम इंडिया ने 2007 में उद्घाटन संस्करण में यह खिताब अपने नाम किया था. इसके 17 साल बीत गए, लेकिन टीम एक भी बार टी-20 विश्व कप का खिताब नहीं जीत पाई. हालांकि, 2014 में भारतीय टीम फाइनल में और 2016-2022 में सेमीफाइनल में जरूर पहुंची, लेकिन खिताब नहीं जीत पाई. अब रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम से काफी उम्मीदें हैं.

#### अभी तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्व कप

वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले इस टूर्नामेंट को अब तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्व कप कहा जा रहा है. इसमें कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं. सभी टीमों को पांच-पांच टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है. भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और अमेरिका के साथ रखा गया है. टूर्नामेंट का पहला मैच एक जून को कनाडा और अमेरिका के बीच होगा. वहीं, फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस के मैदान पर खेला जाएगा. भारत का पहला मैच पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ होगा. वहीं, भारत पाकिस्तान मैच नौ जून को खेला जाएगा. भारत का तीसरा मैच 12 जून को अमेरिका और चौथा मैच 15 जून को कनाडा के साथ होगा.

# बाबर ने भारत के साथ मैच से पूर्व पाक टीम को शांत रहने को कहा

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर बना माहौल, अपेक्षाओं का बोझ और दबाव खिलाड़ियों को नर्वस बना देता है, लेकिन उन्होंने टी20 विश्व कप में रविवार को यहां होने वाले मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को शांत बने रहने और अपने 'बेसिक्स' पर कायम रहने की सलाह दी. भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में अभी तक जो सात मैच खेले हैं . उनमें से उसे केवल एक में हार का सामना करना पड़ा है. पाकिस्तान में यह जीत 2021 में हासिल की थी. बाबर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा, ''हम जानते हैं कि भारत और पाकिस्तान के मैच पर किसी अन्य मैच की तुलना में अधिक चर्चा होती है. इसके लिए पूरी तरह से भिन्न माहौल तैयार किया जाता है तथा केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि प्रशंसकों में भी इसको लेकर उत्साह बना रहता है.' उन्होंने कहा, 'दुनिया में आप कहीं भी जाओ, आपको भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर चर्चा करते हुए लोग मिल जाएंगे. हर कोई अपने देश का समर्थन करता है. प्रत्येक प्रशंसक इस मैच का बेसब्री से इंतजार करता है और उसका ध्यान इस खास मैच पर लगा रहता है.'बाबर ने कहा,'निश्चित तौर पर अपेक्षाओं और इस मैच को लेकर बने माहौल के कारण खिलाड़ी थोड़ा नर्वस हो जाते हैं.

ओपनिंग मैच में रिकॉर्ड्स की बरसात, अमेरिकी क्रिकेटर ने रचा इतिहास

# टी20 विश्वकप : अमेरिका ने कनाडा को सात विकेट से हराया

**खास बातें**

- अमेरिका की शीर्ष स्तर की क्रिकेट में शानदार शुरुआत
- एक ओवर में सर्वाधिक रन लुटाने वाले दूसरे गेंदबाज बने गॉर्डन

**एजेंसी। डलास**

आरोन जोन्स की 40 गेंद पर खेली गई नाबाद 94 रन की पारी की मदद से सह मेजबान अमेरिका ने टी20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में कनाडा को 14 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर शीर्ष स्तर की क्रिकेट में धमाकेदार शुरुआत की. कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 194 रन बनाए. अमेरिका ने इसके जवाब में एंड्रीज गौस के 65 रन और जोन्स की तूफानी पारी की मदद से 17.4 ओवर में तीन विकेट पर 197 रन बनाकर जीत दर्ज की. जोन्स ने अपनी पारी में 10 छक्के और चार चौके लगाए.

न्यूयॉर्क में जन्में जोन्स ने जहां आक्रमक बल्लेबाजी करके प्रभावित किया वहीं गौस ने भी बेहतरीन पारी खेली. अमेरिका ने 42 रन तक दो विकेट गंवा दिए थे इसके बाद गौस ने जिम्मेदारी संभाली. उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाए. जोन्स और गौस ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की जिससे अमेरिका आसानी से लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा. इससे पहले नवनीत धालीवाल (61) और आरोन जॉनसन (23) ने कनाडा को आक्रामक शुरुआत दिलाई. इसके बाद निकोलस किर्टन ने 31 गेंदों में 51 रन बनाकर उसे चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया. मुंबई में जन्मे बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह ने छठे ओवर में जॉनसन को आउट करके टूर्नामेंट का पहला विकेट लिया. उनकी जगह लेने के लिए उतरे परगट सिंह भी केवल पांच रन बनाकर रन आउट हो गए. धालीवाल को हालांकि किर्टन के रूप में अच्छा साथी मिला. इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़े. न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन ने धालीवाल को आउट करके यह साझेदारी तोड़ी. धालीवाल ने 44 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए. विकेटकीपर श्रेयस मोव्वा ने 16 गेंदों पर 32 रन बनाकर रन गति धीमी नहीं पड़ने दी. उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए.



मैच में शॉट लगाते आरोन जोन्स

#### रेमी गॉर्डन सबसे महंगे बॉलर बने

कनाडा के जेरेमी गॉर्डन ने मैच के 14वें ओवर में 32 रन लुटा दिए. इस ओवर में उन्होंने कुल 11 गेंदें फेंकी, जिसमें तीन छक्के, दो चौके, तीन वाइड और दो नो बॉल शामिल रहे. इस तरह जेरेमी ने टी-20 विश्व कप का दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंका. पहले नंबर पर स्टुअर्ट ब्रॉड बरकरार है, जिन्होंने युवराज सिंह से लगातार छह गेंदों में छह छक्के खाकर 36 रन लुटाए थे.

#### आरोन जोन्स ने क्रिस गेल की बराबरी

आरोन जोन्स ने इस मैच में 10 छक्के लगाकर खतरनाक कैरेबियाई बल्लेबाज क्रिस गेल की बराबरी कर ली. 2007 टी-20 विश्व कप में गेल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 117 रन की पारी के दौरान 10 छक्के मारे थे. हालांकि टी-20 विश्व कप के एक मैच में सबसे ज्यादा 11 छक्के लगाने का कीर्तिमान भी गेल के ही नाम है, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2016 एडिशन में लगाए थे.

# हमने अभी तक बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है : रोहित

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए.भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की.

**पंत ने 32 गेंद में 53 रन बनाये:** पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा, ''सिर्फ उसे मौका देने के लिए (ऐसा किया). हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है. यहां तक कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया. कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं.'पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए. सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली.

**राहुल द्रविड़ ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहा :** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी. द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा, ''एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है. बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है. मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है.'उन्होंने कहा,''इसलिए हमें इस क्षेत्र पर काम करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी इस बात का ध्यान रखें कि भारीपन महसूस नहीं हो.' द्रविड़ ने कहा, 'पिच थोड़ी नरम थी लेकिन मुझे लगता है कि हम इससे काफी अच्छी तरह निपटे. बल्लेबाजों ने उस विकेट पर अच्छा स्कोर बनाया और गेंदबाजों ने भी काफी अच्छी गेंदबाजी की.'



#### हम जैसा चाह रहे थे, वैसा हुआ : रोहित

रोहित ने मैच के बाद कहा, ''जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं. मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे. जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था.उन्होंने कहा, 'नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया.'बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए. ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए.

#### मैच में शुरुआत महत्वपूर्ण : अर्शदीप

पिच का अच्छा इस्तेमाल करने वाले अर्शदीप ने कहा कि कुछ चुनौतियों के बावजूद टीम परिस्थितियों के साथ अच्छी तरह से तालमेल बैठा रही है. उन्होंने कहा, अच्छा लग रहा है, यह बेहद महत्वपूर्ण है कि आप कैसे शुरुआत करते हैं. हमने शुरुआत में ही विकेट हासिल किए और रन नहीं दिए. विकेट से भी मदद मिल रही थी इसलिए हमने इसे सरल रखने की कोशिश की और परिणाम भी मिला.'

# अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीम: युवराज सिंह

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी-20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है. भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था. इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था.

भारत ने 2007 में पहला टी-20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे. युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा,''मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है. अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है.'



खेल टी-20 विश्वकप में आज के मुकाबले

# द.अफ्रीकी बल्लेबाजों के सामने श्रीलंका के गेंदबाजों की परीक्षा

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों और श्रीलंका के गेंदबाजों के बीच सोमवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है. द क्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी काफी मजबूत है तो श्रीलंका के पास विविधता पूर्ण गेंदबाजी आक्रमण है. दोनों ही टीम अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान देकर शुरू में ही अंक तालिका में खाता खोलने की कोशिश करेंगे. इस ग्रुप में नीदरलैंड, बांग्लादेश और नेपाल की टीम की शामिल हैं जो उलट फेर कर सकती हैं.दक्षिण अफ्रीका के पास कप्तान एडेन मार्कराम, विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन, क्विंटन डी कॉक, डेविड मिलर और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाज हैं. क्लासेन और स्टब्स बेहतरीन फॉर्म में हैं. इन दोनों ने हाल में आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया. क्लासेन ने सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से 16 मैच में 471 रन जबकि स्टब्स ने दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए चार मैच में 378 रन बनाए.

#### टीम इस प्रकार हैं

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डी कॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्टजे, कागिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स.

**श्रीलंका :** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलांका, कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंडु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, दासुन शनाका, धनंजय डी सिल्वा, महेश थीक्षाना, दुनिथ वेल्लालेज, दुशमंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथेशा पथिराना, दिलशान मदुशंका.

मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा

## ओमान के खिलाफ जीत से खाता खोलने उतरेगा नामीबिया

**ब्रिजटाउन।** अफ्रीका के क्वालीफायर्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली नामीबिया की टीम टी20 विश्व कप के ग्रुप बी में ओमान के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में जीत दर्ज करने के दृढ़ इरादों के साथ मैदान पर उतरेगी.नामीबिया के पास कुछ अनुभवी खिलाड़ी हैं लेकिन उसके लिए राह इतनी आसान नहीं होगी. ओमान के पास भी कुछ मंझे हुए खिलाड़ी हैं जिनके दम पर वह नामीबिया को कड़ी टक्कर देने की कोशिश करेगा. ओमान ने अप्रैल में खेली गई पांच मैच की श्रृंखला में नामीबिया को कड़ी टक्कर दी थी. नामीबिया ने आखिर में यह श्रृंखला 2-1 से जीती थी. टी20 विश्व कप में तीसरी बार भाग ले रहा ओमान निश्चित तौर पर उस पराजय का बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा.

#### टीम इस प्रकार हैं

**ओमान :** आकिब इलियास (कप्तान), जीशान मकसूद, कश्यप प्रजापति, प्रतीक अठावले, अयान खान, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, नसीम खुशी, मेहरान खान, बिलाल खान, रफीउल्लाह, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद, खालिद कैल.

**नामीबिया :** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), ज़ेन ग्रीन, माइकल वैन लिंगेन, डायलन लीचर, रूबेन ट्रम्पेलमैन, जैक ब्रासेल, बेन शिकोंगो, टैंगेनी लुंगामेनी, निको डेविन, जेजे स्मिट, जान फ्राइलिंक, जेपी कोट्ज़, डेविड विसे, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज़, मालन क्रूगर, पीडी ब्लिगनॉट.

मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे (सोमवार) शुरू होगा

**टेनिस**

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल मुकाबला

# स्वियातेक एकतरफा जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**एजेंसी। पेरिस**

गत चैंपियन ईगा स्वियातेक ने अनास्तिया पोतापोवा के खिलाफ बेहद एकतरफा जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. स्वियातेक ने पोतापोवा को सिर्फ 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया. स्वियातेक को पूरे मुकाबले के दौरान एक भी गेम प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा. पोतापोवा ने पहले ही मैच प्वाइंट पर फोरहैंड शॉट नेट पर मारकर मुकाबला स्वियातेक की झोली में डाल दिया.दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्वियातेक ने मैच के बाद कहा,'मैं बेहद एकाग्र थी. मुकाबला काफी तेजी से खत्म हो गया, यह काफी अजीब था.'स्वियातेक की नजरें रोलां गैरो पर लगातार तीसरे और कुल चौथे फ्रेंच ओपन खिताब पर टिकी हैं. पोलैंड की यह शीर्ष वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पांचवीं वरीय चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा और सर्बिया की गैरवरीय ओल्गा डेनिलोविच के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेगी.



#### जोकोविच की मुसेट्टी पर संघर्षपूर्ण जीत

**पेरिस।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोवच ने पांच सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा.जोकोविच ने इटली के 22 वर्षीय खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी को तीसरे दौर के मैच में 7-5, 6-7 (6), 2-6, 6-3, 6-0 से हराया. यह मैच चार घंटे 30 मिनट तक चला और रविवार की सुबह तीन बजे तक खेला गया.जोकोविच की ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में यह 369वीं जीत है और इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. जोकोविच सोमवार को यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जब उनका सामना अर्जेंटीना के 23वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा.



# बॉक्सर अमित पंघाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**एजेंसी। बैंकॉक**

विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन के चुआंग लियू को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की. पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया. वह ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं. उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं.पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल एक मौका मिला क्योंकि वह इससे पहले की दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल्स में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया से हार गए थे. एशियाई खेल 2018 के चैंपियन पंघाल ने हालांकि इस मौके का पूरा फायदा उठाया.



▼ ब्रीफ खबरें

## रक्सौल बॉर्डर पर युवक के साथ नाबालिग गिरफ्तार

**मोतिहारी ।** भारत-नेपाल सीमा स्थित रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी ने एक युवक के साथ नाबालिग लड़की को पकड़ा. युवक नाबालिग को नौकरी और शादी का झांसा देकर नेपाल ले जाने की फिराक में था. उसने फेसबुक से नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाया था. बॉर्डर पर एसएसबी 47 बटालियन एवं प्रयास जुवेनाइल एंड सेंटर ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर दोनों को पकड़ लिया. पूछताछ की गई तो नाबालिग ने चौंकाने वाली बात बताई. उसने कहा कि कुछ दिन पहले युवक से फेसबुक के जरिए संपर्क हुआ था. उसने नौकरी दिलाने के साथ शादी का प्रलोभन दिया था. 28 मई को अपने घर पश्चिम बंगाल से बिना घर के लोगों को बताए युवक के साथ वह निकल पड़ी.

## छह अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**बेतिया ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बेतिया पुलिस ने छह अपराधियों को गिरफ्तार किया. सभी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जमा हुए थे. पलिस ने सभी अपराधियों को एक लोडेड पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक पिस्टल का मैग्जीन, पांच जिन्दा कारतूस , दो बाइक के साथ गिरफ्तार किया. बेतिया सदर एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी के पास कुछ अपराधी जमा हुये हैं.

## छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला

**गोपालगंज ।** जिले के थावे थाना क्षेत्र की पुलिस पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया. इसमें पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया. पुलिस टीम थावे ओवरब्रिज के नीचे विदेशी टोला में शराब मामले में वांछित अभियुक्त के गिरफ्तारी करने पहुंची थी. इस हमले में डायल 112 की दो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई. जबकि चालक जख्मी हो गया. जिसे तत्काल इलाज के लिए थावे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया. जहां उसका इलाज डॉक्टर के देखरेख में किया गया. जख्मी चालक की पहचान शंभू नाथ सिंह के रूप में की गई.

### एनडीए के साथी जीतन राम मांझी ने इंडिया गठबंधन की बैठक पर निशाना साधा, बोले

# तय नहीं हो पाया कि हार का ठीकरा किस पर फोड़ना है

**संवाददाता ।पटना**

**एनडीए-इंडिया**

- एक जून को एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आए
- मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर एक बैठक हुई थी



चुनाव संपन्न हो जाने के बाद भी एनडीए और महागठबंधन के नेता एक्जिट पोल को लेकर एक-दूसरे पर हमलावर हैं. इसी दौरान एनडीए के साथी जीतन राम मांझी ने इंडिया गठबंधन पर तीखा तंज कसा. मांझी ने अपने एक्स अकाउंट पर शनिवार हुई इंडिया अलायंस की मीटिंग पर निशाना साधा.

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि इंडिया गठबंधन यह तय नहीं कर पाया कि हार का ठीकरा किसके सिर पर फोड़ना है. इसके आगे जीतन राम मांझी ने बधाई देते हुए यह भी लिख दिया कि आ रहे हैं मोदी जी ही. गौरतलब है कि शनिवार को आए एग्जिट पोल्स में एनडीए की सरकार बनती दिखाई दे रही है. बता दें कि एक जून को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन के दलों की एक बैठक हुई थी. इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए. जिसमें से एक फैसला गठबंधन के नेताओं को एग्जिट पोल से जुड़े टीवी कार्यक्रमों में भेजने का था.

मांझी ने इसी बैठक को लेकर सवाल उठाए. उन्होंने अपनी एक्स पोस्ट में लिखा कि हुई चार जून की दोपहर तक इंडिया गठबंधन की बैठक में यह तय नहीं हो पाया कि हार का ठीकरा किस पर फोड़ना है. हां, यह तय जरूर हुआ कि चार जून की दोपहर तक इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों के नेता जीत का सपना देखते हुए सपने में ही खुद प्रधानमंत्री पद की शपथ दिला लें. इसके आगे उन्होंने लिखा कि वैसे आ रहे हैं मोदी जी ही. जीत की अग्रिम बधाई. बता दें कि एक जून को अंतिम चरण के चुनाव के बाद एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आए हैं. लगभग सभी एग्जिट पोल में अगली सरकार भी एनडीए की ही बनती बताई जा रही है. कुछ एग्जिट पोल में तो एनडीए को चार सौ से अधिक सीटें मिलने के भी दावे किए गए हैं. वहीं, इंडिया गठबंधन 150 सीटों से आगे जाता दिखाई नहीं दे रहा है. इंडिया गठबंधन के कई नेताओं ने दावा किया है कि उन्हें 295 सीटें मिल रही हैं.

> **कुछ एग्जिट पोल में तो एनडीए को चार सौ से अधिक सीटें मिलने के भी दावे किए गए हैं. वहीं, इंडिया गठबंधन 150 सीटों से आगे जाता दिखाई नहीं दे रहा है**

# नशेड़ियों के दो पक्ष आपस में भिड़े, तीन युवक हुए जख्मी

**संवाददाता ।नालंदा**

जिले के बिहार थाना क्षेत्र में रविवार को दो पक्षों में भिड़ंत हो गया. धटना सकुनतकला मोहल्ला के पास की है. नशेड़ियों के दो पक्ष आपस में भिड़ गये. इस घटना में तीन युवक जख्मी हो गए. पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया. दोनों पक्षों की ओर से ना सिर्फ मारपीट हुई बल्कि पथराव भी हुआ.

सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस और वरीय पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे तब जाकर मामला शांत हुआ. घायल तीन युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. जख्मी होने वालों में बरबीघा बस स्टैंड के पास तकिया पर निवासी एहसान खान, सकुनतकला निवासी कारू कुमार और पवन कुमार शामिल हैं. घटना के संबंध में बताया जाता है कि जख्मी एहसान खान ब्राउन शुगर का सेवन करता है. नशे में अपने आधा दर्जन साथियों के साथ सकुनतकला मोहल्ले में घुस गया और कारू कुमार के साथ मारपीट करने लगा. इसमें कारू का सिर फट गया. जिसके बाद सकुनतकला मोहल्ले के लोग दौड़े. एहसान की पकड़कर पिटाई कर दी. हालांकि पुलिस सही समय पर पहुंच गई जिसके बाद लोगों के चंगुल से उसे छुड़ाया गया. जख्मी कारू ने बताया कि वह घर के दरवाजे के पास बैठा हुआ था तभी अचानक नशे की हालत में एहसान छह और लोगों के साथ पहुंचकर मारपीट करने लगा.

### रामकृपाल यादव के काफिले पर हुए हमले पर बोले सम्राट चौधरी

# राजद गुंडागर्दी के लिए मशहूर

**जताया विरोध**

- सारण में राजीव के खिलाफ चुनाव में रोहिणी आचार्य हैं
- पाटलिपुत्रा से राममृपाल के खिलाफ मीसा भारती हैं



पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते प्रदेश के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी.

**संवाददाता ।पटना**

शनिवार को लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण भी समाप्त हो गया. लेकिन हिंसा की वजह से पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र चर्चा में रहा. दरअसल शाम में पाटलिपुत्र के कैंडिडेट और भाजपा नेता रामकृपाल यादव के काफिले पर गोलियां बरसाई गई. बदमाशों ने चार गोलियां चलाई. भाजपा ने इस घटना को मुद्दा बना लिया.

रविवार को प्रेस पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने इसके लिए लालू परिवार को जिम्मेदार ठहराया. उन्होंने कहा कि हार की बौखलाहट से राजद के गुंडों ने रामकृपाल यादव के ऊपर पाटलिपुत्र में फायरिंग कर दी. इसकी जांच के लिए हमने एसआईटी बना दी है. एक-एक पर कठोरतापूर्वक कार्रवाई होगी. राजद फिर बिहार में गुंडाराज बहाल करना चाहती है. कहा कि पाटलिपुत्रा से राममृपाल यादव के खिलाफ लालू यादव की बेटी मीसा भारती चुनाव लड़ रही हैं. सारण में भाजपा के राजीव प्रताप रूडी के खिलाफ लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्या चुनावी मैदान में हैं. सम्राट चौधरी ने कहा कि लालू परिवार हिंसा के बल पर चुनाव जीतना चाहता है. लालू और राजद के गुंडे अपनी गुंडागर्दी के लिए मशहूर हैं. लालू का मतलब ही है गुंडागर्दी और भ्रष्टाचार. इन्होंने अपनी दोनों बेटियों मीसा भारती और रोहिणी आचार्य के चुनावी क्षेत्रों में चुनाव को हिंसा में बदल दिया.

बता दें कि सारण और पाटलिपुत्र दोनों ही जगह चुनाव के बाद गोलियां चलवाई गईं. सारण में गोली लगने से मौत के बाद भारी बवाल हुआ. कई दिनों तक इंरनेट सेवा को बाधित रखना पड़ा. काफी मशक्कत के बाद सारण में हालात सामान्य हुए. दरअसल शनिवार को चुनाव के बाद भाजपा नेता रामकृपाल यादव का काफिला निकल रहा था. उसी समय अज्ञात बदमाशों के द्वारा गोलियां चलाई गई. जिसमें एक भाजपा का वर्कर घायल हो गया.

इस मामले में पटना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है. जिसमें अब तक नौ नामजद और 40 अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है. एक अभियुक्त की गिरफ्तारी कर ली गई है. जिसका नाम विकास कुमार है. पटना पुलिस के वरीय अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है.

पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव पर हमले की घटना पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि हारने के कारण लालू यादव के 'युवराज' बिहार में गुंडागर्दी का राज स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं. रामकृपाल यादव

### गिरिराज ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा

गिरिराज सिंह ने कहा कि सारण में भी राजद की गुंडागर्दी दिखी थी. पाटलिपुत्र में तो पूर्व केंद्रीय मंत्री और प्रत्याशी रामकृपाल यादव पर जानलेवा हमला किया गया. वहां कार्यकर्ताओं को पीटा और घायल किया गया. मसौढ़ी में लोग पहले से ही भयभीत थे कि राजद के लोग उत्पात मचाते हैं. वहीं गिरिराज सिंह ने एक्जिट पोल को लेकर एक बार फिर ममता बनर्जी पर निशाना साधा. गिरिराज ने कहा कि बंगाल की जनता से अब ममता बनर्जी का विश्वास उठ गया है. यही वजह है कि आज बंगाल में भी भाजपा बहुमत से आगे जा रही है. कहा कि चार तारीख को सारी बातें स्पष्ट हो जाएंगी और विपक्ष की सारी खटखट और फटाफट धरी की धरी रह जाएगी. वहीं कांग्रेस के 295 सीट से अधिक वाले बयान को गिरिराज सिंह ने थेथरोलॉजी करार दिया. कहा है कि आज सभी सर्वे एजेंसियां 400 के आसपास एनडीए की बढ़त को बता रही हैं तो वहीं कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन थेथरोलॉजी से बाज नहीं आ रही.

### प्रियंका व राहुल ने बिहार में अधिक समय दिया होता, तो नतीजा कुछ और होता

# मोदी किसी सूरत में इस बार देश के प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे: पप्पू यादव

**संवाददाता ।पटना**



**दी प्रतिक्रिया**

- इस बार पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं पप्पू यादव
- एनडीए के भीतर इंटरनल कनफ्लिक्ट भी बहुत ज्यादा है

लोकसभा चुनाव के बाद एक्जिट पोल को लेकर राजनीतिक गलियारे में दावों को दौर जारी है. जिस पार्टी को नुकसान दिखाया जा रहा है, वह इसे खारिज कर रहा है. वहीं जिसके पक्ष में परिणाम दिख रहा है, वह संतुष्ट है. सभी एजेंसियों के आंकड़ों पर गौर करें तो भी बिहार में एनडीए को 29-30 से कम और इंडिया गठबंधन को 10-11 से ज्यादा सीटें नहीं मिल रही हैं. इस पर पूर्णिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव का बयान सामने आ गया.

पप्पू यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर जुबानी हमला किया. कहा कि नरेंद्र मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो पूरा देश मणिपुर बन जाएगा. पप्पू यादव ने एग्जिट पोल के आंकड़ों को लेकर सर्वे एजेंसियों पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर भाजपा को देशभर में 240 से ज्यादा सीटें नहीं मिलने जा रही हैं. लेकिन कोई भी चैनल 300 से कम सीट नहीं दे रहा है. जबकि पूरा एनडीए मिलकर 272 के आंकड़े को पार कर जाए वही गनीमत है. पप्पू यादव ने दावा किया कि एनडीए के भीतर इंटरनल कनफ्लिक्ट भी बहुत ज्यादा है. उन्होंने दावा किया कि नरेंद्र मोदी किसी सूरत में इस बार प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे.

बिहार की 40 सीटों के चुनावी परिणाम के सवाल पर पप्पू यादव ने कहा कि प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने अधिक से अधिक बिहार में समय दिया होता तो नतीजा कुछ और होता. जैसे यूपी में प्रियंका गांधी का अखिलेश यादव के साथ रोड शो हुआ और राहुल गांधी जी ने महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के साथ मिलकर लहर पैदा की. उतना बिहार में होता तो नतीजा कुछ और रहता. पप्पू यादव ने बिहार में टिकट बंटवारे पर भी सवाल उठाया. कहा कि प्रचार अभियान के साथ टिकट बंटवारे में कांग्रेस नेता गंभीरता के साथ ध्यान देते तो महागठबंधन यहां 25 से 30 सीटों पर निश्चित रूप से जीत दर्ज करती.

तेजस्वी यादव से प्रतिस्पर्धा के सवाल पर पप्पू यादव ने डिप्लोमेटिक उत्तर दिया. कहा कि तेजस्वी यादव बहुत छोटे हैं. 1990 में जब हम एमएलए बन गए थे उस समय उनका जन्म हुआ. इसलिए उनसे कैसा कॉम्पिटिशन. सबका अपना अपना भाग्य और कर्म होता है. मेरा लक्ष्य है बिहार के साढ़े13 करोड़ जनता के अधिकारों और आजादी को सुनिश्चित करना.

इस पर मेरी लड़ाई पहले से चल रही है. पप्पू यादव ने कहा कि जब किसी की आंखों में आंसू देखता हूं तो दौड़ पड़ता हूं. उन लोगों को न्याय दिलाने के लिए मैं किसी भी सीमा को पार करने के लिए तैयार हूं. पप्पू यादव ने खुद को पॉलिटिकल एसेट बताया. कहा कि समाज की बेहतरी और व्यवस्था में सुधार के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता है.

**कारोबार**

## एआई का लाभ उठा रही हैं एयरलाइन कंपनियां

**नयी दिल्ली ।** भारतीय एयरलाइंस ग्राहक सेवा कर्मचारियों के काम के बोझ को कम करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए कृत्रिम मेधा का लाभ उठा रही हैं. एयर इंडिया ने अपनी पांच वर्षीय बदलाव योजना के तहत एआई का व्यापक उपयोग करने की तैयारी की है. इसका जेनरेटिव एआई वर्चुअल एजेंट 'एआई.जी' 1,300 से अधिक विषयों को संभालता है. इसी तरह देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के पास एआई चैटबॉट '6एस्काई' है, जिसमें 1.7 लाख करोड़ मानक हैं, जिससे यह आसानी से सवालों के जवाब दे सकता है.

## मई माह में बिजली की मांग 15 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** देश में बिजली की खपत मई में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में लगभग 15% बढ़कर 156.31 अरब यूनिट (बीयू) हो गई है. इसका एक प्रमुख कारण देश के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी है जिसकी वजह से ठंडक देने वाले एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा है. मई, 2024 में एक दिन में अधिकतम आपूर्ति भी बढ़कर 250.07 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई.

### लाल सागर में मालवाहक जहाजों का परिवहन लगभग बंद हो गया है

# बढ़ सकती हैं इलेक्ट्रिकल गुड्स की कीमतें

**रास्ता बंद**

- कॉपर वस्तुओं के दामों में 20-25% की बढ़ोतरी
- जहाज अब लंबे समुद्री मार्ग का इस्तेमाल कर रहे हैं

**भाषा ।नयी दिल्ली**



युद्ध भले ही दो देशों में हो, लेकिन इसका दूरगामी असर वैश्विक व्यापार पर पड़ता है. इसमें सबसे अधिक असर उन देशों पर पड़ता है, जिसके सामान समुद्र के रास्ते जहाज से आते हैं. मध्य पूर्व में चल रहे तनाव का असर अब कारोबार पर दिखना शुरू हो गया है. खबर है कि उपभोक्ताओं को फ्रिज, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन, पंखे, किचन अप्लायंस, वायर और पंप जैसे इलेक्ट्रिकल कंज्यूमर गुड्स खरीदने के लिए 2-5% अधिक खर्च करना पड़ सकते हैं.

इंडस्ट्री एग्जीक्यूटिव्ज के अनुसार, सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, हैवेल्स, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और वी-गार्ड इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख निर्माताओं ने या तो कीमतें बढ़ाई हैं या अपने डीलरों को सूचित किया है कि वे ऐसा करने वाले हैं. उनके मुताबिक, इसके पीछे कॉपर और एल्यूमीनियम जैसी प्रमुख वस्तुओं के दामों में 20-25% की बढ़ोतरी और रुपये का अवमूल्यन तो है ही. इसके अलावा पिछले दो-चार महीनों में लाल सागर संकट के कारण माल ढुलाई लागत में आई तेजी है. दरअसल इजरायल हमास जंग के कारण लाल सागर में मालवाहन जहाजों पर हुती विद्रोहियों के हमले से इस मार्ग पर माल परिवहन लगभग बंद हो गया है.

मालवाहक जहाजों को अब लंबे वैकल्पिक समुद्री मार्ग का इस्तेमाल करना पड़ रहा है. इस वजह से शिप कंटनेर्स की कमी हो गई है. शिप कंटनेर्स की कमी से चीन से माल आने में भी दिक्कत हो रही है और माल भाड़ा भी बढ गया है. इन वजहों से अब आईटी हार्डवेयर, टीवी, वॉशिंग मशीन और एसी जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामानों की कीमत में उछाल आने की पूरी आशंका है. देश की दूसरी सबसे बड़े घरेलू उपकरण निर्माता कंपनी सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने अपने ट्रेड पार्टनर्स को व्हाट्सएप मैसेज के जरिये इस बारे में सूचित किया है. उसने बताया है कि रुपये के अवमूल्यन से इनपुट लागत में बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए वह होम एप्लायंस कैटेगरी में जून से 2.5% की कीमत बढ़ोतरी पर विचार कर रही है.

### कंटेनर्स के रेट 2400 से 2900 डॉलर तक पहुंच गए

यूरोप और मिडल ईस्ट से भारत आने-जाने के लिए समुद्री जहाज पहले स्वेज नहर का रास्ता लिया करते थे. लेकिन, हुती विद्रोहियों के हमले के बाद अब उन्हें लगभग 8500 किमी लंबा रास्ता लेना पड़ रहा है. यह रूट लगभग 330 बड़े जहाज, जिन पर करीब 12 हजार कंटेनर लदे हुए हैं, ने अपनाया है. जहाज को अपने गंतव्य तक पहुंचने में लगने वाला समय भी 35 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है. इसके चलते चीन के पोर्ट्स पर मई से ही जहाजों की कमी होने लगी है और किराया बढ रहा है. अब कंटेनर्स के रेट 2400 से 2900 डॉलर तक पहुंच गए हैं. लाल सागर संकट से पहले यह 850 से 1000 डॉलर पर थे. लाल सागर संकट के चलते 20 और 40 फीट कंटेनर की कीमतें पूरी दुनिया में बढ़ गई हैं. कंपनियां अपना सामान एक जगह से दूसरी जगह भेजने के लिए 20 फीट के कंटेनर को ज्यादा पसंद कर रहे हैं.

## सन फार्मा को राजस्व में वृद्धि की है उम्मीद

**नयी दिल्ली ।** फार्मा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज को चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अपने राजस्व में ऊंची एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है. कंपनी के प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी ने यह बात कही है. मुंबई की इस कंपनी का वित्त वर्ष 2023-24 में कुल एकीकृत परिचालन राजस्व 48,497 करोड़ रुपये रहा है. इससे पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 43,886 करोड़ रुपये था. सांघवी ने एक विश्लेषक कॉल में कहा कि हमें 2024-25 में ऊंची एक अंकीय वृद्धि की उम्मीद है. हमारे सभी कारोबार क्षेत्र वृद्धि के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सन फार्मा अपने कारोबार क्षेत्रों में निवेश के चरण में रहेगी. सांघवी ने कहा कि इसमें अमेरिका में उत्पाद उतारने की लागत शामिल है, लेकिन यह यहीं तक सीमित नहीं है, क्योंकि हमारे वैश्विक स्पेशियल्टी कारोबार का विस्तार जारी रहने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि साल के दौरान शोध एवं विकास पर बिक्री का आठ से 10 प्रतिशत निवेश किया जाएगा. एक अलग सवाल के जवाब में सांघवी ने कहा कि हमें भविष्य के लिए निवेश जारी रखना होगा. और हमारा प्रयास यह होगा कि जब हम भविष्य के लिए निवेश कर रहे हैं, तो हम इसे लाभप्रदता की कीमत पर न करें.

## 2030 का भारत अभियान इंदौर से शुरू होना गर्व की बात: पवन




2030 का भारत अभियान की जानकारी देते पवन और रोहित.

**एजेंसी ।इंदौर**

इंदौर में 2030 का भारत अभियान के तहत सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए कुछ सार्थक प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की गई. ये प्रोजेक्ट्स गरीबी, भुखमरी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित होने के साथ-साथ स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग और कैदियों के बेहतर स्वास्थ्य, पुनर्वास व कल्याण के प्रति भी समर्पित है. इस अभियान की शुरुआत समाजसेवी, लेखक व राजनीतिक रणनीतिकार अतुल मलिकराम द्वारा एक शिक्षित व समृद्ध भारत के दृष्टिकोण के साथ की गई है.

इस अभियान का लक्ष्य मार्च 2026 तक इन सभी प्रोजेक्ट्स को देश के 10 राज्यों तक फैलाने का है. इन प्रोजेक्ट्स की विशेषताओं के बारे में बताते हुए पवन त्रिपाठी, चीफ ब्रांडिंग एंड कम्युनिकेशन ऑफिसर, ने कहा कि इंदौर से इस पहल की शुरुआत हमारे लिए गर्व की बात है. इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से हम गरीबी और भुखमरी की समाप्ति में सहयोग के साथ, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छोटे शहरों और गली-मोहल्लों में स्थित स्कूलों के टीचर्स को ट्रेनिंग देने की पहल कर रहे हैं.

प्रोजेक्ट्स से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रोहित सिंह ने कहा कि इन प्रोजेक्ट्स के लिए फंडिंग कॉर्पोरेट के सीएसआर से आएगी. इस पहल के माध्यम से न केवल समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त किया जाएगा, बल्कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जाएगा.

**शेयर बाजार** पिछले सप्ताह निफ्टी में 427 अंकों की गिरावट रही, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 7754 करोड़ रुपये की बड़ी बिकवाली की

# अब भारत व इसका शेयर मार्केट अपनी और भी गर्वीली यात्रा के लिए तैयार है



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

एक बड़ी समयावधि के लोकसभा चुनाव के सभी चरण संपन्न हो गए हैं तथा एक्जिट पोल भी आ गए हैं. इनमें मोदी सरकार की प्रचंड बहुमत से पुनर्वापसी का अनुमान लगाया गया है. शेयर मार्केट इस शुभ समाचार की प्रतीक्षा कर रहा था. अब तो लगता है शेयर मार्केट भागेगा खटाखट,पैसे बनेंगे टकाटक. इस बार का लोकसभा का चुनाव भारत के भविष्य के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण चुनाव था. भारत, जो सभी क्षेत्रों में एक सशक्त आकार ले रहा था, वो किस दिशा में किस गति से अब बढ़ेगा, कोई अवरोध तो नहीं आएगा इत्यादि के निर्णय का चुनाव था. अब मोदी पुनः आ रहें हैं तो राष्ट्र अपने आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निश्चिंत है तथा आर्थिक सशक्तिकरण शेयर मार्केट के लिए बहुत उत्साहजनक होता है, प्रिय होता है. इंडिया गठबंधन के व्यवहारिक, अतार्किक घोषणापत्र से भारतीय उद्योग व्यापार जगत,शेयर मार्केट चिंतित था. उनकी सत्ता नही आने की संभावना से इस चिंता के बादल छंट गए हैं. अब भारत तथा भारत का शेयर मार्केट अपनी और भी गर्वीली यात्रा के लिए तैयार है. पिछले सप्ताह लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार की सीटों के आकलन को ले कर अनेक चर्चाएं चल रहीं थीं. कुछ में भाजपा को कम सीटें मिलने की बात कही जा रहीं थीं. इससे शेयर मार्केट में थोड़ी घबराहट थी. मुख्यतः इसी कारण पिछले सप्ताह निफ्टी में 427 अंकों की गिरावट रही. विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 7754 करोड़ रुपये की बड़ी बिकवाली की. गुरुवार को तो उन्होंने नगद, स्टॉक फ्यूचर तथा इंडेक्स फ्यूचर में कुल मिला कर 19417 करोड़ रुपए की बिक्री की.

सामान्य भारतीय निवेशक भी चुनाव परिणाम आने की ले कर थोड़ी प्रतीक्षा में मनोभाव में दिखे. अब अनिश्चितता लगभग समाप्त होने को है. ऐसे में एफआईआई तथा भारतीय निवेशक, दोनों के द्वारा बहुत बड़ी तथा आक्रामक खरीद आने की पूरी संभावना है. सोमवार को यदि भारतीय शेयर मार्केट ऊपर खुल और भी चढ़ दिन के उच्चतम स्तरों के निकट बंद होते है, फिर मंगलवार को चुनाव परिणाम एक्जिट पोल के अनुसार आते हैं ,मोदी के पक्ष में अनुमानों से भी अच्छे आते हैं तो फिर मंगलवार को तेजी का बड़ा विस्तार हो सकता है. यह एक दीर्घकालीन बड़ी तेजी की यात्रा का आधार बनेगा तथा आने वाले कई वर्षों में भारतीय शेयर मार्केट में अद्भुत तेजी देखने को मिलेगी. घरेलू संस्थागत निवेशक तो लगता है मोदी सरकार की वापसी को ले कर पूर्णतया निश्चित थे. पिछले सप्ताह नकद संभाग में उन्होंने 11765 करोड़ रुपए का बड़ा क्रय किया जो एफआईआई की बिकवाली से 4009 करोड़ रुपए अधिक था, 50 प्रतिशत अधिक था. यह डीआईआई के पास अच्छे धन की उपलब्धता को, एफआईआई के विक्रय के प्रतिकार की क्षमता, आत्मविश्वास को भी दर्शाता है. डीआईआई का शक्तिशाली होना बहुत अच्छा संकेत है. पिछले सप्ताह के सभी पांचों व्यायारिक सत्रों में डीआईआई क्रय करने की मुद्रा में रहे. किसी दिन एफआईआई ने बड़ी बिकवाली की तो डीआईआई ने भी उस दिन बड़ी खरीद की.

यह एक आक्रामक प्रत्युतर था. पिछले सप्ताह में अमेरिका में डॉलर इंडेक्स तथा यूएस बॉन्ड यील्ड में बढ़त आ गई तथा इस कारण भी वहां के शेयर मार्केट में गिरावट रही. साप्ताहिक आधार पर डाउ में 383 अंकों की दुर्बलता आई. यद्यपि सप्ताहांत में शुक्रवार को डाउ में 575 अंकों की तेजी रही. अतः डाउ में दुर्बलता का भी आंशिक प्रभाव भारतीय शेयर मार्केट पर पढ़ रहा था. क्रूड ऑयल में दुर्बलता बनी हुई है. उछाल पर टिक नहीं पा रहा, युद्ध की स्थितियों में भी नहीं. इससे लगता है कि क्रूड में और भी अधिक गिरावट आ सकती है जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा रहेगा. पिछले सप्ताह क्रूड 81.37 डॉलर प्रति बैरल रहा. इंडिया विक्स अभी बढ़ा हुआ है, 24.60 है. लोकसभा चुनाव परिणाम जैसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम को ले कर यह स्वाभाविक भी है. एक बार जब अनिश्चितता समाप्त हो जायेगी तब ये भी नीचे आ जायेगा. मई माह में जीएसटी कर संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा जो अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपए था. पिछले वित्त वर्ष में विनिर्माण तथा निर्माण, दोनों क्षेत्रों में 9.9 प्रतिशत की प्रभावी वृद्धि रही. इन दोनों क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि अर्थव्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाती है. यह क्रम मोदी सरकार की वापसी से बने रहने की पूरी संभावना है.

भारत में अगले एक वर्ष में कार कम्पनियों की एक लाख करोड़ रुपए निवेश करने की योजना है. इससे अर्थव्यवस्था के प्रति सकारात्मक भाव का सहज अनुमान लगाया जा सकता है. पिछले वित्त वर्ष में भारत में कंपनियों का लाभ 25 प्रतिशत बढ़ा. उससे मार्केट की पीई 25 प्रतिशत कम होती है, मार्केट का मूल्यांकन आकर्षक होता है. यह शेयर मार्केट में बढ़त को भी न्यायोचित बनाता है. आधारभूत क्षेत्र के म्यूचुअल फंड ने 5 वर्षों में 380 प्रतिशत तक का प्रतिफल दिया है. इस प्रकार का प्रदर्शन अधिक संख्या में निवेशकों को एमएफ की ओर आकर्षित करेगा जो परोक्ष रूप से शेयर मार्केट के लिए भी सहायक सिद्ध होगा. विश्व के प्रमुख वित्तीय संस्थान एसएंडपी ने अच्छे अर्थव्यवस्था प्रबंधन के कारण भारत की साख को स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया है. इससे भी अधिक विदेशी निवेश आयेगा. भारत में मध्य वर्ग की जनसंख्या 31 प्रतिशत हो गई है. यह एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है जो चुनावी राजनीति को भी आनेवाले वर्षों में सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा. इससे अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ नहीं पड़ेगा. मोदी 3.0 भारत के सर्वांगीण विकास का शंखनाद होगा. निवेश कीजिए, इसके सहभागी बनिए. जिन क्षेत्रों ने मोदी सरकार का विशेष ध्यान हैं, रक्षा, रेल, सरकारी बैंक इत्यादि उनके शेयरों में निवेश कीजिए. जो शेयर उचित मूल्यांकन में मिल रहें, उन्हें जमा करें.

## ब्रीफ खबरें

### भारत ने भेजी क्यूबा को मानवीय सहायता

**नयी दिल्ली।** भारत ने रविवार को क्यूबा को मानवीय सहायता के तहत 90 टन दवाएं बनाने में इस्तेमाल सामग्री भेजी. क्यूबा आवश्यक वस्तुओं, खाद्य पदार्थों और दवाओं की कमी से जूझ रहा है. विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा, भारत सरकार क्यूबा गणराज्य की सरकार को मानवीय सहायता प्रदान कर रही है. भारत में निर्मित नौ सक्रिय दवा सामग्री (एपीआई) की लगभग 90 टन की एक खेप दो जून को मुंद्रा बंदरगाह से रवाना हुई.

### बम की धमकी, आपात स्थिति में उतारा विमान

**मुंबई।** पेरिस से 306 यात्रियों को लेकर मुंबई आ रही विस्तारा की एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद मुबंई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिती में उतारा गया. सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्र के अनुसार पूर्वाह्न 10:08 बजे पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया और विमान 10:19 बजे हवाई अड्डे पर उतरा. सूत्र ने बताया, पेरिस से मुंबई आने वाली इस उड़ान में 294 यात्री और 12 चालक दल के सदस्य सवार थे.

### कटरा में तंबाकू सेवन पर लगा प्रतिबंध

**जम्मू।** जम्मू प्रशासन ने कटरा में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री, उन्हें रखने तथा उनके सेवन पर प्रतिबंध लगा दिया है. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. कटरा में माता वैष्णो देवी का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है. रियासी के जिलाधिकारी विशेष महाजन ने कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य उस धार्मिक स्थान की पवित्रता बनाए रखना है, जहां हर साल लाखों तीर्थयात्री आते हैं. प्रशासन ने कटरा और आसपास के इलाकों में मांस और शराब की बिक्री करने, उन्हें रखने और उनका सेवन करने पर पहले ही प्रतिबंध लगा रखा है.

### भवानी रेवन्ना की तलाश कर रही है एसआईटी

**बेंगलुरु।** विशेष जांच दल (एसआईटी) ने एक महिला के अपहरण के मामले में जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना की तलाश में पिछले 24 घंटे में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली. सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी. वह हासन जिले के होलेनरसीपुरा में अपने आवास पर मौजूद नहीं थीं, जिसके बाद उनकी तलाश की जा रही है. एसआईटी ने भवानी को एक नोटिस जारी कर एक जून को अपने घर में मौजूद रहने को कहा था क्योंकि उनसे उनके बेटे के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों से जुड़े मामले में पूछताछ करने की आवश्यकता है.

### पिट्सबर्ग के बार में गोलीबारी, दो की मौत

**पेन हिल्स (अमेरिका)।** उपनगरीय पिट्सबर्ग के एक बार में हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हुए हैं. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. एलेगनी काउंटी पुलिस ने कहा कि उसने पेन हिल्स के बॉलर्स हुक्का लॉंज और सिगार बार में सुबह के वक्त हुई गोलीबारी के मामले में कार्रवाई की है. पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा कि रविवार तड़के तीन बजे के आसपास बचावकर्मियों को बार के अंदर एक पुरुष और एक महिला के शव मिले.

# अरुणाचल प्रदेश में भाजपा और सिक्किम में एसकेएम कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

## अरुणाचल में तीसरी बार भाजपा सिक्किम में एसकेएम फिर सत्ता में

**एजेंसी । ईटानगर/गंगटोक**

> भाजपा ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थी

भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया. वहीं सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीट पर जीत दर्ज करके लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सिक्किम में अपनी सत्ता बरकरार रखी. अरुणाचल प्रदेश में 60 में से 50 विधानसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था. भाजपा ने 10 सीट पहले ही निर्विरोध जीत ली थीं. नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को पांच सीट मिलीं, जबकि पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल ने दो और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने तीन सीट पर जीत दर्ज की. कांग्रेस ने एक सीट जीती और तीन सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं. सिक्किम में वर्ष 2019 तक लगातार 25 साल राज्य पर शासन करने वाला सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) महज एक सीट जीत पाया है.


सिक्किम में चुनाव नतीजे की घोषणा के बाद एसकेएम नेता प्रेम सिंह तमांग.


अरुणाचल प्रदेश में जीत की खुशी मनाते पेमा खांडू.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की कई बैठकों की अध्यक्षता

# आग से सुरक्षा सुनिश्चित करने पर पीएम का जोर

**भाषा। नयी दिल्ली**

देश में आग लगने की विभिन्न घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भीषण गर्मी और लू के कारण पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की और अस्पतालों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा को दुरुस्त करने की जरूरत पर बल दिया. लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का मतदान संपन्न होने के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने कई बैठकों की अध्यक्षता की. उन्होंने पूर्वोत्तर के राज्यों में चक्रवात रेमल के कारण पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और अगली सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लिया.

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उससे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास किए जाने चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि जंगलों में 'फायर लाइन' के रखरखाव और बायोमास के उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए. बयान में कहा गया है कि इस साल मानसून देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य और सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से नीचे रहने की संभावना है.



#### चक्रवात के बाद की स्थिति की समीक्षा की

एक अन्य आधिकारिक बयान में कहा गया कि चक्रवात रेमल के बाद की स्थिति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में मोदी को मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण जानमाल के नुकसान सहित विभिन्न राज्यों में इसके प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई . प्रधानमंत्री को बताया गया कि कैसे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने लोगों को बचाने, हवाई मार्ग से उन्हें निकालने और सड़क साफ करने का काम चलाया . बयान में कहा गया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है . बयान के अनुसार, मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार चक्रवात से प्रभावित राज्यों को पूर्ण समर्थन देना जारी रखेगी . प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में शीर्ष नौकरशाहों ने इन बैठकों में हिस्सा लिया . प्रधानमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस बड़े पैमाने पर मनाने की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी एक बैठक में शामिल होने वाले हैं . विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून को मनाया जाता है . लोकसभा चुनाव शुरू होने से बहुत पहले मोदी ने नयी सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने के वास्ते विभिन्न सरकारी मंत्रालयों को काम सौंपा था . उन्होंने अपनी मंत्रिपरिषद से पहले 100 दिनों के लिए कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है .

## 'अरुणाचल में विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश'

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत को विकास की राजनीति को मिला स्पष्ट जनादेश करार दिया और कहा कि राज्य के विकास के लिए उनकी पार्टी और भी अधिक उत्साह के साथ काम करती रहेगी. अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने सत्ता में वापसी की है. पार्टी ने 60-सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर शानदार प्रदर्शन किया. मोदी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश! इस अद्भुत राज्य के लोगों ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है. राज्य में भाजपा के प्रति फिर से अपना विश्वास जताने के लिए उनका आभार. हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक उत्साह के साथ काम करती रहेगी.

प्रधानमंत्री ने चुनाव में ''असाधारण'' मेहनत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की जमकर सराहना की. उन्होंने कहा, यह सराहनीय है कि वे राज्य भर में कैसे लोगों के बीच गए और उनसे जुड़े.प्रधानमंत्री ने सिक्किम विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को बधाई दी. सिक्किम विधानसभा चुनाव में एसकेएम ने 32 में से 31 सीट जीतकर लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी की है. सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) को महज एक ही सीट मिल सकी. प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आने वाले समय में सिक्किम की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के साथ काम करने की आशा करता हूं. मोदी ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की.

## असम में गुवाहाटी के निकट आईआईएम स्थापित करने को केंद्र की मिली मंजूरी

**भाषा। गुवाहाटी**

केंद्र ने असम में गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) स्थापित करने की मंजूरी दे दी है. प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने रविवार को यह जानकारी दी. इसके साथ ही गुवाहाटी देश के उन कुछ शहरों में शामिल हो जाएगा, जहां शीर्ष शैक्षणिक संस्थान हैं. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पिछले 18 महीनों से केंद्र के साथ इस मामले को आगे बढ़ा रही थी, और नया संस्थान राज्य में उच्च शिक्षा के



लिए क्रांतिकारी कदम होगा. शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एक बड़ी खबर साझा कर रहा हूं! 2023 में हमारे अनुरोध के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी के पास एक भारतीय प्रबंध संस्थान को मंजूरी देकर असम के लोगों को एक विशेष उपहार दिया है. इससे यह उन कुछ शहरों में शामिल हो गया है, जहां आईआईटी, एम्स, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और अब आईआईएम है.

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और उनके मंत्रालय के समक्ष अपना मामला पेश किया था, साथ ही प्रधानमंत्री मोदी को भी पत्र लिखा था. शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने नए संस्थान के लिए भूमि और रसद सहायता की पेशकश की है, जिसका मार्गदर्शन आईआईएम-अहमदाबाद करेगा.

## नियंत्रण रेखा के पार 'लॉन्च पैड' हैं सक्रिय

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि रंजन स्वैन के अनुसार नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार स्थित 'लॉन्च पैड' पर सक्रिय लगभग 60 से 70 आतंकवादी भारत में घुसपैठ की फिराक में हैं. इसके साथ ही स्वैन ने कहा कि घटती क्षमता के बावजूद पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में लोगों और सामग्री को भेजने से बाज नहीं आ रहा है. सीमावर्ती इलाकों में मौजूदा सुरक्षा हालात के समग्र आकलन से अवगत कराने के साथ ड्रोन के जरिये हथियार समेत अन्य सामग्री गिराए जाने की चुनौतियों का जिक्र करते हुए स्वैन ने कहा कि भारतीय सुरक्षाकर्मियों की दृढ़ प्रतिबद्धता के कारण दुश्मन का सफल होना बहुत मुश्किल है. जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआईडी का दोहरा कार्यभार संभाल रहे स्वैन ने कहा, हमारे सुरक्षा साझेदारों के साथ बैठकों में हम आम तौर पर इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि यह एक तथ्य है कि प्रतिद्वंद्वी या दुश्मन ने लोगों और सामग्री को भेजने पर रोक नहीं लगाई है. उन्होंने क्षेत्र में पश्चिमी पड़ोसी देश से आए विदेशी आतंकवादियों की मौजूदगी का भी जिक्र किया. ड्रोन गिराए जाने के मुद्दे पर स्वैन ने कहा कि ये गतिविधियां एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती हैं क्योंकि ये हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, नकदी और मादक पदार्थों की तस्करी को सुगम बनाती हैं.

> ▪ घुसपैठ की फिराक में 70 आतंकवादी : डीजीपी

## चीनी अंतरिक्ष यान चंद्रमा के सुदूर हिस्से में उतरा

**बीजिंग।** चीन का एक अंतरिक्ष यान मिट्टी और चट्टान के नमूने एकत्रित करने के लिए अपनी तरह के पहले प्रयास के तहत रविवार को चंद्रमा के एक सुदूर हिस्से में उतरा. ये नमूने चंद्रमा के कम खोजे गए क्षेत्र और अच्छी तरह ज्ञात इसके निकटतम भाग के बीच अंतर के बारे में जानकारियां उपलब्ध करा सकते हैं. चंद्रमा का निकटतम भाग चंद्र गोलार्ध है, जो हमेशा सुदूर भाग के विपरीत यानी पृथ्वी की ओर होता है. चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, चांग'ए-6 मानव इतिहास में पहली बार दक्षिणी ध्रुव-एटकेन बेसिन नामक एक विशाल गड्ढे में बीजिंग के स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजकर 23 मिनट पर उतरा. चांग'ए-6 में एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक है. इस मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है. सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने बताया कि सबसे जटिल प्रयास में से एक चंद्रमा की सतह पर उतरने के लिए बाधाओं का पता लगाने के लिए एक स्वायत्त दृश्य बाधा निवारण प्रणाली का इस्तेमाल किया गया. एक लाइट कैमरा ने चंद्रमा की सतह पर उजाले और अंधेरे के आधार पर अपेक्षाकृत सुरक्षित उतरने के लिए एक स्थान का चयन किया. चांग'ए-6 मिशन को चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने एकत्रित करके लौटने का जिम्मा दिया गया है जो अपने आप में पहला प्रयास है.

> ▪ मिट्टी-चट्टान के नमूने लेगा

## छत्तीसगढ़ में आठ नक्सलियों ने किया सरेंडर

**भाषा। सुकमा**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था. पुलिस ने यह जानकारी दी. एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया. उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की.

अधिकारी ने बताया कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान 'पूना नर्कोम' (नई सुबह, नई शुरुआत) से भी प्रभावित हुए थे. उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले आठ नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्हें कथित तौर पर सड़कें काटने, माओवादी पर्चे और पोस्टर लगाने एवं सुरक्षाकर्मियों की जानकारी प्राप्त करने और माओवादियों के लिए अवैध उगाही करने का काम सौंपा गया था. आत्मसमर्पण करने वालों में से महिला नक्सली वेट्टी मासे (42) पर दो लाख रुपये का इनाम था. उन्होंने बताया कि तीन अन्य नक्सलियों सागर उर्फ देवा मडकम (31), पोडियाम नांदे (30) और सोढ़ी तुलसी (32) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था.

### बीजापुर में आईईडी विस्फोट, एक घायल

**बीजापुर ।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को कथित तौर पर नक्सलियों द्वारा किये गये आईईडी विस्फोट में 22 वर्षीय एक युवक घायल हो गया . पुलिस ने यह जानकारी दी . नक्सलियों ने दाबयुक्त इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को पहले से ही लगा रखा था . एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब पीड़ित (छुटवाई गांव निवासी माडवी नंदा) अपने ट्रैक्टर से तर्रेम की ओर जा रहा था .

### बंगाल में चुनाव के बाद भाजपा कार्यकर्ता की हत्या

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में चुनाव के बाद हुई हिंसा में कुछ लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दी. भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ता की हत्या का आरोप लगाया है. हालांकि, तृणमूल ने दावा किया है कि यह हत्या पारिवारिक कलह का नतीजा है. घटना जिले के उत्तरी हिस्से के कालीगंज में उस समय हुई जब भाजपा कार्यकर्ता हफीजुर शेख शनिवार रात अन्य लोगों के साथ कैरम खेल रहे थे. आरोप है कि 10-12 लोग मोटरसाइकिल पर आए और शेख की गोली मारकर हत्या कर दी. स्थानीय लोगों ने दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शन किया और पुलिस को शव उठाने नहीं दिया.

## ट्रेन के मालगाड़ी से टकरा जाने से दो 'लोको पायलट' हुए घायल

**संवाददाता । फतेहगढ़**

पंजाब के सरहिंद रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह एक खड़ी मालगाड़ी से एक अन्य मालगाड़ी के टकरा जाने से दो लोको पायलट (ट्रेन चालक) घायल हो गए. राजकीय रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि टक्कर के कारण उनमें से एक का इंजन दूसरी पटरी पर चला गया और एक यात्री ट्रेन से टकरा गया. उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में लोको पायलट विकास कुमार और हिमांशु कुमार घायल हो गए.


दुर्घटना में क्षतिग्रस्त ट्रेन की बोगियां.

### महमूद अहमदीनेजाद ने नामांकन दाखिल किया

**दुबई।** ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद ने राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया. देश के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर हादसे में मृत्यु के बाद वहां राष्ट्रपति चुनाव कराए जा रहे हैं. अहमदीनेजाद के नामांकन से सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई दबाव में आएंगे. अहमदीनेजाद ने 85-वर्षीय सर्वोच्च नेता को खुली चुनौती दी थी और 2021 के राष्ट्रपति चुनाव में भाग लेने की उनकी कोशिशों को अधिकारियों ने विफल कर दिया था. उन्होंने ऐसे वक्त में अपना नामांकन दाखिल किया है, जब ईरान और पश्चिमी देशों के बीच तेहरान के परमाणु कार्यक्रम, रूस को हथियार देने और असंतुष्टों पर कार्रवाई को लेकर तनाव बढ़ रहा है.

**चर्चा में** हाल ही में अपनी फिल्म 'पटना शुक्ला' को लेकर लाइमलाइट में आयी थीं एक्ट्रेस

# रवीना टंडन पर बुजुर्ग महिला से मारपीट का आरोप

**एजेंसी। मुंबई**

बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन हाल ही में अपनी फिल्म 'पटना शुक्ला' को लेकर लाइमलाइट में आयी थीं. एक बार फिर एक्ट्रेस चर्चा में बनी हुई हैं. हालांकि इस बार वो अपनी फिल्म को लेकर नहीं बल्कि पर्सनल लाइफ में नेगेटिव कारणों को लेकर चर्चा में है. रवीना टंडन और उनके ड्राइवर पर एक बुजुर्ग महिला समेत तीन महिलाओं के साथ मारपीट का आरोप लगा है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हो रहा है. यह वीडियो मोहम्मद शेख नाम के शख्स ने डाला है.

शेख का आरोप है कि रिजवी लॉ कॉलेज के पास नशे की हालत में रवीना टंडन और उनके ड्राइवर ने बुजुर्ग महिला पर हमला किया है.


मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर हुआ वायरल.

**मोहम्मद शेख का आरोप-4 घंटे से पुलिस स्टेशन में खड़े, लेकिन केस नहीं ले रही पुलिस :** वायरल वीडियो में मोहम्मद कह रहे हैं कि मेरी मां, बहन और भांजी रिश्ते के लिए गये थे कहीं पर. वापसी में रवीना टंडन के घर के पास से लौट रहे थे.

रवीना टंडन के ड्राइवर ने मेरी मां के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी. आगे कहा कि जब उन्होंने उनसे सवाल किया तो वह गाड़ी से बाहर निकले और उनकी भांजी को असॉल्ट किया और बहुत मारा, उनकी मां को भी मारा. जब रवीना टंडन गाड़ी से बाहर निकलीं तो वह नशे की हालत में थीं और उन्होंने उनकी मां को मारा, उनकी मां का पूरा सिर फट गया. उनकी भांजी को मारा. उसका भी सिर फट गया है. कहा कि 4 घंटे से वो पुलिस स्टेशन में खड़े हैं. लेकिन कोई उनका केस लेने को तैयार नहीं है.

#### भीड़ झूठे आरोपों के आधार पर रवीना टंडन के साथ मॉब लिंचिंग की कोशिश कर रही थी

रवीना टंडन की सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को कुछ लोग झूठ बता रहे हैं . सुनन्दना रॉय का कहना है कि मुस्लिम भीड़ ने झूठे आरोपों के आधार पर रवीना टंडन और उनके ड्राइवर के साथ मॉब लिंचिंग करने की कोशिश की . बुर्का पहनी एक महिला ने आरोप लगाया कि उसे और उसकी मां को रवीना टंडन की कार ने टक्कर मारी . लेकिन सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि कोई लापरवाही नहीं बरती गयी या उसकी कार से कोई चीज नहीं टकरायी . जिहादियों की गुंडागर्दी बंद होनी चाहिए!

## असम : बाढ़ से 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग प्रभावित

**गुवाहाटी। भाषा**

असम में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है और 10 जिलों में छह लाख से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ गया, जिससे कई क्षेत्रों में प्रभावित हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया. कोपिली, बराक और कुशियारा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बाढ़ के कारण हैलाकांडी होजाई, मोरीगांव, करीमगंज, नागांव, कछार, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, कार्बी आंगलोंग पश्चिम और दीमा हसाओ जिलों में कुल 6,01,642 लोग प्रभावित हुए हैं. अधिकारियों ने बताया कि 28 मई से अब तक बाढ़ और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है.

### नागांव में 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित

नागांव सबसे अधिक प्रभावित जिला है, जहां 2.79 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए, जबकि होजाई में 1,26,813 और कछार में 1,12,265 लोग प्रभावित हुए हैं . राज्य में 40, 000 से अधिक लोगों ने राहत शिविरों में शरण ली है . राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), स्थानीय प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा बचाव और राहत अभियान चलाया जा रहा है . अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में सड़क और रेल संपर्क बाधित हो गया है .

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)